6th वार्षिकोत्सव विशेषांक
मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष तृतीया 07:25 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

रविवार, 23 नवंबर 2025, वर्ष 4, अंक 100, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये





शीतकालीन सत्र के लिए 10 विधेयक सूचीबद्ध, उच्च शिक्षा आयोग विधेयक भी शामिल- 12





श्रम संहिता से मजबूत होगा देश का निर्यात तंत्र - 12





ध्वजारोहण को लेकर दुल्हन की तरह सज रही रामनगरी - 03





गुवाहाटी टेस्ट में कुलदीप यादव ने कराई भारत की वापसी - 14


## शुभकामना संदेश

दैनिक **अमृत विचार** के छह वर्ष पूर्ण होना केवल एक औपचारिक पड़ाव नहीं, बल्कि निरंतर उत्कृष्टता, मेहनत और जनविश्वास की एक उल्लेखनीय यात्रा है। इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई।



कम समय में आपने जिस निष्ठा और संतुलन के साथ पत्रकारिता के अपने कर्तव्य को निभाया है, वह प्रशंसनीय है। समाचारों की सत्यता, विचारों की सार्थकता और जन सरोकारों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने आपको पाठकों का भरोसेमंद मंच बनाया है। आज बरेली, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, हल्द्वानी और अयोध्या में प्रकाशित होकर आप एक व्यापक पाठक वर्ग के लिए विश्वसनीय सूचना का स्रोत बने हैं।

लोकतंत्र में मीडिया केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने वाली महत्वपूर्ण शक्ति है। जनहित के मुद्दों को तथ्यपरक और रचनात्मक ढंग से उठाने में आपकी भूमिका सराहनीय रही है। सुशासन, पारदर्शिता और विकास के मुद्दों पर आपकी दृष्टि ने संवाद की गुणवत्ता को मजबूत किया है।

मुझे विश्वास है कि इसी भावना के साथ आगामी समय में भी आप सकारात्मक और निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका और सशक्त करते रहेंगे।

अमृत विचार के सम्पूर्ण परिवार को भविष्य के लिए . शुभकामनाएँ। सतत प्रगति करें और नई ऊंचाइयों को स्पर्श करें।



**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश**

# घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी

## जिलाधिकारियों को सीएम योगी के निर्देश- जिले में बनाएं निरुद्ध केंद्र

- **कहा- कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च स्थान पर रखें**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सरकार घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि घुसपैठियों की पहचान कर उन पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने घुसपैठियों को हिरासत में रखने के लिए सभी जिलों में अस्थाई निरुद्ध केंद्र भी बनाने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा है कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और राज्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिले का प्रशासन अपने क्षेत्र में मौजूद घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करें और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू करें। अवैध घुसपैठियों को हिरासत में लेने और निरुद्ध करने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में अस्थाई निरुद्ध केंद्र बनाने के भी निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में संगम क्षेत्र का निरीक्षण किया।

विदेशी नागरिकता वाले अवैध प्रवासियों को इन निरुद्ध केंद्रों में ही रखा जाएगा और सुनिश्चित किया जाएगा कि आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वे वहीं रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिटेंशन सेंटरों में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश वापस भेजा जाएगा।

### माघ मेले में 15 करोड़ श्रद्धालु करेंगे स्नान : योगी

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि प्रयागराज में तीन जनवरी से प्रारंभ हो रहे माघ मेले का दायरा 2024 के मेले की तुलना में बढ़ाया गया है और इस बार मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने मेला प्राधिकरण के सभागार में समीक्षा बैठक के बाद कहा, प्रदेश के सभी विभागों को आयोजन से जोड़ा गया है। लोक निर्माण विभाग संपर्क मार्गों के साथ सात अस्थाई पुल का निर्माण करेगा। जल निगम 242 किमी लंबी पेयजल पाइप लाइन और 85 किमी की सीवर लाइन बिछाएगा ताकि एक बूंद भी दूषित जल गंगा या यमुना में ना जाने पाए। 20-20 बिस्तरों के दो अस्पताल बनाए जा रहे हैं, 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए जाएंगे। क्षेत्र में 17 थाने, 42 पुलिस चौकियां, 20 दमकल गाड़ियां, सात अग्निशमन चौकियां और 20 अग्निशमन निगरानी टावर, एक जल पुलिस थाना, एक जल पुलिस नियंत्रण कक्ष और चार जल पुलिस उप नियंत्रण कक्ष होंगे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

- सभी जिलों में प्रशासन करेगा अवैध घुसपैठियों की पहचान और सत्यापन।
- प्रशासन, पुलिस व खुफिया विभाग को संयुक्त अभियान चलाने का निर्देश।
- प्रत्येक जिले में अस्थाई डिटेंशन सेंटर (निरुद्ध केंद्र) स्थापित किए जाएंगे।
- सभी डिटेंशन सेंटरों में अनिवार्य रूप से होंगी सुरक्षा व बुनियादी सुविधाएं।
- फर्जी दस्तावेज और नेटवर्क चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई का निर्देश।

## इस साल भी नहीं बढ़ेंगी बिजली दरें

- **नियामक आयोग ने खारिज किया प्रस्ताव, यथावत रहेंगी वर्तमान दरें**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के साढ़े तीन करोड़ बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। राज्य में इस वर्ष भी बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। यह लगातार छठा वर्ष है जब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला गया है। नियामक आयोग के अनुसार अभी वर्तमान दरें ही यथावत रहेगी।

यूपी पावर कॉरपोरेशन ने इस बार बिजली की नई दरें बढ़ाने का प्रस्ताव नियामक आयोग के सामने रखा था। यूपी विद्युत नियामक आयोग ने इस प्रस्ताव को पूरी तरह खारिज कर दिया। आयोग के इस निर्णय के बाद उपभोक्ताओं को राहत मिली है। नियामक आयोग ने बहुमंजिला इमारतों और टाउनशिप से जुड़े मामलों के समाधान के लिए एक अलग कंसल्टेशन पेपर भी जारी किया है, ताकि इनसे संबंधित जटिलताओं का ठोस समाधान निकाला जा सके।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, ये विरासत भी न हो जाए गुमनाम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


# विकास मानदंडों पर पुनर्विचार करे दुनिया

## मोदी ने जोहानिसबर्ग में जी- 20 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक विकास मानदंडों पर गहन पुनर्विचार का शनिवार को आह्वान करने के साथ मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल तथा एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल बनाने का प्रस्ताव रखा। मोदी ने जी-20 नेताओं की बैठक के उद्घाटन सत्र में कहा कि जी-20 ने लंबे समय से वैश्विक वित्त और विकास को आकार दिया है, लेकिन प्रचलित मॉडलों ने बड़ी आबादी को संसाधनों से वंचित किया है और प्रकृति के अति-दोहन को बढ़ावा दिया है और ये चुनौतियां अफ्रीका में तीव्रता से महसूस की जा रही हैं।

मोदी ने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत को भी प्रस्तुत किया और इसे भारत के सभ्यतागत मूल्यों का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि यह विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाने का मार्ग दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने पर ध्यान केंद्रित करना अधिक उपयुक्त है, क्योंकि यह महाद्वीप प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन का शिकार रहा है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार, जी-20-अफ्रीका कौशल विकास पहल, जी-20 वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रतिक्रिया टीम और मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने पर जी-20 पहल समेत चार अग्रणी नई पहलों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोहानिसबर्ग में अपनी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी समेत कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात की।

### आइए मिलकर भयावह नशा आतंक गठजोड़ को करें कमजोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी, विशेषकर फेंटानिल जैसे अत्यंत खतरनाक पदार्थों के प्रसार की चुनौती से निपटने के लिए भारत ने मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा, आइए मिलकर इस भयावह नशा आतंक गठजोड़ को कमजोर करें। मोदी ने कहा, इस पहल से तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने, अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने और आतंकवाद के लिए प्रमुख वित्तपोषण स्रोत को कमजोर करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, स्वास्थ्य आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते समय जब हम मिलकर काम करते हैं, तो हम और भी मजबूत होते हैं। हमारा प्रयास साथी जी20 देशों से प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम तैयार करना होना चाहिए, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत तैनाती के लिए तैयार रहें।

मोदी ने 'समावेशी और सतत आर्थिक विकास, जिसमें कोई पीछे न छूटे' विषय पर आयोजित सत्र में कहा, अब हमारे लिए अपने विकास मानदंडों पर पुनर्विचार करने और समावेशी एवं सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। भारत के सभ्यतागत मूल्य, विशेष रूप से 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत, आगे बढ़ने का मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि विश्वभर में अनेक समुदाय पर्यावरण-संतुलित, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध तथा सामाजिक रूप से एकजुट जीवनशैली को संरक्षित रखते हैं।

इससे पहले जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले शासनाध्यक्षों ने शनिवार को अमेरिका की अड़चन के बावजूद एक घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग मामलों के मंत्री रोनाल्ड लामोला ने सरकारी प्रसारक 'एसएबीसी' के साथ बातचीत में इस घोषणापत्र को बहुपक्षवाद की पुष्टि करार दिया।

### पारंपरिक ज्ञान भंडार के निर्माण का प्रस्ताव

प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 के अंतर्गत एक वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार के निर्माण का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सभी क्षेत्रों में प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के दृष्टिकोण के साथ जी20-अफ्रीका कौशल विकास का भी प्रस्ताव रखा, जिसे सभी जी20 भागीदारों द्वारा समर्थित और वित्तपोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा सामूहिक लक्ष्य अगले दशक के भीतर अफ्रीका में 10 लाख प्रमाणित प्रशिक्षक तैयार करना होना चाहिए।

### रामाफोसा ने नमस्ते कहकर किया स्वागत

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने शिखर सम्मेलन स्थल पर मोदी का 'नमस्ते' कहकर स्वागत किया। मोदी को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस जैसे वैश्विक नेताओं के साथ अनौपचारिक रूप से बातचीत करते देखा गया।

## तौकीर के करीबी आरिफ का अवैध कॉम्प्लेक्स और शोरूम जमींदोज



जगतपुर रोड पर मो . आरिफ का अवैध कॉम्प्लेक्स ध्वस्त करती बीडीए की टीम।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पीलीभीत रोड पर तिमंजिले शोरूम और पुराना शहर में दो मंजिला कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर**
- **बीडीए ने 11 अक्टूबर जारी किया था नोटिस, समयसीमा खत्म होते ही की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** शहर में दो माह पहले हुए बवाल के मुख्य आरोपी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी फाहम लॉन के मालिक मो. आरिफ की करोड़ों रुपये की सील संपत्तियों को शनिवार को बीडीए ने बुलडोजरों से जमींदोज करना शुरू कर दिया। अधिकारियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पीलीभीत रोड स्थित तिमंजिला शोरूम और पुराना शहर में दो मंजिला कॉम्प्लेक्स पर शाम तक बुलडोजर चला।

बीडीए की टीम पहले जगतपुर स्थित मो. आरिफ के दोमंजिला अवैध कॉम्प्लेक्स पर पहुंची। यहां दो मंजिला कॉम्प्लेक्स में बिना नक्शा पास कराए 16 दुकानें बनाई गई थीं। बीडीए ने 11 अक्टूबर को नोटिस जारी किया था, लेकिन आरिफ ने कोई जवाब नहीं दिया। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद शनिवार को पुलिस बल के साथ तीन बुलडोजर लेकर पहुंची बीडीए की प्रवर्तन टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ पंकज श्रीवास्तव मौके पर मौजूद रहे।

दूसरी ओर पीलीभीत बाईपास रोड स्थित आरिफ के ही तीन मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर भी तीन बुलडोजर के साथ बीडीए की टीम पहुंची। पीएसी और पुलिस ने पूरे एरिया को घेर लिया। इस दौरान शोरूम में दुकानें चलाने वाले भी पहुंच गए। उन्हें दुकानों से सामान निकालने की मोहलत दी गई। दुकानों से सामान निकालने में करीब दो घंटे का वक्त लगा जिसके बाद बीडीए टीम ने बुलडोजर से पहले शटर तोड़ा और फिर पूरी इमारत को ढहाना शुरू कर दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### पुंछ में खाई में गिरने से जेसीओ की मौत

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के एक जूनियर कमीशन्ड अधिकारी (जेसीओ) की गलती से फिसलकर गहरी खाई गिर जाने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सूबेदार शुक्रवार शाम को बेहरामगल्ला के सेरी मस्तान इलाके में एक तलाश अभियान दल का नेतृत्व कर रहे थे तभी एक खड़ी ढलान पर चढ़ते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह खाई में गिर गए। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने राहत अभियान शुरू किया और जेसीओ को मृत पाया। कानूनी और चिकित्सीय औपचारिकता पूरी होने के बाद जेसीओ के शव को अंतिम संस्कार के लिए उनके गृह नगर भिजवा दिया गया।

### ब्राजील: पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो गिरफ्तार

**साओ पाउलो।** ब्राजील की संघीय पुलिस ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को गिरफ्तार कर लिया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया, जब तख्तापलट की कोशिश के लिए उनकी 27 साल की जेल की सजा अगले सप्ताह शुरू होने वाली थी। बोल्सोनारो (70) के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति को राजधानी ब्रासीलिया में पुलिस फोर्स मुख्यालय ले जाया गया। बोल्सोनारो का नाम लिए बिना फोर्स ने एक बयान में कहा कि उसने ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की। बोल्सोनारो 2019 से 2022 तक ब्राजील के राष्ट्रपति रहे थे।

### तेलंगाना:37 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी के समक्ष शनिवार को 37 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से तीन शीर्ष स्तर के माओवादी थे। रेड्डी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में तीन राज्य समिति के सदस्य कोय्यदा सांबैया (49) उर्फ आजाद, अप्पासी नारायण उर्फ रमेश (70), और मुचाकी सोमादा हैं। सांबैया और नारायण तेलंगाना समिति से संबंधित हैं, जबकि सोमादा माओवादियों की दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति का हिस्सा था। इन माओवादियों ने एक एके-47 राइफल, दो एसएलआर राइफल, चार 303 राइफल, एक जी3 राइफल और 346 राउंड गोलियां सौंपी।

## दिल्ली में आईएसआई से जुड़े हथियार तस्कर किए गिरफ्तार

- **उत्तर भारत में संगठित गिरोहों को करते थे उच्च गुणवत्ता वाले विदेशी हथियारों की आपूर्ति**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह नेटवर्क पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आने वाले विदेशी हथियारों की आपूर्ति दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब में संगठिक आपराधिक गिरोहों को करता था। इन शामिल तुर्किये निर्मित पीएक्स-5.7 मॉडल का इस्तेमाल सिर्फ स्पेशल फोर्स करती हैं।

पुलिस के अनुसार, हथियारों की तस्करी पाकिस्तान से विशेष ड्रोन के जरिए की जा रही थी जो रडार से बचने के लिए कम ऊंचाई पर उड़ने में सक्षम थे। सीमा के उस पार स्थित तस्कर हथियारों की खेप रात के समय पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के संवेदनशील हिस्सों में पूर्व-निर्धारित जीपीएस स्थानों पर गिराते थे। इस खेप को उठाकर सुरक्षित ठिकानों तक ले जाया जाता था और फिर उसकी आपूर्ति पूरे देश के अपराध नेटवर्क को की जाती थी।

**ऐतिहासिक होंगे ये पल** | रामनगरी में मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी, संघ प्रमुख भागवत, राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत 7500 मेहमान बनेंगे गवाह

# वेद मंत्रों के साथ शिखर पर स्थापित होगा केसरिया ध्वज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी में 25 नवंबर का दिन सुनहरा इतिहास बनने जा रहा है। राम मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ केसरिया ध्वज स्थापित किया जाएगा। ध्वज-दंड पर ध्वज चढ़ते ही 10 सेकेंड तक शंखनाद की ध्वनि गूंजेगी। जिसके बाद पूरे परिसर में आसमान से फूलों की वर्षा होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित करीब 7500 खास मेहमान इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। राम मंदिर के शिखर पर ध्वज स्थापना के लिए शनिवार को एक बार फिर ध्वज आरोहण का अंतिम ट्रायल किया गया। राम मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष सजावट के साथ सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं। पूरा आयोजन वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न होगा। राम मंदिर ट्रस्ट व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने इसे रामलला के महाप्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों की शृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि यह क्षण न केवल मंदिर निर्माण यात्रा का मील का पत्थर होगा, बल्कि दुनिया भर के राम भक्तों के लिए भावनात्मक और आध्यात्मिक उर्जा का केंद्र भी बनेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने कहा कि ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां बहुत अच्छी चल रही है। ध्वज चढ़ाने का ट्रायल सफल हो गया है।



### द्वितीय दिवस पूजन में श्रीराम सहस्त्रनामार्चन

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में होने वाले ऐतिहासिक ध्वाजारोहण कार्यक्रम के लिए शनिवार को दूसरे दिन विधि विधान से पूजन किया गया। एक हजार तुलसी पत्र से भगवान श्रीराम का सहस्त्र नामार्चन हुआ। आचार्यों द्वारा पहले दिन की भांति ही गणपति पूजन, पंचांग पूजन, षोडष मातृका पूजन के बाद मंडप प्रवेश पूजन कराया गया। इसके बाद योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, वास्तु पूजन, नवग्रह पूजन, और प्रधान मंडल के रूप में रामभद्र मंडल व अन्य मंडलों का आह्वान पूजन हुआ। यजमान ट्रस्ट के डॉ . अनिल मिश्र व अन्य यजमानों ने पूजन किया। मुख्य आचार्य चंद्रभान शर्मा, उपाचार्य रविंद्र पैठणे, यज्ञ के ब्रह्मा व आचार्य पंकज शर्मा ने पूजन कराया। पूजन व्यवस्था प्रमुख आचार्य इंद्रदेव मिश्र व आचार्य पंकज कौशिक की देखरेख में अनुष्ठान हुए।

# विश्वस्तरीय होगी यूपी की चिकित्सा व्यवस्था



स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी, लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और सुदूर क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए योगी सरकार 8.5 वर्षों से मिशन मोड में काम कर रही है। 'स्वास्थ्य सबका अधिकार' नारा नहीं, बल्कि डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में 9 करोड़ से भी अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये का चिकित्सा सुविधा दिया गया है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर स्थित लोग पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न रहें। 'एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज' के संकल्प के तहत प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों का विस्तार किया गया है। हर जिले में डायलिसिस, सी.टी. स्कैन की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ हेल्थ एटीएम स्थापित किये गये हैं। इसी क्रम में प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क व मेडटेक पार्क मूर्त रुप ले रहे हैं। प्रदेश अपनी सुदृढ़ रणनीतियों, नीतिगत पहल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से एक नवीन युग की ओर तेजी से अग्रसर है। यह परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार की दूरदर्शिता, मजबूत प्रतिबद्धता तथ जनहितैषी दृष्टिकोण का सशक्त प्रतिफल है। सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश आज बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने में अग्रणी राज्य बन चुका है।



विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश 2047

प्रदेश के विकास के लिए अपने विचार और संकल्प साझा करने के लिए अभी क्यूआर कोड स्कैन करें या इस वेबसाइट पर विजिट करें।

http://samarthuttarpradesh.up.gov.in

## वर्ष 2047 तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक लक्ष्य

- सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता
- स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण
- फार्मा और मेडटेक हब का विकास
- स्वास्थ्य कार्यबल का समग्र विकास
- स्वास्थ्य में एआई और जीनोमिक्स का प्रयोग
- डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों का क्रियान्वयन

## 8.5 सालों में बेहतर होती स्वास्थ्य सुविधाएं



हर गरीब परिवार को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क सुरक्षा कवच मिला। अब तक 56.30 लाख लाभार्थियों को मिला उपचार लाभ

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत देश में सर्वाधिक 5.21 करोड़ लाभार्थियों के कार्ड बनाये गये, अब तक लगभग 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी आच्छादित

एडवांस लाइफ सपोर्ट सेवा की 250, नेशनल एंबुलेंस सेवा की 2,270 एवं 108 सेवा के तहत 2,200 एंबुलेंस संचालित

| प्रदेश के सभी पीएचसी में हेल्थ एटीएम की स्थापना | प्रदेश में 5,000 नये स्वास्थ्य उप केंद्रों की स्थापना | राज्य में 13.18 करोड़ आभा हेल्थ अकाउंट के निर्माण के साथ उत्तर प्रदेश देश में है प्रथम स्थान पर |
|---|---|---|

- आयुष्मान भारत योजना प्रदेश के अंतर्गत प्रदेश में 5,834 अस्पताल (जिसमें 2,949 सरकारी और 2,885 निजी अस्पताल शामिल) सूचीबद्ध
- राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना लागू
- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 6.81 लाख क्षय रोगी पंजीकृत, निक्षय पोषण योजना अंतर्गत इन रोगियों के इलाज के साथ 500 रुपये प्रतिमाह का हो रहा भुगतान
- प्रदेश के दूरदराज के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा टेली कंसल्टेशन की व्यवस्था, अब तक 3.64 करोड़ मरीज लाभान्वित
- प्रदेश के 75 जनपदों में जिला चिकित्सालयों में डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध
- मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में अब तक 13.50 करोड़ मरीजों का उपचार
- निःशुल्क डायग्नोस्टिक सेवा के अंतर्गत प्रदेश के 74 जनपदों में सी.टी. स्कैन सेवा उपलब्ध








## चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते कदम

- 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' नीति के अंतर्गत प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज संचालित
- गोरखपुर में योग एवं नैचुरोपैथी में उत्कृष्ट शोध को बढ़ावा देने हेतु महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना
- गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन
- अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय की स्थापना
- वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना
- लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय संचालित






- प्रदेश में वर्तमान में 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी एवं 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही 8 आयुर्वेदिक कॉलेज एवं उनसे संबद्ध चिकित्सालय, 2 यूनानी कॉलेज एवं उनसे संबद्ध चिकित्सालय तथा 9 होम्योपैथिक कॉलेज एवं उनसे संबद्ध हुई चिकित्सालय संचालित
- एमडी, एमएस और डिप्लोमा सीटों की संख्या 900 से बढ़ाकर 1,871 हुई, निजी क्षेत्रों में कुल 2,100 पीजी सीटें हैं उपलब्ध
- सरकारी क्षेत्रों में 5,250 एम.बी.बी.एस. सीट, निजी क्षेत्र में 6,550 एम.बी.बी.एस. सीट तथा पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेजों में एम.बी.बी.एस. की 350 सीटें उपलब्ध
- नर्सिंग में 7,000 सीट्स और पारामेडिकल क्षेत्र में 2,000 सीटों की वृद्धि
- प्रदेश में कुल 31 नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थापना की गई

ADVERTORIAL

**न्यूज ब्रीफ**

### अवध विवि की परीक्षाएं 2 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की सत्र 2025-26 स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक की परीक्षा 21 जनवरी व परास्नातक की परीक्षा 16 दिसम्बर तक होगी। इस संबंध में परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.rmlu.ac.in पर और समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन पर अपलोड है। स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम भी शीघ्र जारी किए जायेंगे।

### खाड़ी देशों में रोजगार के अवसर

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में जॉब एंड ग्रोथ ऑपच्यरुनिटीज विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता क्लाउड डाइमेंशन टेक्नोलॉजी दुबई के सेल्स निदेशक राहुल पांडेय ने कहा कि खाड़ी देशों में विभिन्न प्रकार के अवसर मौजूद हैं। भारतीय छात्रों में क्षमता विकास के साथ विदेश में नौकरी के अवसर आसान हो जाते हैं। उन्होंने क्लाउड डाइमेंशन में छात्रों को जॉब का ऑफर दिया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो. हिमांशु सिंह, प्रो. राना रोहित सिंह, डॉ. प्रवीण राय, डॉ. आशुतोष पांडेय आदि मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल को मिली दो व्हीलचेयर

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिला अस्पताल को दो व्हील चेयर दान स्वरूप मिली है। जगन्नाथ जायसवाल की स्मृति में उनके पुत्र गौरव, सौरभ व कृष्णा जायसवाल ने इमरजेंसी पहुंच चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी को भेंट की। इस दौरान चिकित्सक डॉ. आशीष पाठक, फार्मासिस्ट संजय गुप्ता, प्रबंधक राजेंद्र तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

# 5000 मंदिरों पर फहराए जाएंगे केसरिया ध्वज

## राम मंदिर ट्रस्ट ने नागरिकों से भी की ध्वज फहराने की अपील

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** राम मंदिर शिखर पर ध्वज स्थापना के साथ ही अयोध्या आज सामूहिक उत्सव का केंद्र बनने जा रही है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शहर के सभी संत-महंतों से अपील की है, जिसके तहत अयोध्या के 5000 मंदिरों पर केसरिया ध्वज फहराए जाएंगे। इसके अलावा ट्रस्ट ने अयोध्या के आम नागरिकों से भी अपने घरों पर ध्वज फहराने की अपील की है, ताकि पूरा शहर राम भक्ति के रंग से सराबोर दिखे।

ध्वज फहराने की इस मुहिम पर ट्रस्ट का कहना है कि यह सिर्फ एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि रामलला के प्रति आस्था और एकता का सामूहिक प्रदर्शन है। सुबह से ही शहर के मंदिरों में तैयारियां शुरू होंगी और संत-महंत ध्वज स्थापना के कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। पूरे शहर में दीप, पुष्प और ध्वज के समन्वय से एक भव्य दृश्य उभरकर आएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने कहा कि ध्वजारोहण का कर्यक्रम अद्वितीय होगा। समाज के सभी वर्ग के लोग इसे अपनी आंखों से देखेंगे। उस दिन इस कार्यक्रम का दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण होगा। कहा कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार उस दिन सभी अपने मंदिरों में, स्थानों पर भी ध्वजारोहण करेंगे। संत अपने मंदिरों का ध्वज बदलेंगे।

हनुमान गढ़ी के महंत संजय दास ने कहा कि प्रधानमंत्री का यदि हनुमान गढ़ी पर आगमन हुआ, तो वहां पर भव्य स्वागत होगा। हनुमान गढ़ी मंदिर पर हनुमान जी महाराज स्वयं ध्वज के साथ विराजे है। हम लोग भी अपने स्थानों पर ध्वज की स्थापना करेंगे।



राम मंदिर के शिखर पर श्री राम विवाह का सुंदर दृश्य।

### जयपुर से आया एक डीसीएम लड्डू प्रसाद

**अयोध्या।** राम मंदिर में ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद देश दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं व राम भक्तों को भी लड्डू प्रसाद वितरित किया जाएगा। जिसको लेकर एक बार फिर देश के अलग-अलग क्षेत्र से लड्डू तैयार कर भेज रहे है। इसी क्रम में जयपुर से एक डीसीएम भर प्रसाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया गया। जिसे 26 नवंबर से आने वाले प्रत्यक्ष श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा। ट्रस्ट के मताबिक प्राण प्रतिष्ठा की तरह ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रसाद वितरित करने के लिए आगे आ रहे है। यह लोगों की भावनाओं का सम्मान करते है।

### नगर विधायक ने किया आह्वान, झालरों से सजाए घर, जलाएं घी के पांच दीपक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय लोगों से अपील की है कि 25 नवंबर को सभी सुबह से घर में भगवा ध्वज फहराएं। शाम होते ही पांच घी का दीपक घर, आंगन और मंदिर में प्रज्वलित किया जाए। परिवार संग बैठकर राम नाम संकीर्तन करें। विधायक ने भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव संग विजय राम शक्ति स्मारक इंटर कॉलेज, कादीपुर, निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज, कर्मा, ग्रामोदय महाविद्यालय रामपुर सर्धा सहित राम पथ पर पैदल भ्रमण कर व्यापारियों व आमजन से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या सूर्यवंश की राजधानी है। भगवान सूर्य को लाल रंग प्रिय है, इसलिए पुष्प सज्जा और लाइटिंग में लाल रंग का विशेष रूप से प्रयोग किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री के ध्वजारोहण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण परिवार सहित अवश्य देखें। जनसम्पर्क के दौरान अरविंद सिंह, कपिल वर्मा, दिनेश, संतोष सिंह, राम अनुज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### मंदिरों में रस्मों रिवाज के साथ शुरू हुआ श्री राम विवाह

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में भगवान श्री राम माता जानकी के विवाह उत्सव की परंपरा रस्मो रिवाज के साथ प्रारंभ हो गई। तेल पूजन, हल्दी रस्म और मेहंदी रस्म कों पुरा करते हुए 25 नवंबर को देर शाम घोड़ा, हाथी और बैंड बाजा के साथ राम बारात निकाली जाएगी। बड़ी संख्या में अयोध्यावासी बाराती बनेंगे। मुख्य रूप से इस उत्सव का भव्य आयोजन दशरथ महल, कनक भवन, रंग महल, राम बल्भाकुंज, मणिराम दास छावनी, चारु शिला मंदिर, जानकी महल, विभूति भवन, रामहर्षणकुंज में होने वाले उत्सव को देखने के लिए दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचे है। अयोध्या के सभी मंदिरों शनिवार को रामार्चा पूजन के साथ उत्सव का शुभारंभ हुआ। वहीं जानकी महल में गणेश पूजन, के बाद भोग प्रसाद लगाया गया। रविवार को को 2 बजे फुलवारी लीला होगी जिसमें अयोध्या के दर्जनों संत महंत विराजमान होंगे, 24 को सुबह 10 बजे हल्दी, तिलक और महंदी रस्म को निभाया जाएगा। वहीं 25 नवम्बर को न्यौछावरी नेग, मुकलावा नेग, शाम को घुड़चढ़ी बारात निकाली जाएगी। ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया ने बताया कि विवाह महोत्सव का आरंभ रामार्चा पूजन से हुआ है और 26 नवंबर को कलेवा के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि श्री जानकी महल ट्रस्ट में सीता के बिना श्रीराम की कल्पना नहीं की जाती, इसलिए सीताराम मिलन का यह महापर्व यहां अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है।



रामपथ पर लगे वृक्षों पर लगी रंग-बिरंगी झालरें।

## दुल्हन की तरह सज रही रामनगरी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राममंदिर में 25 को होने वाले ध्वजारोहण को लेकर रामनगरी को दुल्हन की तरह सजाया संवारा जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश के तीन मार्ग श्रीराम जन्मभूमि पथ, क्रॉसिंग नंबर- 3 व 11 पर सुगंधित फूलों से भव्य गेट बनाया जा रहा है। रामपथ पर लगे वृक्षों पर लग रही रंग बिरंगी लाइटें आकर्षक का केंद्र बन रही है। अयोध्या वासियों ने अपने घरों में घी के दीपक भी जलाने की तैयारी की है। वेदों, पुराणों में वर्णित है कि जब राम अयोध्या लौटे थे, तब पूरी नगरी दीपों, पुष्पों और ध्वजों से सजी थी। वही चित्र आज आधुनिक अयोध्या में साकार होता दिख रहा है। इस शुभ कार्य से पूर्व अयोध्या को सजाने संवारने की कवायद तेज हो गई है। रामपथ पर लगे डिवाइडरों की रंगाई पुताई हो व चुकी है। धर्मपथ, आगमन पथ, चूड़ामणि चौराहे से हाईवे तक जाने वाले मार्ग के दोनों किनारों पर सुगंधित फूलों के गमले लगाए जा रहे हैं। रामकथा पार्क, लता चौक, उदया चौराहा, चूड़ामणि चौराहा समेत अन्य प्रमुख स्थानों को भगवा रंग के कपड़े से सजाया जा रहा है। प्रयास इस तरह का है कि पूरी अयोध्या दुल्हन की तरह सजी नजर आए।



रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाता तुलसी उद्यान।



क्रॉसिंग नंबर-तीन पर फूलों से गेट बनाते कारीगर। अमृत विचार

### फिक्की फ्लो की महिलाओं ने किये रामलला के दर्शन



**अयोध्या, अमृत विचार :** फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित थर्ड गवर्निंग बॉडी मीटिंग एवं इंटरस्टेट 2025 कार्यक्रम के तहत देश भर की फ़िक्की फ्लो डेलिगेशन उद्यमी महिलाएं शनिवार को अयोध्या पहुंची। सभी ने भगवान रामलला के दर्शन किये। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुप्तार घाट पर उनका स्वागत किया। यहां आयोजित दीपदान कार्यक्रम के दौरान सभी ने माँ सरयू की आरती उतारी। मीडिया से बात करते हुए महिलाओं ने कहा पीएम मोदी और सीएम योगी ने केवल एक व्यक्ति को नहीं सभी धर्म को जगाया है। उनको आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। जिसका अयोध्या एक सिंबल बन गया। अयोध्या हमारे लिए सनातन धर्म का प्रतीक है। भगवान राम हमारे आदर्श और सरयू मां शक्ति का प्रतीक है। अयोध्या की निवेदिता सिंह और फिक्की फ्लो लखनऊ की अध्यक्ष वंदिता अग्रवाल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा, उपाध्यक्ष पूजा, सिमरन साहनी, आरुषि अग्रवाल, विभा अग्रवाल, स्वाति वर्मा, स्मृति गर्ग समेत लगभग 150 महिलाएं शामिल थीं।

### अवध महोत्सव खेल और संस्कृति मेला 12 जनवरी से

**गोसाईगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** गोसाईगंज में यंगस क्लब समिति के तत्वावधान में 12 से 15 जनवरी तक अवध महोत्सव खेल एवं संस्कृति मेले का आयोजन किया जाएगा। क्लब के सदस्य सचिव गिरजा शंकर सिंह ने बताया कि यह आयोजन ग्राम ऋषि अकेदमी इंटरनेशनल के प्रांगण में होगा। महोत्सव की शुरुआत 12 जनवरी को पुरुष एवं महिला वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता से होगी। 13, 14 और 15 जनवरी को ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन प्रस्तावित है। इसमें भारतीय वायुसेना, नौसेना, एनआर रेलवे दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब पुलिस, यूपी पुलिस तथा एनई रेलवे गोरखपुर की टीमें हिस्सा लेंगी। महोत्सव के मुख्य संरक्षक भाजपा के पूर्व सांसद व एमएलसी हरिओम पांडे होंगे, जो वॉलीबॉल खेल के संयोजक भी हैं। मेले के अध्यक्ष आरसी. वर्मा, प्रबंधक दलजीत नारंग और वित्त नियंत्रक रवि वर्मा के अनुसार इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## अयोध्या की प्राकृतिक सुंदरता को निखारना प्राथमिकता : दिनेश प्रताप

**अयोध्या कार्यालय**



**बोले, उद्यान मंत्री, लिया ध्वजारोहण तैयारियों का जायजा**

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व साथ में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

**अमृत विचार :** अयोध्या की प्राकृतिक और आध्यात्मिक सुंदरता को और निखारना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रामनगरी को विश्वस्तरीय तीर्थ स्थल बनाने के क्रम में शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों, मंदिर परिसरों और सार्वजनिक स्थलों को रंग-बिरंगे फूलों, पौधों और पेड़ों से सजाया जा रहा है। सड़कों के डिवाइडर, सर्किल और उद्यानों में विशेष फूलों की क्यारियां बनाई जा रही हैं, जिससे पूरे शहर में फूलों की खुशबू और हरियाली का अद्भुत संगम दिखाई देगा। यह बातें उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कही।

वह शनिवार को अयोध्या पहुंचे और 25 नवंबर को होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, मार्ग प्रकाश और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उनके पास जनता के सामने रखने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है। इसलिए वह केवल राजनीति से प्रेरित बयानबाजी और अफवाहें फैला रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के लिए देश के सभी प्रमुख नेताओं को निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन कुछ विपक्षी नेताओं ने जानबूझकर कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। यह उनकी संकीर्ण सोच का परिचय था। सांसद अवधेश प्रसाद का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने का मतलब सिर्फ कुर्सी पर बैठना नहीं है। क्षेत्र की जनता ने जिन्हें चुना है, उन्हें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की व सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे करने के निर्देश दिए।

### हादसे में स्कूल प्रबंधक की मौत

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार।** रौनाही थाना क्षेत्र के जुबेरगंज बाजार के पास कार की चपेट में आने से बाइक सवार एक स्कूल प्रबंधक की मौत हो गई। जगनपुर गांव निवासी व दुजाना पब्लिक स्कूल के प्रबंधक इनकिसार खान (56) पुत्र मुजीबुर्रहमान शनिवार को अपनी बाइक से नगर पंचायत खिरौनी के कटरौली में स्थित अपने स्कूल जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जुबेरगंज पशु बाजार के पास अयोध्या से लखनऊ की तरफ आ रही एक कार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया दुर्घटना करने वाली कार को पकड़ लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**व्यवस्था** | ध्वजारोहण समारोह के दौरान आपात स्थिति के लिए भी स्वास्थ्य विभाग तैयार

# मोदी-भागवत सहित वीवीआईपी का ब्लड रिजर्व

- अस्थायी शिविरों के अलावा बड़ी संख्या में उतारे हैं चिकित्सक

**पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब 25 नवंबर को भव्य ध्वजारोहण समारोह होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत स्वयं राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। देश की अन्य नामचीन हस्तियां भी इस आयोजन का साक्षी बनेंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों ने अपनी ताकत झोंक दी है। खास तौर पर स्वास्थ्य विभाग बड़ी कार्ययोजना के तहत कार्य कर रहा है। मोर्चे पर चिकित्सक व अस्थायी शिविरों के व्यवस्था तो हैं ही। आपात स्थिति के लिए ब्लड के भी मुकम्मल इंतजाम कर रहा है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने देश-दुनिया की नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजा है। सूत्रों के अनुसार बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, सोनू निगम व अन्य कई बड़ी हस्तियां इस समारोह में शिरकत कर सकती हैं। अयोध्या एयरपोर्ट पर 30 से 35 निजी जेट और चार्टर्ड विमानों के उतरने की संभावना है, जिससे साफ है कि भारी संख्या में अतिविशिष्ट मेहमान पहुंच रहे हैं।

सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य आपातकालीन तैयारियां भी चाक-चौबंद कर दी गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा के समय अपनाई गई व्यवस्था को ही दोहराया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में ब्लड भी निहित रहता है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सरसंघचालक मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सभी प्रमुख वीवीआईपी के ब्लड ग्रुप का ब्लड पहले से ही सिक्योर्ड कर लिया गया है। प्रत्येक वीवीआईपी के लिए दो से तीन यूनिट ब्लड सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा ए, बी, ओ व एबी पॉजिटिव ब्लड का चार यूनिट आरक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर अगर किसी भी वीवीआईपी का ब्लड जिले में नहीं मिलता है तो उसे आस-पास के जिलों से मंगाया जाता है।



जिला अस्पताल में बनाया गया अत्यंत विशिष्ट अतिथियों के लिए उपचार कक्ष।

#### ओटी के पास बना सेफ हाउस

जिला अस्पताल में ही जनरल ओटी के पास सेफ हाउस बनाया गया है। इस सेफ हाउस में पूरी तरह कॉर्पोरेट अस्पतालों की तरह सुविधा रखी गई है। इसमें बेड के साथ ऑक्सीजन कॉन्सेन्ट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, बीपी मशीन व मॉनिटर, ईसीजी मशीन व अन्य आकस्मिक सुविधाएं आरक्षित की गई हैं।

#### फ्लीट के साथ की एंबुलेंस में रहता है ब्लड

अक्सर वीवीआईपी दौरों में देखा जाता है कि फ्लीट के साथ एंबुलेंस भी चलती है। इस बार भी कार्यक्रम में शामिल होने वाले वीवीआईपी की फ्लीट के पीछे एक एंबुलेंस रहेगी। उसमें चिकित्सकों के अलावा उक्त वीवीआईपी के ग्रुप का ब्लड भी रहता है।

CHANDIGARH UNIVERSITY
Discover. Learn. Empower.
ONE YEAR MAKES NEWS.
THREE YEARS MAKE HISTORY.
India's No. 1 Private University for Three Consecutive Years
2026 QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA
ASIA RANK #109
Cementing its illustrious legacy of academic excellence and cutting-edge research, Chandigarh University has proudly retained its prestigious distinction as India's No. 1 Private University for the third consecutive year in the coveted QS Asia University Rankings 2026. This momentous accomplishment reflects our sustained excellence across key ranking parameters such as Academic Reputation, Employer Reputation, and International Research Network, while also reaffirming our steadfast commitment to students' success.
PLACEMENT HIGHLIGHTS 2024-25
1100+ Companies Visited for Recruitment | 9000+ Placement Offers | ₹1.7 CRORE Highest Package (International) | ₹54.75 LAKH Highest Package (National)
REGISTER FOR cucet COMMON ENTRANCE TEST https://cucet.cuchd.in
Chandigarh University Common Entrance Test (CUCET) is a national-level, merit-based scholarship-cum-entrance exam that is mandatory for admission to Engineering, MBA, Pharmacy, MCA, LLM, and Integrated Law programs at Chandigarh University. CUCET, offering scholarships worth ₹250 crore, also presents a significant opportunity for students across all programs to secure up to a 100% scholarship for their higher education.
SCHOLARSHIPS WORTH ₹250 CRORE
Scan QR Code to Avail Scholarship
CAMPUS: NH-05, Chandigarh-Ludhiana Highway, Gharuan, Mohali, Punjab
+91 99159-99224, 1800 1212 88800 | Website: www.cuchd.in
LUCKNOW CAMPUS: Lucknow-Kanpur Highway-27, Unnao, Uttar Pradesh | www.culko.in | 96460-01222

# वॉकथॉन से छात्राओं ने धर्मपथ पर दिया स्वच्छता का संदेश

**धर्मध्वजारोहण समारोह के पूर्व जागरूकता की पहल, महापौर ने नगर आयुक्त संग की अगुवाई**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर निगम ने शनिवार को वॉकथॉन का आयोजन कराया। धर्मपथ पर सैकड़ों छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। सुबह लगभग 10 बजे शुरू हुए वॉकथॉन की अगुवाई महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ की। अवध विश्वविद्यालय से जुड़े एनसीसी कैडेट के अलावा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की 251 छात्राओं ने हिस्सा लिया।


धर्मपथ पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ वॉकथॉन निकालतीं छात्राएं।

नयाघाट स्थित लता चौक से शुरू हुआ वॉकथॉन बाईपास स्थित अयोध्या प्रवेश द्वार पर पहुंचकर समाप्त हुआ। यहां छात्राओं से संवाद कर महापौर ने स्वच्छता संबंधी टिप्स दिए। उन्हें अपने घर, स्कूल तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छ अयोध्या, सुंदर अयोध्या, कूड़ा कूड़ेदान में, प्लास्टिक की नहीं कोई शान, मिटा दो उसका नामोनिशान आदि नारे लगाए। नगर निगम एवं लाडली फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पार्षद अनुज दास, महेंद्र शुक्ल, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडे, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, अवध विश्वविद्यालय के प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. अंशुमान, डॉ. प्रतिभा, डॉ. गरिमा, जीआईसी की प्राचार्य कुसुमलता, आकाश सिंह आदि शामिल रहे।

## 44 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**अयोध्या।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आरबीएसके टीम द्वारा संदर्भित बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप अधीक्षक डॉ. अपर्णा कोहली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। डॉ. इकबाल ने बताया की कुल 44 बच्चों का स्वास्थ्य प्रबंधन किया गया, जिसमें 12 बच्चों का नेत्र जांच डॉ. प्रदीप तिवारी नेत्र सर्जन, 30 किशोरियों का स्वास्थ्य चेकअप डॉ.आकांक्षा वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ.पारुल द्वारा किया गया। जनसमाज इंटर कॉलेज दिगम्बरपुर, जीजीआईसी सलोनिया, आरडी इंटर कॉलेज व एआईटी इंटर कॉलेज जगनपुर के बच्चों ने प्रतिभाग किया। एसबी वर्मा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, रंजीत कुमार सहायक शोध अधिकारी, विनय शुक्ला बीपीएम व अन्य उपस्थित थे।

## आपस में भिड़ी दो बाइकें पांच लोग घायल

**शुजागंज, अयोध्या, अमृत विचार।** रुदौली कोतवाली क्षेत्र के शुजागंज बाजार स्थित गया दत्त राजनरायण जन विकास इंटर कॉलेज के पास शनिवार को दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।


शुजागंज में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइक को उठाते लोग।

पहली बाइक पर एक युवक और युवती सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर तीन लोग थे, जिनमें एक युवती बाइक चला रही थी। घायलों में एक युवक राजू, जो हरिहरपुर बैलाईया गांव का निवासी था, अपनी पत्नी के साथ ससुराल आया था। दूसरी बाइक पर सवार तीनों लोग, जिसमें एक युवती और उसकी मां-बहन थी। शुजागंज चौकी पुलिस के मुख्य आरक्षी अनुज कुमार व आरक्षी आशीष कुमार ने घायलों जिला अस्पताल पहुंचाया।

# माटी रतन सम्मान से नवाजे जायेंगे जेसिंता, शिवमूर्ति व फरहान हनीफ

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा दिए जाने वाले अवध के प्रतिष्ठित लोक सम्मान माटी रतन पाने वाले विशिष्ट लोगों की घोषणा कर दी गई है। वर्ष 2025 के लिए यह सम्मान झारखंड की प्रसिद्ध समाजसेवी जेसिंता केरकेट्टा, हिंदी के प्रख्यात कथाकार शिवमूर्ति व उर्दू के साहित्यकार मुंबई के फरहान हनीफ को दिया जाएगा। इसकी घोषणा संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने शनिवार को एक होटल सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।


माटी रतन सम्मान की जानकारी देते शहीद शोध संस्थान के निदेशक सूर्यकांत पांडेय व अन्य।

उन्होंने बताया कि सम्मान काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह एवं शहादत दिवस 19 दिसंबर को भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। इसके साथ शहादत दिवस पर दिए जाने वाले शांति सिंह स्मृति छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र गुरुकुल से सिद्धार्थ पाण्डेय, यतीमखाना से मोहम्मद कैफ़ मूक-बधिर से अमन हैं। बताया कि 13 दिसंबर को प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। गीता देवी स्मृति निबंध प्रतियोगिता और डॉ. शैलेश पाण्डेय स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 11 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक मनोहर लाल इंटर कालेज में होगा। परीक्षा प्रतियोगिता संयोजक वरिष्ठ अध्यापक दान बहादुर सिंह तथा केंद्र व्यवस्थापक विद्यालय के प्राचार्य होगें। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष जफर इकबाल, उपाध्यक्ष जसबीर सिंह सेठी, मंत्री विश्व प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान आदि लोग मौजूद थे।

## नियंत्रित दवाओं का उपयोग हो सकता है घातक : प्रो. शैलेन्द्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व सूक्ष्मजीव जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत अवध विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए एंटीबायोटिक उपयोग एवं एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस विषय पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने पेनिसिलिन की खोज, उसके ऐतिहासिक विकास तथा आधुनिक चिकित्सा में उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि इन नियंत्रित दवाओं का गलत उपयोग गंभीर सामाजिक एवं चिकित्सकीय समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। वक्ताओं ने एंटीबायोटिक की कार्यप्रणाली, उचित खुराक, अनियंत्रित प्रयोग के दुष्परिणाम तथा विश्व स्तर पर बढ़ रही प्रतिरोधक क्षमता के खतरों के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की रूपरेखा फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर श्रीवास्तव द्वारा निर्धारित की गई।

# सामूहिक खेलों में कौशल व तकनीक महत्वपूर्ण : कुलपति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** व्यक्तिगत खेलों में सामूहिक खेलों से ज्यादा कौशल एवं तकनीक महत्वपूर्ण है। मानसिक तत्परता पर शारीरिक क्रियाएं आधारित होती हैं। बॉक्सिंग जैसे खेल में एक्सप्लोसिव स्ट्रैंथ का विशेष महत्व है। ये बातें शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहीं। वह विवि के आवासीय परिसर स्थित अरुणिमा सिन्हा एमेनिटी सेंटर में आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग महिला-पुरुष प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने विभिन्न महाविद्यालय से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।


अवध विवि में अंतर महाविद्यालयीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का खिलाड़ियों को ग्लब्स देकर उद्घाटन करते कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह।

- अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

क्रीड़ा परिषद सचिव प्रो.आशीष प्रताप सिंह ने बताया प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की 25 टीमों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व क्रीड़ा सचिव आवासीय परिसर प्रो. सुरेन्द्र मिश्र ने कुलपति एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक विक्रमादित्य यादव व सौरभ कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ. अनुराग पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# स्टाफ पर लगाया पैसे लेकर ऑपरेशन करने का आरोप

अयोध्या कार्यालय।

- महिला अस्पताल में स्टाफ, नर्स व आया के खिलाफ सीएम से शिकायत

**अमृत विचार :** महिला अस्पताल के स्टाफ व नर्स पर पैसे लेकर ऑपरेशन करने का लगा है। पीड़ित की ओर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

थाना इनायतनगर के ग्राम सराय मजरा डीह निवासी विवेक कुमार ने बताया कि उनके मरीज को 25 सितंबर को महिला चिकित्सालय में प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था, जिसका सीजर ऑपरेशन किया गया। आरोप है कि ओटी में स्टाफ द्वारा पूछा गया कि मरीज के पास आयुष्मान कार्ड है। कार्ड दिखाने के बाद ओटी के स्टाफ नीलू चौधरी, स्टाफ नर्स और रामा देवी आया ने पांच हजार रुपये की मांग की । बहुत अनुनय विनय के बाद तीन हजार रुपये ले लिया गया। शाम को डॉ. किरन चंद्रा द्वारा ऑपरेशन किया गया, जिसकी शिकायत आईजीआरएस पर की गई थी, लेकिन ओटी स्टाफ पर बिना कार्रवाई किए शिकायत निस्तारित करने की कोशिश की गई। सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने बताया कि इस मामले में जांच आख्या सीएमओ को भेजी गई है। नीलू चौधरी को पहले ही वहां से हटा दिया गया है। पैसे के आरोप साबित नहीं हुए हैं।


तुलसी उद्यान में सायंकालीन शाखा लगाकर हिंदू राष्ट्र की पुनर्स्थापना का संकल्प लेती महिलाएं।

## राष्ट्र सेविका समिति ने लिया हिंदू राष्ट्र की पुनर्स्थापना का संकल्प

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्र सेविका समिति ने तुलसी उद्यान में सायंकालीन शाखा लगाकर हिंदू राष्ट्र की पुनर्स्थापना का संकल्प लिया। तिवारी मंदिर से जुड़ी वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित शाखा 90 मिनट चली, जिसमें 105 महिलाओं ने हिस्सा लिया। समिति की संस्थापिका लक्ष्मीबाई केलकर को याद किया गया। लक्ष्मीबाई केलकर की स्मृति दिवस पर आयोजित शाखा में खेल, प्रार्थना, योग, गण समता, वंदे मातरम, राष्ट्रगीत के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक, राजनीतिक पक्ष को मजबूत किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मंजूषा पांडेय ने राष्ट्र निर्माण में समिति की भूमिका एवं शाखा के आयोजन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका विभाग की कार्यवाहिका डॉ. अनामिका त्रिपाठी, डॉ. आभा सिंह, अमृता त्रिवेदी, मंजरी श्रीवास्तव, दर्शना, मान्या, मंजुला, रेखा, शालिनी आदि की सक्रिय भूमिका रही।

# कुलपति ने गोमती नदी में छोड़े 51 हजार मछलियों के बीज

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मात्स्यिकी महाविद्यालय द्वारा शनिवार को कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गोमती नदी में भारतीय मेजर कार्प की तीन प्रमुख प्रजातियों रोहू, कतला व नैन के कुल 51 हजार मत्स्य बीज छोड़े गये।

गोमती नदी में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मेजर कार्प प्रजातियों की संख्या में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। इस गिरावट को रोकने और नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जनन प्रदान करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर यह पहल की। कुलपति कर्नल प्रो. बिजेंद्र सिंह ने वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि गोमती नदी में मत्स्य प्रजातियों की वर्तमान स्थिति, जैव-विविधता एवं आबादी का वैज्ञानिक आकलन करने हेतु शोध छात्रों से व्यापक शोध कार्य कराया जाए।

इस मौके पर क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता छात्रों को कुलपति ने पुरस्कृत किया।कार्यक्रम में मात्स्यिकी महाविद्यालय के समस्त वैज्ञानिक, कर्मचारी तथा परास्नातक एवं शोध छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जनपद की 5 तहसीलों में 445 माध्यमिक विद्यालयों का सत्यापन शुरु

- एसडीएम की अध्यक्षता वाली समितियों में राजस्व कर्मी कर रहे हैं सत्यापन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए कार्यक्रम जारी हो चुका है। इस बीच जिले में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर कवायद शुरू हो गयी है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी द्वारा ही परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जाता है। इस बार जिले में किस विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा, यह कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद जिला स्तरीय समिति करेगी।

> कमेटियों की जांच आख्या प्राप्त होने के बाद ही परीक्षा केन्द्रों की संख्या के बारे में बताया जा सकता है। अभी सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।

फिलहाल जनपद में सभी 445 माध्यमिक विद्यालयों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।

अयोध्या में 30 राजकीय, 50 अशासकीय सहायता प्राप्त और शेष सभी वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन सभी विद्यालयों की जांच हो रही है। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिले की पांचों तहसीलों में कमेटी बनाई गयी है। इस कमेटी द्वारा मंगलवार तक अपनी जांच आख्या प्रस्तुत की जानी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही उसे यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। विगत वर्ष 2025 की परीक्षा में जनपद में कुल 77 हजार 582 छात्र-छात्राएं परीक्षा में पंजीकृत हुए थे। पिछले साल 109 केंद्रों पर परीक्षा करायी गयी थी। इस बार जिले में 2026 की परीक्षा के लिए कुल 79 हजार 206 परीक्षार्थी ही पंजीकृत हुए हैं। ऐसे में इस वर्ष 110 से 112 परीक्षा ही बनाये जाने की संभावना है। हालांकि परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है लेकिन यह पूरी जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद ही तय होगी। ऐसे दागी कॉलेज परीक्षा केंद्रों से अलग रखे जायेगे जहां विगत तीन वर्षों की परीक्षा के दौरान नकल अथवा सीसीटीवी आदि में अनियमितताएं पाईं गईं हो। इसके अलावा उन अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को भी पृथक रखा जाएगा। जहां बोर्ड के नियमों के अनुसार संसाधनों और अन्य स्टाफ का अभाव है और वहां नेटवर्क समस्या है, रिपोर्ट आने के बाद जिला स्तरीय समिति की बैठक होगी। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर अभी तिथि तय नहीं हुई है।

# झलकारी बाई का साहस युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार:** मां कामाख्या धाम नगर पंचायत रुदौली में शनिवार को वीरांगना झलकारी बाई कोरी का 195वां जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन-आदर्शों को याद किया। कहा कि झलकारी बाई का साहस, समर्पण और राष्ट्रभक्ति भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनका साहस युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा सोत्र है। विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। हाल ही में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की गई है। मां कामाख्या धाम परिसर में वीरांगना झलकारी बाई के नाम से भव्य धर्मशाला के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। यह धर्मशाला क्षेत्र की बड़ी जरूरत को पूरा करेगी और समाज को एक सम्मानजनक पहचान देगी। कहा कि हम मुख्यमंत्री को यहां आमंत्रित करेंगे ताकि वे झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण कर सकें।


वीरांगना झलकारी बाई कोरी की जयंती समारोह में चित्र देकर सम्मानित करते विधायक रामचंद्र यादव।

- वीरांगना झलकारी बाई कोरी का 195वां जयंती समारोह सम्पन्न

उन्होंने समारोह में उपस्थित कोरी समाज की महिलाओं व पुरुषों को वीरांगना झलकारी बाई की स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। साथ ही उन्होंने वहीं मौजूद लगभग 400 महिलाओं को कंबल वितरित कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में गायिका पूजा कौशल ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य वक्ता राधेश्याम त्यागी व विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार कोरी (एडवोकेट) ने वीरांगना के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। समारोह का आयोजन झलकारी बाई कल्याण समिति रुदौली द्वारा किया गया। संयोजन की जिम्मेदारी शीतला प्रसाद शुक्ला ने संभाली। कार्यक्रम में जियालाल कोरी, शांति देवी कोरी, मोनिका, चक्रवीर प्रताप मार्तंड, पवन कोरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**सुरक्षा-व्यवस्था**

**मार्गों पर की जा रही बेरिकेडिंग, नहीं चल सकेंगे किसी प्रकार के वाहन**

**कड़ी सुरक्षा के बीच राम मंदिर पहुंचेंगे वीवीआईपी**

# एयरपोर्ट से राम मंदिर तक आने के लिए तीन मार्ग आरक्षित

- राज्यपाल का हेलीकॉप्टर राम कथा पार्क के पीछे बने हैलीपैड पर उतरेगा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** ध्वजारोहण समारोह में आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को राम मंदिर तक पहुंचाने के लिए रामपथ समेत तीन मार्गों को आरक्षित रखा जाएगा। इन मार्गों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। संभावना है कि क्रॉसिंग नेबर-11 से सिर्फ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के लिए आरक्षित रखा जाएगा। अन्य अतिथि क्रॉसिंग नंबर तीन से राम मंदिर में प्रवेश करेंगे।


रामपथ के फुटपॉथ पर लगाई जा रही बेरिकेडिंग। अमृत विचार

प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से साकेत महाविद्यालय उतरने के बाद सड़क मार्ग से रामपथ पर निषाद राज चौराहा होकर क्रॉसिंग नंबर-11 से राम मंदिर में प्रवेश करेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से रामपथ पर उदया चौराहे से लता चौक तक के मार्ग को 24 नवंबर की शाम से ही आरक्षित रखा जाएगा। दूसरे विकल्प के रूप में एयरपोर्ट से हाईवे होकर महोबरा सर्विस लेन से चूड़ामणि चौराहा होते हुए लंगड़वीर रेलवे ओवरब्रिज होकर निषादराज चौराहे पर पहुंचने वाले सड़क मार्ग को रखा गया है। संभावना है कि इस मार्ग से अन्य विशिष्ट अतिथियों को राम मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। तीसरे विकल्प के रूप में एयरपोर्ट से हाईवे होते हुए साकेत पेट्रोल पंप से धर्मपथ-रामपथ होते हुए राम मंदिर पहुंचने वाला मार्ग है। संभावना है कि मुख्यमंत्री व राज्यपाल का हेलीकॉप्टर राम कथा पार्क के पीछे बने हैलीपैड पर उतरेगा। वह इस मार्ग से होते हुए राम मंदिर तक पहुंचेंगे। इसके अलावा अतिथियों को भी राम मंदिर तक पहुंचाने के लिए इस मार्ग का प्रयोग होगा। इसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से यह तीनों मार्ग सबसे प्रमुख हैं। इन तीनों मार्ग पर 24 नवंबर की शाम से सभी प्रकार के वाहनों के चलने से रोक लगा दी जाएगी। सीओ यातायात व सुरक्षा प्रभारी यलो जोन आशुतोष तिवारी ने बताया कि सभी विशिष्ट अतिथियों को कड़ी सुरक्षा के बीच राम मंदिर पहुंचाया जाएगा। साथ ही उनके ठहरने वाले स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम होंगे।

## विशिष्ट सुरक्षा में रहेगा उदया से लता चौक तक का मार्ग

रामपथ पर उदया चौराहे से लता चौक तक के मार्ग को अतिसंवेदनशील मार्ग को विशिष्ट सुरक्षा की श्रेणी में रखा गया है। इस मार्ग पर सड़क के दोनों ओर फुटपाथों पर लगी रेलिंग के ऊपर इस तरह से बैरिकेडिंग की जा रही है कि कोई इसे फांदकर सड़क पर न आ सके। साथ ही थोड़ी थोड़ी दूर पर सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती की जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों, प्रतिष्ठानों को भी कार्यक्रम समाप्त होने तक बंद रखने की तैयारी की गई है। इसके लिए व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की जा रही है। साथ ही इस मार्ग पर गलियों से जुड़ने वाले मार्गों पर भी द्विस्तरीय बैरिकेडिंग लगाई जा रही है।

## छतों पर नहीं खड़े हो सकेंगे मीडियाकर्मी, यू यूट्यूबर

रामपथ पर रानोपाली से लता चौक तक के मार्ग पर दोनों ओर बने मकान, दुकान, मंदिरों की छतों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। लोगों को चेतावनी दी गई है कि वह किसी भी मीडियाकर्मी, यू ट्यूबर, ड्रोन आदि उड़ाने वालों को अपने छतों पर न जाने दें। राम मंदिर के आसपास स्थित मंदिरों व करीब 500 मीटर की दूरी में बने मकान आदि पर भी यह प्रतिबंध लागू रहेगा। इसकी निगरानी के लिए प्रशासन ड्रोन कैमरों का प्रयोग करेगा। साथ ही स्थानीय थाना-चौकी पुलिस को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## एसपीजी से अयोध्या में डाला डेरा

प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर एसपीजी के अधिकारियों ने अयोध्या में डेरा डाल दिया है, शनिवार को भी अधिकारियों ने एयरपोर्ट, साकेत महाविद्यालय, राम मंदिर समेत पीएम के आने जाने वाले मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों को परखा। वहीं, गैर जनपदों से भी भारी संख्या में अधिकारी व पुलिस के जवानों ने अयोध्या में आमद करा ली है।

# जू. हाईस्कूलों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 24 नवंबर से ऑनलाइन आवेदन, 253 प्रधानाध्यापक और 1262 सहायक अध्यापकों की होगी भर्ती

**अमृत विचार :** अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में 253 प्रधानाध्यापक और 1262 सहायक अध्यापकों की लंबित भर्ती प्रक्रिया अब शुरू होने जा रही है। वर्ष 2021 में आयोजित परीक्षा और 6 सितंबर 2022 को जारी संशोधित परिणाम के बाद चयनित अभ्यर्थी लंबे समय से नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे थे। बेसिक शिक्षा विभाग ने आवेदन प्रक्रिया का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के अनुसार, 24 नवंबर से 14 दिसंबर तक पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट jhsaidedposting .upsdc. gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के बाद 23 दिसंबर को एनआईसी चयन सूची जारी करेगा। चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों से 24 से 30 दिसंबर तक विद्यालय विकल्प लिए जाएंगे। चयन और विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 10 जनवरी 2026 को सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजी जाएगी। इसके बाद 11 से 15 जनवरी तक बीएसए कार्यालयों में अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण पूरा होने पर 20 जनवरी 2026 तक संस्थागत प्रबंधन को नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश भेजे जाएंगे। नियुक्ति प्राधिकारी 30 जनवरी 2026 को नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 15 फरवरी 2026 तक अपने आवंटित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करना होगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एक माह के भीतर सभी अभिलेखों का सत्यापन पूर्ण किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए मान्य होंगे, जिन्होंने 2021 की संशोधित परीक्षा में सफलता हासिल की है। विभाग ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर विस्तृत सूचना प्रकाशित करने के निर्देश भी दिए हैं।

# संयुक्त निदेशक सहित चार अधिकारी किए गए निलंबित

## मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अफसरों पर हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विदेश में रहते हुए आजमगढ़ में मदरसा शिक्षक को वेतन-पेंशन देने के मामले में होगी वसूली

**अमृत विचार :** आजमगढ़ में मदरसा शिक्षक को विदेश में रहते हुए भी अनियमित वेतन, पेंशन और अन्य देयक दिए जाने का मामला सामने आने के बाद योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सहित चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। सभी पर शासकीय धन की हानि पहुंचाने, दस्तावेजों में अनियमितता और पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप हैं।

मामला दारूल उलूम अहिले सुन्नत मदरसा अशरफिया मिस्बाहुल उजूम, आजमगढ़ का है, जहां के पूर्व शिक्षक शमशुल हुदा खान ने दिसंबर 2013 में भारतीय नागरिकता छोड़कर ब्रिटेन की नागरिकता ले ली थी। इसके बावजूद वह विभागीय अधिकारियों और मदरसा प्रबंधन की मिलीभगत से 31 जुलाई 2017 तक वेतन और अन्य देयक लेता रहा। जांच में यह भी सामने आया कि उसे चिकित्सा अवकाश भी अनियमित रूप से स्वीकृत किए गए। एडीएम प्रशासन आजमगढ़ ने वर्ष 2022 में शमशुल खान के खिलाफ 16.59 लाख रुपये रिकवरी का आदेश जारी किया था। खान ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने रिकवरी आदेश निरस्त करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया। समिति में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक और मंडलीय उप निदेशक (अल्पसंख्यक कल्याण) शामिल थे। समिति की रिपोर्ट में सामने आया कि शमशुल खान नौकरी के दौरान ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, श्रीलंका, खाड़ी देशों और कई बार पाकिस्तान भी गया था। यात्राओं की प्रकृति संदिग्ध पाए जाने पर समिति ने उच्च स्तरीय जांच एजेंसी से पड़ताल कराने की सिफारिश की। एटीएस वाराणसी इकाई भी उसकी विदेश यात्राओं की पड़ताल कर चुकी है। समिति ने शमशुल को दिए गए अनियमित भुगतान की पूरी रिकवरी और इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है। शासन ने निलंबन आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि सरकारी धन के दुरुपयोग और

### बरेली में तैनात लालमन भी हुए निलंबित

मामले में शासन ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेष नाथ पांडेय, तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक अधिकारी आजमगढ़ (अब गाजियाबाद में तैनात) साहित्य निकष सिंह, तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आजमगढ़ (अब अमेठी में तैनात) प्रभात कुमार तथा तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आजमगढ़ (अब बरेली में तैनात लालमन को निलंबित किया है।

# दिव्य और भव्य होगा संगम का माघ मेला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज में की समीक्षा, आ सकते 15 करोड़ श्रद्धालु, 800 हेक्टेयर में विस्तार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में संगम क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मां गंगा एवं बड़े हनुमान जी का पूजन करने के बाद कहा कि माघ मेला दिव्य-भव्य संगम का नया अध्याय बनेगा। मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना के मद्देनजर पहली बार सात सेक्टर में 800 हेक्टेयर विस्तार करके महाकुंभ की तर्ज पर सभी सुविधाएं रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में मिले अनुभव और महाकुंभ के सफल आयोजन के आधार पर इस बार व्यवस्थाओं को और अधिक सुचारु, सुरक्षित और हाईटेक बनाया जा रहा है। पौष पूर्णिमा (3 जनवरी) से शुरू हो रहे मेले में मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख स्नानों पर भारी भीड़ के आने की संभावना है। सरकार ने अनुमान लगाया है कि इस डेढ़ महीने में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर सकते हैं। केवल कल्पवासी ही लगभग 20–25 लाख प्रतिदिन के हिसाब से पूरे महीने रहेंगे। पावर कॉरपोरेशन द्वारा 47 किमी एसटी और 360 किमी एलटी लाइन बिछाने के साथ 25 अस्थायी सबस्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग 20-20 बेड के दो अस्पताल, 12 पीएचसी, 5 आयुर्वेदिक, 5 होम्योपैथिक केंद्र और 50 एम्बुलेंस सेवा में लगाएगा।

### त्रिवेणी आरती और बड़े हनुमान मंदिर में किया पूजन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज में सबसे पहले रामबाग स्थित विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी के आवास पहुंचे और वहां श्रीविजय प्रद हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण–प्रतिष्ठा की। इसके बाद वे संगम नोज पहुंचे, जहां मां गंगा का पूजन, त्रिवेणी आरती और पक्षियों को दाना खिलाया। मुख्यमंत्री ने बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन–पूजन कर आरती उतारी। उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।






















**न्यूज ब्रीफ**

## गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर 25 को रहेगा अवकाश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर घोषित अवकाश की तिथि में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने नया आदेश जारी करते हुए बताया कि पहले 24 नवंबर को घोषित अवकाश अब 25 नवंबर को किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार जिले के सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालय मंगलवार को बंद रहेंगे।

## भूमि पर कब्जा रोकने गई महिला को धमकी

**कादीपुर, सुलतानपुर :** तवक्कलपुर नगरा गांव में जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शांति देवी पत्नी राम प्रसाद ने आरोप लगाया है कि विपक्षी जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। मना करने पर विपक्षी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## जान से मारने की धमकी का आरोप

**कादीपुर, सुलतानपुर :** भवानीपुर गांव में वोट की राजनीति को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि 13 नवंबर की शाम विपक्षीगण ने सुरेंद्र कुमार के घर में आग लगा दी, जिससे साढ़े सात हजार रुपए नकद और अन्य सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार सुबह फिर जाति सूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर ईंट-पत्थर व लाठी-डंडों से हमला किया गया। सुरेंद्र की तहरीर पर प्रेम प्रकाश, जय प्रकाश, विजय प्रकाश, रिंकू सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ। उधर, प्रेम प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने सुरेंद्र कुमार सहित चार नामजद व सात अज्ञात के विरुद्ध भी केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुरः** ननिहाल से लौट रहे दो बाइक सवार युवकों में से एक की सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि दूसरा घायल होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के कोहरा निवासी अमन (22) दोस्त विवेक (24) के साथ गुरुवार को अंबेडकर नगर के उकरा गांव स्थित ननिहाल आए थे। देर रात दोनों बाइक से घर की ओर लौट रहे थे। जैसे ही वे बेवाना थाना क्षेत्र के पास पहुंचे, बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जोरदार टकरा गई। टक्कर में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पुरानी रंजिश में दंपति पर रॉड से हमला, केस

**कादीपुर, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के खंडौरा गांव में पुरानी बातों को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक दंपती को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। संजीवन ने आरोप लगाया है कि 18 नवंबर की शाम करीब 6 :30 बजे गांव का ही एक विपक्षी उसके घर में घुस आया, उस समय उसकी पत्नी रेखा अकेली थी। शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। सुबह करीब 9 बजे गांव की एक दुकान पर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद नाराज़ विपक्षी ने लोहे की रॉड से संजीवन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी रेखा को भी पीटा गया। तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही ऋषि के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## करियर मेला संपन्न

**कादीपुर, सुलतानपुरः** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कादीपुर में करियर गाइडेंस कार्यक्रम के तहत करियर मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व करियर का चयन अपनी इच्छा, रुचि और क्षमता के अनुसार करना चाहिए, जिससे जीवन में निरंतर उन्नति मिल सके। विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को केवल एक पारंपरिक विकल्प तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि नए आयामों को चुनकर आगे बढ़ना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी विषय या व्यवसाय छोटा-बड़ा नहीं होता, बस प्रतिभा और रुचि के अनुरूप मेहनत जरूरी है।

# सुलतानपुर के दो युवकों को कर्नाटक पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पाकिस्तान को गोपनीय डाटा भेजने के आरोप में हुई है गिरफ्तारी, परिजनों को नहीं लगी भनक किस मामले में किया गया है गिरफ्तार

सुलतानपुर/गोसाईगंज


संतरी।


रोहित।


रोहित की मां और पत्नी ने कहा कि उसे फंसाया गया। अमृत विचार


संतरी के घर पहुंची पुलिस ने उसकी पत्नी से हासिल की जानकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पाकिस्तान को गोपनीय डाटा भेजने जैसे गंभीर आरोप में जिले के दो युवकों को कर्नाटक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी लगते ही परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि, दोनों युवकों को उनके घर से पुलिस 16 अक्टूबर को ही उठाई थी, जिसे अब जेल भेज दिया गया है। मामला गोसाईगंज और जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मैंधन गांव निवासी संतरी उर्फ चलाकी (37) पुत्र स्व बरसाती केरल में शिपयार्ड में काम करता था। बीते 29 अक्टूबर को वह घर आया था। 16 नवंबर को कर्नाटक पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। दो भाइयों में संतरी उर्फ चलाकी बड़ा तो छोटा भाई मंत्री है। उसके पिता बरसाती व मां नोनखरा की पहले ही मौत हो चुकी है। संतरी की पत्नी सोनी ने बताया कि पुलिस आई उन्हें लेकर चली गई है। कहा कि केरल ले जा रहे हैं। किस मामले में कार्रवाई कर रहे हैं इसकी जानकारी नहीं दी। सोनी ने बताया कि गुरुवार तक पुलिस वाले उसके पति से फोन पर बात करा रहे थे, लेकिन शुक्रवार को बताया कि उसे जेल भेज दिया गया है। अब बात नहीं हो पाएगी। दूसरा आरोपी गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव का रोहित (29) पुत्र लल्ले है। रोहित तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। घर पर उसकी मां, पत्नी रीमा व पांच साल की बेटी है। रोहित के पिता लल्ले केरल में ही रहते थे। लल्ले ही रोहित को केरल ले गए थे, जहां वह एक शिपयार्ड में काम करता था। रोहित के पिता लल्ले की मार्च में केरल में ही मौत हो गई थी। रोहित की पत्नी रीमा ने बताया किसी ने अपने को कंपनी का एम्पलाई बता कर उससे जानकारी ली थी।

**कर्नाटक पुलिस ने जब्त किया मोबाइलः** कर्नाटक पुलिस ने जब रोहित व संतरी का मोबाइल जब्त कर लिया तो दोनों घर चले आए थे। 29 अक्टूबर को जहां रोहित घर पहुंचा था तो वहीं संतरी भी घर पहुंचा था। 16 नवंबर को दोनों को कर्नाटक पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। वही दोनों युवकों के परिजनों का कहना है कि दोनों ने जानबूझकर गलती नहीं की है अनजाने में हुई गलती की सजा मिली है।

### दुबई भी जा चुका है संतरी

ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक संतरी जहां पहले केरल में रहता था वहीं वह दुबई भी गया था। संतरी की पत्नी सोनी ने बताया उसका पति 2015 में दुबई गया था। जहां से चार साल बाद 2019 में लौटा। ग्रामीणों ने बताया लौटने के बाद संतरी गांव के ही बगल में मारपीट कर ली। जिस पर उसके खिलाफ जयसिंहपुर कोतवाली में केस दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के चलते उसका वीजा निरस्त हो गया तो वह फिर 24 दिसंबर 2024 को केरल चला गया जहां से 29 अक्टूबर 2025 को लौटा था।

### पुलिस के जिम्मेदारों को नहीं पता

संवेदनशील मामले में कनार्टक पुलिस की इतनी बड़ी कार्रवाई के छह दिन बाद भी स्थानीय पुलिस व जिम्मेदार अधिकारी को भनक तक नहीं है। इस मामले में कई बार प्रयास के बाद भी एसपी से बात नहीं हो सकी। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि कर्नाटक पुलिस की कार्रवाई की जानकारी के बाद शनिवार को स्थानीय पुलिस दोनों के गांव जाकर नाम पता दर्ज कर जांच पड़ताल की है। कर्नाटक पुलिस यहां के युवाओं को क्यों ले गई है, इसकी जानकारी नहीं है।

## लूटी गई पिस्टल के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** डोभियारा गांव में दबिश के दौरान अयोध्या के कुमारगंज थाने की पुलिस टीम पर हमला कर सर्विस पिस्टल व मोबाइल लूटने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूटी हुई पिस्टल व मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किया है। हत्या के प्रयास के केस में दशरथ सिंह को पकड़ने कुमारगंज थाने के दरोगा अकील हुसैन, दरोगा भानू प्रताप शाही और कांस्टेबल उमेश गौतम सादे कपड़ों में पहुंचे थे। इस दौरान वांछित व उसके परिजनों ने टीम पर हमला कर दिया जिसमें तीनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावर दरोगा की सर्विस पिस्टल और मोबाइल फोन छीन ले गए थे। एसओ हलियापुर तरुण पटेल ने बताया पुलिस ने शिवम सिंह (26) पुत्र दशरथ, अखिलेश सिंह उर्फ अखिल (20) पुत्र दशरथ, प्रमिला सिंह (50) पत्नी दशरथ व शिवानी सिंह (24) पुत्री दशरथ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटी गई सर्विस पिस्टल भी बरामद कर ली है। पुलिस टीम अब फरार मुख्य आरोपी दशरथ सिंह की तलाश तेज कर दी है।

## नशीली दवाओं की सप्लाई का बड़ा खुलासा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। औषधि विभाग की रिपोर्ट के आधार पर शहर के गोलाघाट स्थित हिंदुस्तान मेडिकल एजेंसी के खिलाफ नगर कोतवाली में औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के दौरान यह सामने आया कि एजेंसी द्वारा करीब 34 हजार शीशियां कोडीनयुक्त कफ सिरप की सप्लाई की गई थी। इसके अलावा लाखों रुपये की नशीली कैप्सूलों का भी अवैध लेनदेन पाया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर राजू प्रसाद ने बताया कि सप्लाई से जुड़े बिल, वाउचर और अन्य दस्तावेजों का जब सत्यापन किया गया तो कई कागजात फर्जी पाए गए। दस्तावेजों में भारी अनियमितता मिलने के बाद एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। विभाग अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ी से कड़ी जोड़कर जांच में जुटा है, ताकि नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान हो सके।

## अमीना ताइक्वांडो एकेडमी में बेल्ट परीक्षा संपन्न

जिला संवाददाता सुलतानपुर


ब्लैक बेल्ट परीक्षा में शामिल खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अमीना ताइक्वांडो एकेडमी में आयोजित बेल्ट परीक्षाएं उत्साह व अनुशासन के साथ सम्पन्न हुईं। व्हाइट बेल्ट से लेकर रेड वन तक लगभग 60 खिलाड़ियों ने पूंजे, सेल्फ डिफेंस और ब्रेकिंग जैसी विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और नियमबद्धता के साथ परीक्षा पूरी की। एकेडमी की संचालक एवं नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट अमीना बानो ने बताया कि सभी ग्रेड की परीक्षाएं सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई हैं। अब केवल ब्लैक बेल्ट के लिए चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए लखनऊ भेजा जाएगा, जहां वे अपनी तकनीक, फुर्ती और आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन करेंगे। अमीना बानो ने कहा कि ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक मजबूती बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। अभिभावकों ने भी एकेडमी के प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिलता है, जिससे उनका समग्र विकास हो रहा है। अच्छे प्रशिक्षण और खिलाड़ियों की मेहनत के चलते एकेडमी जिले में ताइक्वांडो का प्रमुख केंद्र बनती जा रही है। चयनित खिलाड़ी ब्लैक बेल्ट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## डीजे वाहन की साइड लगने से अधेड़ गंभीर

**कादीपुर, सुलतानपुर :** डीजे की गाड़ी की साइड लगने से सातनपुर के मुन्नालाल (55) घायल हो गया। वह बाइक से कादीपुर से लौट रहा था। बरवारीपुर पेट्रोल टंकी से थोड़ी दूरी पर पीछे से आई डीजे गाड़ी ने उनकी बाइक में साइड मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पासपोर्ट नंबर N 5513135 में नाम SYYAD s/o NIYAZ ALI MOHAMMAD MOSIN है जो कि गलत है मेरा सही नाम SYYAD NIYAZ ALI s/o MOHAMMAD MOSIN है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। **सैय्यद नियाज अली पुत्र मोहम्मद मोसिन, ग्राम भगो्सर मशमूले कोयलखार, पोस्ट इटई, तहसील तुलसीपुर, जिला बलरामपुर**

## किराना व्यापारी की हत्या मामले में एक संदिग्ध हिरासत में

**संवाददाता कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर पांडेय के पुरा निवासी किराना व्यापारी राकेश कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बुधवार की रात राकेश कुमार की कादीपुर खुर्द देवाढ बाजार स्थित दुकान के सामने सोते समय डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। परिजनों द्वारा 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी न होने पर शुक्रवार को कादीपुर-चांदा मार्ग पर चार घंटे तक जाम लगाया गया। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी के लिखित आश्वासन के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। सीओ विनय गौतम ने बताया कि हत्यारोपियों के संबंध में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं और जल्द ही गिरफ्तारी व खुलासा किया जाएगा।

## ज्वेलरी दुकान से लाखों के आभूषण चोरी

**अखंडनगर, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के गोल्हनपारा बाजार में बीती रात चोरों ने ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए तिजोरी समेत लाखों के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी उड़ा ले गए। वारदात का खुलासा शनिवार सुबह लगभग 5 बजे उस समय हुआ, जब दुकान के मालिक सिकन्दर बक्स उर्फ श्यामू दुकान खोलने पहुंचे और देखा कि तिजोरी व आभूषण गायब हैं। मिली जानकारी के मुताबिक चोरों ने दुकान की दीवार में सेध लगाई और अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दुकान में रखी भारी तिजोरी को खिड़की के रास्ते बाहर निकाल ले गए। तिजोरी में लगभग ढाई किलो चांदी, करीब 100 ग्राम सोना, तथा लगभग 3000 रुपये नकद रखे हुए थे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। कहा प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट।**

संख्या: 1330 / जि0आ0 अ0/ चित्रकूट / अपील व आ0 सू0/2025-26/ दिनांक. नवम्बर 21. 2025

हिन्दी दैनिक अमृत विचार की 6वीं वर्षगांठ पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अपील/आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि युवाओं के बीच नशा का बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय है इस नशे की आदत से युवा वर्ग समाज के रचनात्मक विकास में अपना योगदान नहीं कर पा रहा है। ऐसी स्थिति में आप सभी से अपील है कि युवाओ को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक करे, ताकि युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन यापन करते हुए समाज के रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण सदस्य की भूमिका अदा कर सकें।

(अखिलेन्द्र बहादुर सिंह) जिला आबकारी अधिकारी चित्रकूट। | पुलकित गर्ग जिलाधिकारी चित्रकूट

**कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, सुलतानपुर।**

पत्रांक :— 1548/जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2025—26 दिनांक :— 22.11.2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ के शासनादेश संख्या—2025/3313/58—1—2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद सुलतानपुर में संचालित बाल विकास परियोजना अखण्डनगर, बल्दीराय, दोस्तपुर, कूरेभार, तथा पी0पी0 कमैचा के अन्तर्गत पूर्व विज्ञापित 158 आंगनवाडी कार्यकत्री के पदों में रिक्त रह गये 07 आंगनबाडी कार्यकत्रियों रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आँगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है—

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | परियोजना का नाम | पूर्व चयन प्रकिया से आच्छादित रिक्त आंगनवाडी कार्यकत्री के पदों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | योग |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1 | सुलतानपुर | अखण्डनगर | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 2 | सुलतानपुर | बल्दीराय | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 3 | सुलतानपुर | दोस्तपुर | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 4 | सुलतानपुर | कूरेभार | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| 5 | सुलतानपुर | पी0पी0 कमैचा | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | | | 3 | 0 | 4 | 0 | 7 |

उपरोक्त रिक्त पदों की ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, सम्बंधित तहसील एवं विकास खण्ड तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय बेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश—**

1—संविदा आधारित उक्त विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।

2—आँगनबाड़ी कार्यकत्री के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी तथा अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार होगी।

3—आँगनबाड़ी कार्यकत्री पद हेतु आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। दिनांक 01.07.2025 को आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु के सम्बन्ध में हाई स्कूल अंक पत्र/प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि मान्य होगी।

4— चयन में उसी ग्राम समा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला / विधिक तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला को वरीयता दी जायेगी।

5—विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण—पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा / परित्यकता के सम्बन्ध में सक्षम न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

6—विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाओं को वरीयता प्रदान की जायेगी।

7—गरीबी रेखा से नीचे की विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिलाएं/गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से ऊपर की विधवा महिला/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाएं।

8—उपरोक्तानुसार अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम समा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाएं।

9—निवास एवं जाति प्रमाण—पत्र के सम्बन्ध में तहसील से आनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण—पत्र ही मान्य होंगे जिनका ऑनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

10—आय प्रमाण—पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग—9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 3959/1—9—11—राज—9 दिनांक 30.09.2011 (यथा संशोधित) के कम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण—पत्र ही मान्य होगें जिनका आनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

11—आवेदन पत्र विभागीय बेवसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाईन व सही—सही सावधानीपूर्वक भरे जायेगें। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्व—हस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म किया गया होगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख/प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होगें। यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकडे/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णाक गलत या कूटरचित पाए जायेगे, तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा। त्रुटिरहित आवेदन पत्र पोर्टल पर भरने के लिए सम्बंधित अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगे।

12—ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 13.12.2025 होगी।

भवदीय,
(शरद कुमार त्रिपाठी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलतानपुर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर-अम्बेडकर नगर।**

पत्रांक: 810/न0पा0परि0ज0/अलाव हेतु लकड़ी/2025-26 दिनांक: 19.11.2025

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जलालपुर को राज्य वित/पालिका फण्ड के अन्तर्गत अलाव जलाने हेतु सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति की आवयकता है, जिसके लिए ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत है:-

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा देखने/डाउनलोड /खरीदने की तिथि | 25.11.2025 12:00 PM | 10.12.2025 01:00 PM |
| 2. | प्री-बिड मीटिंग | 02.12.2025 02:00 PM | -------------- |
| 3. | बिड समाप्ति की तिथि | ------------------ | 10.12.2025 01:00 PM |
| | बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 10.12.2025 02:00 PM |
| | वेबसाइट- | etender.up.nic.in | |

निविदा से संबंधित विवरण / शर्ते व अन्य जानकारी वेबसाइट- etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा के संबंध में किसी परिवर्तन/ संशोधन के लिए वेबसाइट का अवलोकन करते रहे अलग से विज्ञप्ति जारी नहीं की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जलालपुर
अम्बेडकरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जलालपुर
अम्बेडकरनगर।

## न्यूज ब्रीफ

### भवन निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत

**रुपईडीह** : ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेलिया कोट में हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने की शिकायत गाँव निवासी साकेत कुमार ने जिलाधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा आँगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में अनियमितता की जा रही है। ऐसी स्थिति में मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### पांच सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस

**बालपुर** : एसआईआर फॉर्म के वितरण में लगातार लापरवाही और कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने पर एडीओ पंचायत राजेश वर्मा ने पांच सफाईकर्मियों राजेश कुमार, योगेश प्रताप, मुन्नू, बाल्मीकि और ऊधौराम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एडीओ पंचायत राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि ये सभी कर्मचारी कई दिनों से अपने कार्यस्थलों पर अनुपस्थित पाए गए।

### स्पेल बी प्रतियोगिता में अभिजीत प्रथम

**खरगूपुर** : जिला स्तरीय पर स्पेल बी परीक्षा में इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सोमरही इटियाथोक के छात्र अभिजीत सोनकर ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्पेल बी प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जीकुआ में संपन्न हुई। जिसमें जिले भर के 64 छात्र शामिल हुए। प्रथम स्थान पर आये अभिजीत सोनकर को डायट प्राचार्य रामसागर त्रिपाठी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



### लेखपाल निलंबित

**करनैलगंज** : उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में लेखपाल मनोज कुमार चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसडीएम ने बताया कि उन्हें 27 सितंबर 2025 को कार्यालय से संबद्ध किया गया था, लेकिन वह कार्यभार ग्रहण किए बिना ही लगातार अनुपस्थित रहे। बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र 298 करनैलगंज के मतदाता सूची वृहद पुनरीक्षण में भाग संख्या 201 से 210 के सुपरवाइज़र के रूप में नियुक्त किए जाने के बावजूद उन्होंने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया, जिससे निर्वाचन संबंधी कार्य प्रभावित हुआ।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा 10 हजार का इनामी

**रुपईडीह** : अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कौड़िया थाने की पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार तिया है। पकडा गया लुटेरा काफी दिन से फरार था और उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आठ महीना पहले थाना क्षेत्र के कटुआ नाला गांव में हुई लूट की घटना में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि बीते 15 मार्च को कटुआनाला गांव के रहने वाले रामगोपाल ने थाने में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में कहा कहा था कि तीन अज्ञात लुटेरे लाठी, डंडा व तमंचा लेकर उनके घुस गए थे और मारपीट कर उनके घर में रखी ज्वैलरी और नगदी लूट ले गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने 19 मई को एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद थाना क्षेत्र के चयपुरवा गांव निवासी शमशेर अली उर्फ चूहा पुत्र ननकू का नाम प्रकाश में आया था लेकिन पुलिस उसे पकड़ने में विफल रही थी। पकड़े गए आरोपी से पास से 37 सौ रुपये बरामद किए गए हैं।

### जानलेवा हमले के चार आरोपित गिरफ्तार

**मनकापुर** : ग्राम दिनकरपुर में शुक्रवार को साइकिल की हैंडिल लगने पर दबंगों ने युवक की पिटाई कर दी। पिटाई से युवक बेहोश हो गया। पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बृजेश कुमार तिवारी ने थाना कोतवाली मनकापुर पर सूचना दी गई कि जब वह सुबह अपनी साइकिल पर खेत से वापस घर आ रहे थे तभी रास्ते में गफ्फार पुत्र महबूब के साइकिल का हैण्डल लग गया। जब उन्होंने विरोध किया तो गफ्फार, महबूब, मोहम्मद हुसैन व सहबान ने उसे जान से मारने की नीयत से सिर पर लाठी व सरिया से प्रहार कर दिया। बृजेश की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### नो बैग डे पर गतिविधि के माध्यम से हुई पढ़ाई

**गोंडा** : परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में शनिवार को नो बैग डे के मौके पर गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर रहा। इस दौरान बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। स्कूल के विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार को नो बैग डे पर स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# एसआईआर में लापरवाही बरतने वाले 68 कर्मी प्रशासन के रडार पर

## चिह्नित कर्मचारी शिक्षा विभाग, सफाई कर्मी, ब्लॉक कार्यालय से संबद्ध

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार**: मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले कुल 68 कर्मचारी प्रशासन के रडार पर आ गए हैं। करनैलगंज तहसील में ऐसे कर्मियों को चिन्हित कर अब उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने बताया कि करनैलगंज व कटरा विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर कार्य के लिए लगाए गए 760 कर्मचारियों को पिछले दो दिनों में विस्तृत जानकारी के साथ प्रशिक्षण दिया गया था और एक सप्ताह में 80 प्रतिशत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। शनिवार शाम हुई समीक्षा बैठक में 63 बीएलओ और 5 सुपरवाइजर ऐसे पाए गए जिन्होंने कार्य में गंभीर लापरवाही की। इन सभी को सूचीबद्ध किया जा रहा है। चिन्हित कर्मचारी शिक्षा विभाग, सफाई कर्मियों, ब्लॉक कार्यालय तथा बाल विकास परियोजना से संबद्ध हैं। एसडीएम ने बताया कि सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे प्राप्त गणना प्रपत्रों को प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाकर उनकी जानकारी लेकर समय पर जमा कराएं। उन्होंने आमजन से अपील की कि बीएलओ द्वारा दिए गए प्रपत्र को सही-सही भरकर वापस करें, ताकि आपके नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहें।



यदि जानकारी उपलब्ध न कराई गई तो नाम सूची से कटने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे भविष्य में मतदान सहित अन्य कार्यों में दिक्कतें हो सकती हैं।

### पुनरीक्षण कार्य के लिए खुले रहेंगे विद्यालय

**रुपईडीह** : विधानसभा निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य को समय से पूर्ण कराए जाने के लिए जिलाधिकारी के आदेशानुसार ब्लॉक के सभी कंपोजिट, पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय कल 23 नवंबर को खुले रहेंगे। ब्लॉक के बीईओ रियाज अहमद ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण युद्ध स्तर पर चल रहा है। ऐसी स्थिति में कल विद्यालयों में उपस्थित होकर सभी अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक एसआईआर फार्म भरवाने में बीएलओ का पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे।

# पुनरीक्षण के लिए छुट्टी में भी खुलेंगे स्कूल

संवाददाता, गोंडा

- बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन में सुस्ती, 4 दिसंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश
- पुनरीक्षण की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराज़गी

**अमृत विचार**: विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताई है और पुनरीक्षण कार्य को समय से पूरा किए जाने को लेकर छुट्टी के दिनों में भी स्कूल खुले रखने के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश में बीएलओ के साथ स्कूल के प्रधानाध्यापकों की उपस्थिति भी अनिवार्य की गई है और बिना अनुमति उनके मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन में सुस्ती को लेकर भी डीएम ने रोष व्यक्त किया है और 4 दिसंबर तक हर हाल में पुनरीक्षण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों को पंजीकृत मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त कर उन्हें बीएलओ ऐप पर डिजिटाइज करना था, परंतु 21 नवम्बर तक कार्य की प्रगति अत्यंत कम पाई गई। आयोग द्वारा 4 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, जिसे हर हाल में पूर्ण करना अनिवार्य है।

कार्य की महत्ता और समयबद्धता को देखते हुए जिलाधिकारी ने बड़े स्तर पर व्यवस्थाओं में सख्ती लागू की है। आदेश को क्रम मे 23, 25 एवं 30 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद जनपद के सभी विद्यालय खुले रहेंगे। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक को अपने विद्यालय में उपस्थित रहकर बीएलओ को गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में सहयोग देने के निर्देश दिया गया है।

इसके साथ ही चुनावी कार्य में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लगाए गए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि 4 दिसम्बर तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगा। बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील है और इसे किसी भी स्थिति में समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

# घर-घर जाकर एसआईआर फॉर्म का करें वितरण : डीएम

संवाददाता, गोंडा

- जिलाधिकारी ने मतदान बूथों का किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार** : जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम प्रियंका निरंजन ने जिले में एसआईआर फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के उद्देश्य से शनिवार को विभिन्न मतदान बूथों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय पूरे ऊदई, प्राथमिक विद्यालय फिरोजपुर, प्राथमिक विद्यालय चन्दवतपुर, कम्पोजिट विद्यालय पिपरा पदुम, कम्पोजिट विद्यालय मझौवा तथा प्राथमिक विद्यालय दुल्लापुर खालसा बूथों पर पहुँचकर वहां की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर (स्वास्थ्य, पहचान एवं रेजिडेंसी) फॉर्म का समयबद्ध रूप से शत-प्रतिशत वितरण एवं उसके डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिया कि सुपरवाइजर, बीएलओ, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, कोटेदार तथा ग्राम प्रधान सहित सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्येक घर पर अनिवार्य रूप से जाकर एसआईआर फॉर्म वितरित करें तथा प्राप्त फॉर्मों को समय पर डिजिटाइज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी क्षेत्र में लापरवाही या ढिलाई पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कई स्थलों पर उपस्थित टीमों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर फॉर्म से प्राप्त डाटा चुनावी प्रक्रिया में जनभागीदारी बढ़ाने तथा सूचनाओं की शुद्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए यह कार्य अत्यंत संवेदनशील तथा प्राथमिकता वाला है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जहां कहीं भी फॉर्म वितरण अथवा डिजिटाइजेशन कार्य में



मतदान केंद्र पर बीएलओ को निर्देशित करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

बाधाएं आ रही हों, वहां तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि समस्या का समाधान समय पर किया जा सके।

जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस कार्य में लगे कार्मिकों द्वारा यदि लापरवाही बरती गई तो उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए विधिक एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिम्मेदारी से बचने या कार्य में देरी के किसी भी प्रयास को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 4 बीएलओ के खिलाफ एफआईआर को आदेश

मतदाता प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही बरतने वाले 4 बीएलओ के खिलाफ जिलाधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है। शुक्रवार को सैयद कमरुल हक अवर अभियंता लघु सिंचाई झंझरी ने पत्र के माध्यम से उपायुक्त स्वतः रोजगार जेएन राय को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के तत्वाधान में प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में बूथ संख्या 190 व 191 में बूथ लेबिल ऑफिसर के रूप में तैनात की गयी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महाश्वेता व रीता श्रीवास्तव कार्य नहीं कर रही हैं। उक्त कर्मचारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के अधीन रहते हुए भी कार्य न किया जाना अत्यंत आपत्तिजनक है। दोनों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी झंझरी को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अरुण कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी झंझरी ने पत्र के माध्यम से उपायुक्त स्वतः रोजगार को अवगत कराया कि बूथ संख्या 213 में बूथ लेबिल ऑफिसर के रूप में तैनात शिक्षामित्र प्रियंका तिवारी व बूथ संख्या 221 में बूथ लेवल ऑफिसर के रूप में तैनात सुनीता देवी भी कार्य नहीं कर रही हैं। उपरोक्त दोनों कर्मचारियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी पण्डरीकृपाल को निर्देश दिए गए हैं।

# महिलाओं को साइबर अपराधों की दी जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार** : मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत शनिवार को एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बेटियों को साइबर अपकाधोंमकी जानकारी दी और उन्हे आत्मरक्षा के उपयोग बताए। टीम ने बेटियों को सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता का पाठ भी पढ़ाया।

जिले की एंटी रोमियो टीम ने शनिवार को गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। टीमों ने महिलाओं व बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आने-जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए तथा फीडबैक फार्म भरवाकर हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया।

### साइबर टीम ने वापस करायी धनराशि

**गोंडा** : ऑपरेशन साइबर कवच के दृष्टिगत साइबर अपराध थाने की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीडित की फ्रॉड गयी 16.12 लाख रुपये की धनराशि उसे वापस करा दी। अपने पैसे वापस पाकर पीडित के चेहरे की मुस्कान लौट आई और उसने पुलिस टीम का आभार जताया। 5 जुलाई को आलोक भारद्वाज ने साइबर थाने में शिकायत करते हुए कहा था कि साइबर अपराधियों ने उनसे पुराने बीमा पर कमीशन में लाभ देने का लोभ देते हुए 18 फर्जी बीमा कराकर धोखाधड़ी कर ली थी। साइबर अपराध थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में साइबर अपराध थाने की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभिन्न बीमा कंपनियो से संपर्क स्थापित कर सभी बीमा को रद्द कराते हुए वादी के खाते में 16,12,837 की धनराशि वापस कराई गई।

# सड़क पर उतरे आईजी 12 डम्पर व 4 बाइक सीज



पुलिस अधिकारियों को हिदायत देते आईजी अमित पाठक। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार**: यातायात माह में चल रहे जागरुकता अभियान की जांच को लेकर देवी पाटन रेंज के आईजी अमित पाठक लगातार वाहनों की जांच में जुटे हैं। शुक्रवार की देर शाम वह फिर सड़क पर उतरे और वाहनों की जांच पड़ताल की। तमाम वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर फर्राटा भरते पाए गए। आईजी ने कई वाहनों का चालान कर उनके ऊपर 2.58 लाख रुपये का जुर्माना किया है। वहीं अवैध रूप से संचालित हो रहे 12 डंपर व 4 मोडीफाई बाइक को सीज किया है। शहर के बीचोबीच स्थित गुरु नानक चौकी के सामने ही अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित पाया गया था।

### वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

**कटरा बाजार** : शनिवार को मैजापुर चीनी मिल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी विनीत जायसवाल ने गन्ना किसानों व वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया तथा सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन की अपील की। एसपी ने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर भी चिपकाया और सभी चालकों को वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाकर चलने की हिदायत दी। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई मैजापुर में यातायात माह में सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# गोंडा-अयोध्या सीमा पर लगाए गए 500 पुलिसकर्मी




अयोध्या जाने वाले मार्ग पर कटरा शिवदयालगंज में लगा बैरियर। अमृत विचार

**नवाबगंज, अमृत विचार**: अयोध्या में 25 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर गोंडा जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। दिल्ली में हाल ही हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता स्तर और बढ़ा दी गई है। अयोध्या की सीमा से सटे नवाबगंज क्षेत्र में रविवार रात से ही सुरक्षा घेरा कसने के साथ ही रूट डायवर्जन और अतिरिक्त पुलिसबल की तैनाती शुरू कर दी गई है।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि कटरा शिवदयाल गंज से अयोध्या जाने वाले सभी वाहनों को रविवार देर रात से फोरलेन हाईवे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए पुराने सरयू पुल के पास दुर्गागंज माझा में दो अस्थायी पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जहां से श्रद्धालु पैदल ही अयोध्या में प्रवेश करेंगे। नदी क्षेत्र में जल पुलिस की तैनाती के साथ ड्रोन कैमरों द्वारा लगातार निगरानी की जाएगी। वहीं डॉग स्क्वॉड, मेटल डिटेक्टर और हाई-टेक हाइजैक मशीनों का उपयोग कर सुरक्षा जांच को और मजबूत किया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सुरक्षा ड्यूटी के लिए 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्वाइंट्स पर तैनात कर दिया गया है और उनके ठहरने की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

## सिटी डायरी

### कैंप लगाकर भराए जा रहे एसआईआर फॉर्म



कैंप में फॉर्म भरते वोटर।

**करनैलगंज** : नगर पालिका परिषद करनैलगंज कार्यालय परिसर में एसआईआर कैंप लगाकर मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल के निर्देशन में नगर पालिका के कर्मचारी, सभासद एवं बीएलओ पूरी तत्परता के साथ कैंप में तैनात हैं। कैंप में अलग-अलग मोहल्लों के लिए अलग टेबल लगाए गए हैं, जहां लोग अपने आवश्यक दस्तावेज और फोटो लेकर पहुंच रहे हैं और आसानी से अपना एसआईआर फॉर्म भरवा रहे हैं। मौके पर लगातार भीड़ देखी जा रही है। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी सुरभि पाण्डेय ने बताया कि लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए नगर क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी कराया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया से जुड़ सकें।



शिकायत करने पहुंचीं महिलाएं।

### खड़ौआ गांव में नाली विवाद गहराया

**नवाबगंज** : कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत खड़ौआ गांव में नाली अवरुद्ध होने को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहा विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। प्रशासनिक निर्देशों के बाद भी विपक्षी पक्ष नाली खोलने को तैयार नहीं है। प्रभावित परिवार लगातार पुलिस और प्रशासन से राहत की मांग कर रहे हैं। गांव निवासी कान्ती, मीना, ज्ञानपती, सरोजिनी, फूला, खुशबू और रमा ने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही अनिल कुमार, उनकी पत्नी मंजू और बेटा मंजीत लंबे समय से उनके घरों के सामने बहने वाली नाली को जबरन बंद किए हुए हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि राजस्व टीम की मौजूदगी में नाली खुलवाने की कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द कार्रवाई कर उन्हें इस समस्या से राहत दिलाई जाए।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

### डिजिटल साक्षरता समय की आवश्यकता : शैलेंद्र

**गोंडा** : नव जागरण अभियान के तहत शनिवार को रुपईडीह के श्री उद्यालक मुनि इंटर कॉलेज में पांचवा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो .शैलेंद्रनाथ मिश्रा ने छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव तथा मोबाइल के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी और डिजिटल साक्षरता को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के मुख्य संचालक हाईकोर्ट अधिवक्ता गणेश नाथ मिश्रा ने मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की।

### सेवा दिवस के रूप में मनाई गयी मुलायम सिंह यादव की जयंती



बच्चों को फल व बिस्कुट वितरित करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा** : समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती सेवा दिवस के रूप में मनाई गयी। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने बाल शिशु गृह पहुंचकर अनाथ बच्चों संग खुशियां साझा की और उन्हें फल वितरित किया। जिला उपाध्यक्ष फहीम अहमद ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को देखकर मन भर आता है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी मंगल यादव, राजेश मिश्रा, रवि यादव, शिव, अखिलेश विश्वकर्मा, एडवोकेट रामधन यादव, सोनू यादव, राजा यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समाधान दिवस** | फरियादियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा

# सीओ करते रहे इंतजार, नहीं पहुंचे राजस्व कर्मी

संवाददाता, तरबगंज/नवाबगंज

**अमृत विचार** : तरबगंज थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया लेकिन लेखपाल व राजस्व निरीक्षक नहीं पहुंचे। जिसके कारण कुर्सी खाली पड़ी रही। क्षेत्राधिकारी तरबगंज राजस्व कर्मियों का इंतजार करते रहे। राजस्व कर्मियों की गैर हाजिर रहने से फरियादियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। औपचारिकता निभाने के लिए उपनिरीक्षक सुनील सिंह अपने मातहत दरोगा के साथ बैठे रहे। 12 बजे के बाद थाने पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह समाधान दिवस में बैठकर राजस्व



कटरा बाजार थाने पर सुनवाई करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

कर्मियो का इंतजार करते रहे। बाद में पता चला कि सभी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक एसआईआर की कार्रवाई में लगे हुए हैं, जिससे फरियादी बिना शिकायत पत्र दिए ही वापस चले गए।

नवाबगंज में समाधान दिवस राजस्व टीम की अनुपस्थिति के कारण बेअसर नज़र आया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लोग भूमि विवाद, पैमाइश और सीमांकन संबंधी शिकायतों को लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद न होने के कारण अधिकांश मामले लंबित ही रह गए। इससे फरियादियों में नाराज़गी देखने को मिली। समाधान दिवस में पहुंचे एकमात्र लेखपाल ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि डीएम के निर्देश पर सभी लेखपालों को एसआईआर निर्गमन कार्य में लगाया गया है। जब तक यह कार्य पूरा नहीं हो जाता, वह किसी अन्य दायित्व में शामिल नहीं हो सकते। इसी वजह से राजस्व टीम उपस्थित नहीं हो सकी।

**एसपी ने सुनी शिकायतें** : शनिवार को कटरा बाजार थाने पर एसपी विनीत जायसवाल ने फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनके निस्तारण का निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### घटिया निर्माण के विरोध में होगा धरना

**पचपेड़वा।** नगर पंचायत पचपेड़वा में सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा इंफ्रामेंट्री बोर्ड न लगाने, मानक पत्र न दिखाने और घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन भानू 27 नवंबर को नई बाजार चौराहे पर धरना व चक्का जाम करेगा। तहसील उपाध्यक्ष आलम खान ने बताया कि पुरानी नाली पर ही नई नाली का निर्माण कराया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है। किसान यूनियन ऐसे घटिया निर्माण का कड़ा विरोध करती है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### गगन मिश्रा चयनित



**बलरामपुर।** मॉडर्न इंटर कॉलेज के कक्षा 11 के छात्र गगन मिश्रा का चयन त्रिपुरा के अगरतला में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम के लिए हुआ है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की प्रतियोगिता में गगन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह स्थान हासिल किया।

### नौकरी का झांसा देकर रकम ऐंठने वाला गिरफ्तार

**बलरामपुर।** बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम ऐंठने वाले गिरोह का कोतवाली देहात पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के मुख्य आरोपी अमित कुमार उर्फ बड़े बाबू को नीलकोठी के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर एक युवक से फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर 12 माह तक मुफ्त में काम कराने का आरोप है।

### पीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजवापुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, लैब, टीकाकरण व्यवस्था और अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का बारीकी से अवलोकन किया।

# एसआईआर अभियान में तेजी लाने के निर्देश

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने शनिवार को तहसील बलरामपुर सदर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में एसडीएम/ईआरओ, सुपरवाइजर एवं बीएलओ से बूथवार कार्य स्थिति की जानकारी ली गई।

डीएम ने कहा कि एसआईआर कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। सभी सुपरवाइजर और बीएलओ अपने दायित्व पूरी निष्ठा से निभाएं। जिन बूथों पर मतदाताओं को गणना पपत्र नहीं मिले हैं, उन्हें अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि सत्यापन कार्य में तेजी आए। भरे हुए गणना पत्रकों को जल्द से जल्द एकत्र कर बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन की गति बढ़ाई जाए।

डीएम ने निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन में कम प्रगति वाले बीएलओ की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान डीएम ने उत्कृष्ट



उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को बुके देकर सम्मानित करते डीएम। अमृत विचार

कार्य करने वाले बीएलओ कृष्ण कुमार मिश्रा और रामपाल वर्मा को बुके देकर सम्मानित किया। कृष्ण कुमार मिश्रा ने 60% और रामपाल वर्मा ने 55% गणना पत्रक का डिजिटलाइजेशन कर उत्कृष्ट कार्य किया है। बैठक में एसडीएम सदर हेमंत कुमार गुप्ता व खंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर मौजूद रहे।

### 10 सुपरवाइजरों को दी गई चेतावनी

चारों विधानसभा गैसड़ी, तुलसीपुर, बलरामपुर और उतरौला में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरकर अपलोड करना है। निगरानी के बावजूद प्रगति बेहद धीमी मिलने पर सदर तहसील के 10 सुपरवाइजरों को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार गुप्त ने श्रीदत्तगंज, कायमजोत, पचौथा, लखमा और महमूदनगर में निरीक्षण किया। यहां एसआईआर कार्य की प्रगति अत्यंत खराब मिली। इस पर नाराजगी जताते हुए सुपरवाइजर दुर्गेश कुमार, धनेश्वर, निखिल व्यास, चंद्र प्रकाश, हरीशचंद्र, कपिल यादव, गौरव प्रताप सिंह, दीपक कुमार, हरि श्याम चतुर्वेदी और अंकित कुमार पांडेय को कार्य में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## पुनरीक्षण को युद्धस्तर पर सफल बनाने की तैयारी



मतदाता गहन संरक्षण बैठक में मौजूद अध्यक्ष, एडीएम और अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने की। इस दौरान बूथवार जिम्मेदारियों के विभाजन, फॉर्म सत्यापन, नाम जोड़ने-काटने और तकनीकी त्रुटियों के त्वरित समाधान पर रणनीति तय की गई।

अपर जिलाधिकारी ज्योति राय ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण सतत प्रक्रिया है, इसलिए घर-घर सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभासदों से अपनी टीमों को हर संभव सहयोग देने की अपील की। उपजिलाधिकारी हेमंत गुप्ता ने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करें और बीएलओ के साथ नियमित समन्वय बनाए रखें। उन्होंने नए फॉर्म, स्थानांतरण और विलोपन की कार्रवाई में तेजी लाने पर बल दिया। नायब तहसीलदार अभिनव चौहान ने नए मतदाताओं, महिलाओं और प्रथम बार वोटर बनने वाले युवाओं के नाम जोड़ने को प्राथमिकता देने की बात कही।

बैठक में अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि डी.पी. सिंह बैस सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व सभासद राघवेन्द्र कान्त सिंह मंटू, नंदलाल तिवारी, अक्षय शुक्ला, संदीप मिश्रा समेत अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्रावस्ती एयरपोर्ट से जल्द उड़ान भरेंगे विमान

## प्रमुख शहरों के लिए शुरू होगी हवाई सेवा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** श्रावस्ती एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र द्वारा नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापू राम मोहन नायडू से हाल ही में की गई मुलाकात और सौंपे गए मांग पत्र पर मंत्रालय ने सकारात्मक कार्यवाही शुरू कर दी है।

पूर्व सांसद ने श्रावस्ती से मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, प्रयागराज और गया जैसे प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू करने की मांग की थी, जिसे नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्वीकार करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मांग पत्र में कहा गया था कि एयरपोर्ट के पूर्ण विकसित होने तक अंतरिम रूप से प्रमुख रूटों का संचालन शुरू किया जाए, जिससे पर्यटकों, धर्मावलंबियों और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे श्रावस्ती और बलरामपुर में उद्योग एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



केंद्रीय नागरिक को उड्डयन मंत्री को मांग पत्र सॉफ्टवेयर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र।

### शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को थाना महराजगंज तराई में समाधान दिवस आयोजित किया गया। दोनों अधिकारियों ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समझौता कराते हुए त्वरित राहत दिलाई। डीएम ने कहा कि भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए।

# जयंती पर मुलायम सिंह को दी श्रद्धांजलि

**बलरामपुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती शनिवार को सपा जिला कार्यालय लोहिया भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मणिक लाल कश्यप ने की। सुबह से ही कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा और सभी ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर नेताजी को नमन किया।

जिलाध्यक्ष मणिक लाल कश्यप ने कहा कि कई नेता आए और गए, लेकिन "धरतीपुत्र" का सम्मान केवल मुलायम सिंह यादव को ही मिला। जनता से जुड़ाव, सक्रियता और कर्मठता ने उन्हें जननायक



मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

बनाया। गैसड़ी विधायक राकेश यादव ने नेताजी के साथ बिताए राजनीतिक अनुभवों को याद करते हुए कहा कि लोकदल के समय से ही उन्होंने जनता के लिए अभूतपूर्व कार्य किए, जिनकी मिसाल आज भी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके सिद्धांतों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम सागर अकेला, जिला महासचिव नरसिंह पाल यादव सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम का एनसीसी कैडेटों ने किया सामूहिक गान

**बलरामपुर।** वन्दे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को महाविद्यालय परिसर देशभक्ति की भावनाओं से सराबोर हो उठा। बटालियन के निर्देशन में एनसीसी कैडेटों द्वारा परेड के दौरान वन्दे मातरम का सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे. पी. पांडेय के नेतृत्व में हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाना है।

# रिज्जू फाइटर ने क्रीम हॉस्पिटल को हराया

**उतरौला, अमृत विचार।** स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में रिज्जू फाइटर ने क्रीम हॉस्पिटल को पाँच विकेट से हराकर अगले दौर में जगह बना ली। शनिवार को मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज मैदान पर खेले गए मैच में रिज्जू फाइटर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। क्रीम हॉस्पिटल की टीम विरोधी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और निर्धारित 10 ओवर में 95 रन ही बना पाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिज्जू फाइटर की शुरुआत शानदार रही। शिवम् मिश्रा के तूफ़ानी 26 रनों की बदौलत टीम ने मात्र आठ ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। उत्कृष्ट




मैन आफ दी मैच का पुरस्कार प्राप्त करते खिलाड़ी शिवम मिश्रा। अमृत विचार

प्रदर्शन के लिए शिवम् मिश्रा 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किए गए। आयोजक लवी महमूद ने बताया कि विजेता टीम को एक लाख पच्चीस हजार रुपये जबकि उपविजेता टीम को 60 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी दी जाएगी। इसके अलावा 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' को 25 हजार और फाइनल के 'मैन ऑफ द मैच' को 10 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। मैच के दौरान बब्बू मलिक, विशाल सिंह, याहिया मलिक, जुबेर मलिक सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। कमेंट्री अखलाक अहमद ने की।




# फीडिंग कार्य में लायें तेजी : डीएम

## जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन सेंटर का किया निरीक्षण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच सदर अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से प्राप्त किये गये गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तहसील सदर बहराइच में स्थापित हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की बाबत जानकारी प्राप्त करते हुए फीडिंग कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने मौके पर मौजूद निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी को निर्देश दिया गया कि डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति को बढ़ाये जाने हेतु आवश्यकतानुसार संसाधन व मैन पावर को बढ़ाया जाए। एसडीएम ने जिलाधिकारी को बताया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ब्लाक व बी.आर.सी. स्तर पर 02-02 तथा नगर पालिका परिषद बहराइच एवं तहसील सदर में 01-01 हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर स्थापित किया गया है। जहां पर तैनात बीएलओ/कार्मिकों द्वारा गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। डीएम त्रिपाठी ने एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि डिजिटाइजेशन कार्य का प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए डाटा डिजिटाइजेशन कार्य को सुचारु रूप से सम्पन्न करायें।


डिजिटाइजेशन सेंटर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। ● अमृत विचार

## खड़ी कार को बस ने मारी टक्कर, 3 घायल

**जरवल रोड बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर शनिवार को एक रोडवेज बस ने सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

झुकिया गांव के निकट एक ढाबे के पास खड़ी कार को रोडवेज बस ने पीछे से ठोकर मार दी। कार सवार इब्राहिम, आसिफ मोहम्मद व आसिया बेगम निवासी चिनहट, लखनऊ घायल हो गए।

घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया।


पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

## मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचे ब्रजभूषण शरण सिंह

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** फरदा में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में कैसरगंज के पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम सुमेरपुर निवासी बजरंग बहादुर सिंह के यहां आयोजित था। जैसे ही पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह के हेलीकॉप्टर की गड़गड़ाहट सुनाई दी। ग्रामीण और समर्थक हेलीपैड पहुंच गए। हेलीकॉप्टर से उतरते ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पूर्व सांसद का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद पूर्व सांसद विवाह स्थल पर पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनधि सुनील सिंह, पूर्व प्रमुख राम मनोहर सिंह पप्पू, मन्नू सिंह, विजय सिंह, जोगेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### न्यूज़ ब्रीफ

### चोरी के 9 मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस ने मोबाइल चोरी में वांछित दो आरोपियों को चोरी के मोबाइल व नकदी के साथ गिरफ्तार किया। वांछित आरोपी कैलाश तथा राजू को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबोच लिया। रुपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को परमहंस कुट्टी, चौकी क्षेत्र बाबागंज से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी के नौ मोबाइल फोन तथा 3070 रुपये नकद बरामद किए गए।

### गिले-शिकवे भूल साथ रहने को जोड़ा राजी

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** आपसी गिले-शिकवे भूलकर एक दंपति साथ रहने को राजी हो गया। मिशन शक्ति टीम ने पति-पत्नी में समझौता कराया। दंपति शबाना व जाकिर के बीच आपस में पारिवारिक तनाव को लेकर विवाद चल रहा था। शबाना मायके चली आई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर सुलह-समझौता कराया। इस दौरान उपनिरीक्षक इशरत जहां व मिशन शक्ति से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में आए 40 मामले

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 40 मामले आए। इनमें से 33 मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित थे। इन मामलों के निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया है।

### मनचला गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थल पर अश्लील गाना गाने व महिलाओं को फब्तियां कसने के आरोप में शनिवार को कटरा पुलिस ने जोरडीह के मजरा कोठार निवासी अमृत लाल वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कटरा पुलिस ने शनिवार को भटपुरवा के मजरा नजरूपुरवा से 15 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शिवपुर बनकट के मजरा कोठार निवासी ननके उर्फ उत्तम चन्द्र राजभ व निबरे चौहान के कब्जे से पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

### दुर्घटना में दंपति घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया बाजार निवासी अवधेश मिश्र (50) पत्नी मंजू (45) के साथ शनिवार को बाइक से तुलसीपुर जा रहे थे। कलकलवा मोड़ के निकट पीछे से आ रही बाइक ने अवधेश की बाइक को टक्कर मार दी। घटना में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों घायलों को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया।

## लोग स्वदेशी वस्तुएं अपनायें : वालिया

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** जवाहर लाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में भाजयुमो द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत मंडल युवा सम्मलेन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष (अवध क्षेत्र) मंदीप वालिया ने कहा कि लोग स्वदेशी सामान खरीदें। उन्होंने उपस्थित युवाओं को स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के अध्यक्ष आनंद जयसवाल ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा बलवंत सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, राम चंदर चौधरी, हर्षित सिंह, राधेश्याम गुप्ता, शिवम शर्मा, दिलीप वर्मा, अनिल कश्यप आदि मौजूद रहे।

## 246 ग्रामीण आशाओं की भर्ती प्रक्रिया शुरू

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनद्वारा भेजे गए निर्देशों के आधार पर जनपद में वर्ष 2025-26 के लिए 246 नई ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के पदों को मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में प्राप्त स्वीकृति को बीती 29 अगस्त को हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ब्लॉकवार मिली स्वीकृतियों के अनुसार एक माह के भीतर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीसीपीएम मोहम्मद राशिद ने बताया कि ब्लॉक जरवल में 12, कैसरगंज 10, फखरपुर 20, तेजवापुर 15, महसी 17, शिवपुर 25, मोतीपुर 20, नवाबगंज 20, बलहा 30, रिसिया 20, चित्तौरा 22, पयागपुर 5, विशेश्वरगंज 15 तथा हुजूरपुर में 20 पद स्वीकृत किए गए हैं।

डीसीपीएम ने बताया कि सभी स्वीकृत पदों की जानकारी पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने संबंधित ब्लॉकों के सीएचसी अधीक्षक या बीसीपीएम से संपर्क कर सकते हैं।

## प्रीटास सर्वे के तहत की गयी मुफ्त जांच

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर के स्वास्थ्य क्षेत्र में फाइलेरिया की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे 'प्रीटॉस सर्वे' ने गति पकड़ ली है। इसी कड़ी में, ग्राम पंचायत तालाब बघेल में आमजन की मुफ्त जांच की गयी। फाइलेरिया (हाथीपांव) के परजीवी की पहचान के लिए रात के समय ब्लड सैंपल लेना आवश्यक होता है। स्वास्थ्यकर्मी नैंसी गुप्ता कैंप लगाकर नमूने एकत्र कर रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया के संक्रमण का शुरुआती चरण में पता लगाना और समुदाय को इस गंभीर बीमारी से बचाना है।

## उल्लास से मनाना चाहिए राम विवाहोत्सव

● पयागपुर बस स्टॉप परिसर में राम विवाह महोत्सव का आयोजन

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** स्थानीय बस स्टॉप पयागपुर के त त्वा वधान में नव युवक समिति द्वारा 60वें वर्ष राम विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

उद्घाटन विधायक सुभाष त्रिपाठी फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम हम सभी के ईष्ट देवता हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को प्रतिवर्ष उनके विवाह का उत्सव बड़े ही उल्लास और श्रद्धा से मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि राम विवाह महोत्सव अगहन शुक्ल पंचमी तिथि को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन त्रेता युग में भगवान राम और माता सीता का विवाह हुआ था। महोत्सव के पहले दिन कलाकारों ने शंकर-पार्वती संवाद, नारद मोह और इंद्र दरबार जैसे प्रसंगों का मंचन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम विवाह प्रबंधक संतोष कुमार गुप्ता, अध्यक्ष राहुल सिंह, उपाध्यक्ष मनीष सिंह, व्यास देवेंद्र कुमार शर्मा, प्रीतम शर्मा, राजकुमार यादव, सज्जन श्रीवास्तव, कुलदीप सहित समिति के सदस्य जुटे रहे।


समारोह को संबोधित करते विधायक सुभाष त्रिपाठी। ● अमृत विचार

# वोटर लिस्ट में जोड़ें पात्र लोगों का नाम

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची को अद्यतन व त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया जारी है। इसका हाल जानने के लिए शनिवार को डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने बूथों का औचक निरीक्षण किया।

भिनगा नगर के वार्ड संख्या-08 स्थित प्राथमिक विद्यालय बनकटवा व वार्ड नौ में स्थित प्राथमिक विद्यालय बगुरैया में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का डीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक शुद्ध, पारदर्शी और सटीक निर्वाचक नामावली तैयार करना है। इसके तहत नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हैं तथा मृत, डुप्लीकेट, शिफ्टेड या अनुपस्थित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। भिनगा व श्रावस्ती विधानसभा के ऐसे बीएलओ जो एसआईआर के तहत 27 नवंबर तक अपने भाग संख्या के सम्पूर्ण मतदाताओं के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लेंगे उन्हें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण बाद सम्मनित किया जाएगा।


पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जनता दर्शन में शनिवार को डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने जनसामान्य की समस्या सुना। इस दौरान भूमि कब्जा, पारिवारिक विवाद सहित सात शिकायतें आई। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन कर त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, ढंग से किया जाए।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए पराली मैन को किया गया सम्मानित

**बहराइच, अमृत विचार :** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल च के वार्षिकोत्सव पर पराली मैन राम रतन अग्रवाल को पर्यावरण पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अग्रवाल ने कहा कि फसल अवशेष का निस्तारण 2022 में बहराइच से शुरू किया गया था जिससे आज बायोकोल व सीएनजी तैयार हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित होकर पर्यावरण प्रदूषण को बचाने की मुहिम पर कार्य करना शुरू किया था। प्लास्टिक निदान के लिए श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जब भी घर से घरेलू सामान की खरीदारी के लिए निकलें साथ में थैला ले जाएं यदि यह कठिन लगे तब जो भी घरेलू सामग्री किराना, सब्जी आदि लाते हैं तो उसको एक थैली में सभी खाली थैली भरते जाएं फिर 15 दिन बाद दुकानदार को वही एकत्रित थैली दुकानदार को वापस कर दीजिए इस प्रक्रिया से देश को एक संदेश जाएगा और बहराइच का नाम फिर पराली की तरह विख्यात होगा इससे प्रकृति के प्रति अपने दायित्व बोध से मन को शांति भी मिलेगी।

### सिटी डायरी


गुब्बारे फुलाकर व्यायाम करते बच्चे। अमृत विचार

### विद्यालय में गुब्बारों से कराया गया बच्चों को श्वांस का व्यायाम

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** पीएम श्री कॉम्पोज़िट स्कूल नरैनपुर नवाबगंज में सोमवार को बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिए श्वास की व्यायाम गुब्बारे से कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य अवधेश कुमार ने बच्चों को श्वांस के महत्त्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और शांत मन के लिए सही तरीके से सांस लेना अत्यंत आवश्यक है। नियमित रूप से श्वास की व्यायाम करने से शरीर में ऊर्जा बढ़ती है, तनाव कम होता है और एकाग्रता में वृद्धि होती है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्राणायाम तथा गहरी सांस लेने की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास भी कराया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में इन व्यायामों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया।


यातायात माह के तहत जागरूकता अभियान चलाते पुलिसकर्मी।

### टेंपो और टैक्सी चालकों को बताये यातायात के नियम

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जरवल रोड पुलिस ने यातायात माह जागरूकता अभियान के तहत आरपीएस इंटर कॉलेज से जरवल रोड बस स्टॉप थाने तक जागरूकता अभियान चलाया। बस स्टॉप पर बैटरी रिक्शा टेंपो टैक्सी वाहनों के चालकों को यातायात के नियम बताए। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में आरपीएस इंटर कॉलेज के छात्र छात्रों के साथ जरवल रोड बस स्टॉप पर बैटरी रिक्शा टेंपो टैक्सी चालकों तथा दोपहिया चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर ज्योत्स्ना उप निरीक्षक, प्रमोद कांस्टेबल रामसागर कांस्टेबल अनुराधा, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।



मुलायम सिंह की जयंती मनाते पदाधिकारी व कार्यकता।

### जयंती पर याद किए गए धरती पुत्र

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय भिनगा में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के संस्थापक व पूर्व रक्षामंत्री पद्म विभूषण धारती पुत्र मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष सर्वजीत सिंह यादव, भिनगा विधायक इंद्राणी वर्मा व पूर्व विधायक मोहम्मद असलम राईनी, राजा खान, ओमप्रकाश वर्मा, विनोद कुमार त्रिपाठी, जितेंद्र विक्रम यादव, महेश यादव, राजकुमार, शिवनारायण, सुरेश पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू से मुलाकात करते पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा।

### श्रावस्ती से प्रमुख स्थानों के लिए जल्द मिलेगी हवाई सेवा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** श्रावस्ती से विमानों के परिचालन को लेकर पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू से मुलाकात की। उन्होंने मांग पत्र देकर मुंबई, दिल्ली, आदि प्रमुख स्थानों के लिए विमान सेवा शुरू करने की मांग की। केन्द्रीय मंत्री ने आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किया है।

## तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समाप्त की गयी सेवा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया के ग्राम हेमपुर में 30 अगस्त को जनचौपाल में पोषाहार वितरण में अनियमितता की शिकायत की गयी थी। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवा समाप्त कर दी गई है।

शिकायत मिलने पर बड़रहवा, भुतना व हेमपुर द्वितीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सुनवाई का अवसर दिया गया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने व आरोपों की पुष्टि होने पर इन तीनों आंगनवाडी कार्यकत्रियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। साथ ही पर्यवेक्षणीय दायित्वों का निर्वहन न करने पर मुख्य सेविका ममता शाक्य व सीडीपीओ मुकेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं जमुनहा क्षेत्र में 15 नवंबर को पुष्टाहार पैकेट बेचे जाने का तथ्य संज्ञान में आया था। इस मामले में सम्बंधित पर हरदत्तनगर गिरंट थाने में एफआईआर कराई गई है। सीडीओ शाहिद अहमद ने सिरसिया के आंगनबाड़ी केन्द्र गुलरा का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान आंगनवाडी केन्द्र बन्द मिला।

इस पर सीडीपीओ सिरसिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया है।

## कार से भिड़ी बाइक दो लोग हुए घायल

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय अलीनगर के पास बाइक को पीछे से कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शादी समारोह से बाइक सवार कर्नलगंज जा रहे थे। इसी बीच एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अलीम निवासी नाजिरपुरा बहराइच व खलील निवासी करनैलगंज, गोंडा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कार को कब्जे में लिया। पीछे से बस से बाराती वापस जा रहे थे। उन्होंने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया।

## हादसे में एक भाई की मौत दूसरे की हालत गंभीर

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** उदईपुर के निकट ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक भाई की मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई घायल हो गया।

भिनगा के शिवबालक पुरवा निवासी दिनेश (24) पुत्र रमाकांत शनिवार सुबह अपने छोटे भाई शिवराम (20) के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने जा रहा था। इस दौरान उदईपुर गांव के पास ट्रैक्टर पलट गया। दोनों भाई ट्रैक्टर के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने दोनों को संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंचाया। यहां दिनेश को मृत घोषित कर दिया गया घायल शिवराम को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

**पुल की रेलिंग से टकराई बाइक एक की मौत :** सोनवा के केशवापुर पजावा के मजरा छोटकी दुबवा निवासी आलोक यादव (25) बाइक से शुक्रवार रात करीब 10 बजे गिलौला होते हुए बहराइच की तरफ जा रहा था। इस दौरान उसके साथ बहराइच के पयागपुर के बेलवा पदम निवासी योगेंद्र (17) भी था। गिलौला के तिलकपुर मोड़ के निकट सरयू नहर पुल की रेलिंग से बाइक टकरा गयी। योगेंद्र पुल से नीचे पानी के पास जा गिरा। वहीं आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सीएचसी गिलौला पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने योगेंद्र वर्मा को मृत घोषित कर दिया।

**निर्देश** प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा, लाभार्थियों को आवास की चाबी, सिलाई मशीन प्रदान की

# योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे कोई पात्र : अग्रवाल

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** जिले के प्रभारी मंत्री शनिवार भिनगा पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने लाभार्थियों को आवास की चाबी, सिलाई मशीन व ऋृण स्वीकृति चेक प्रदान किया।

बैठक में प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल ने कहा कि योजनाओं से पात्रता के आधार पर लोगों को लाभान्वित किया जाए। यह भी ध्यान रखें कि योजनाओं से कोई भी पात्र वंचित न रहे।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पांच लाभार्थियों को आवास की चाबी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के दो लाभार्थियों को सिलाई मशीन टूलकिट तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के दो लाभार्थियों को ऋृण स्वीकृत चेक प्रदान किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री को गेहूं के डंठल से बनी भगवान शंकर की कलाकृति भेंट की। बैठक में एमएलसी पद्मसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष डा मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके सिंह, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


दीपोत्सव कार्यक्रम के विजेताओं को सम्मानित करते प्रभारी मंत्री व विधायक।

### प्रभारी मंत्री ने दीपोत्सव के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सीताद्वार में देव दीपावली पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें विजेता प्रतिभागियों को शनिवार इकौना में जिले के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री मद्य निषेध ने सम्मानित किया। सीताद्वार में आयोजित हुए दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करने के लिए शनिवार को इकौना स्थित श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। सत्य द आर्यन के छात्र प्रथम, विवेकानंद स्कूल द्वितीय व शिव सत्या स्कूल रामपुर तृतीय स्थान पर रहा। यहां के छात्रों को मंत्री व विधायक ने सम्मानित किया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व चांदी का सिक्का प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम इकौना पीयूष जायसवाल, सीओ भरत पासवान, बलरामपुर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष विनय पांडेय, आशुतोष पांडेय, गिलौला प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश चंद, मनोज दुबे आदि थे।

# अमृत विचार

रविवार, 23 नवंबर 2025




खुसरो दरिया प्रेम का,
उल्टी वा की धार
जो उतरा सो डूब गया,
जो डूबा सो पार

अमीर खुसरो जी कहते हैं, प्रेम की नदी अजीब दिशाओं में बहती है। जो इसमें उतरता है, वो डूब जाता है और जो डूब जाता है, उसका जीवन सफल हो जाता है।



# गौरवशाली हैं प्राचीन भारत की उपलब्धियां

> यूरोप के पास विश्व मानवता को देने के लिए कुछ नहीं था। दर्शन यूनान की उधारी है। चिकित्सा विज्ञान भारत से अरब गया था और अरब से यूरोप। गणित के अंक भारत में खोजे गए। ऐसे अनेक उल्लेख संभव हैं। नाट्य शास्त्र का उद्भव भारत में हुआ। दुनिया का पहला अर्थशास्त्र कौटिल्य ने भारत में लिखा। प्राचीन भारत की बड़ी उपलब्धियां हैं। उन पर गर्व करना चाहिए, लेकिन साथ में यह भी देखना है कि जिस प्राचीन भारत की उपलब्धियां गौरवशाली हैं, यहां पिछले 500 वर्षों में वैज्ञानिक आविष्कार कम क्यों हुए हैं?

भारतीय स्वाधीनता को मिले 78 वर्ष हो गए। देश ने विकास के नए अंतरिक्ष स्पर्श किए हैं, लेकिन अंग्रेजी राज के और उसके बाद भी साम्राज्यवादी परंपराएं विद्यमान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगले 20 वर्षों में गुलामी के प्रतीक समाप्त करेंगे। भारत का मन बदल रहा है। आत्मनिर्भरता बढ़ी है। संप्रभु राष्ट्र राज्य किसी दूसरे देश की सभ्यता का अनुकरण नहीं करते। साम्राज्यवादी मानसिकता से छुटकारा पाना पंच प्रण में एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। प्रधानमंत्री ने उचित ही इस मामले को फिर से दोहराया है।

स्वाधीनता संग्राम के समय गांधी जी का जोर भी इस बात पर था। ब्रिटिश संसद में लॉर्ड मैकाले ने भी भारतीय संस्कृति को नष्ट करने वाले विचार व्यक्त किए थे। कहा था, "उच्चतर जीवन मूल्य और उत्कृष्ट क्षमताओं को देखते हुए भारतवासियों पर तब तक विजय नहीं प्राप्त हो सकती जब तक भारत की सांस्कृतिक परंपरा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती।" मैकाले जानता था कि सांस्कृतिक परंपरा में ही राष्ट्र का वैभव अंतर्निहित है। गांधी जी अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध आंदोलन कर रहे थे। यह आंदोलन राष्ट्रव्यापी था। राष्ट्रीय आंदोलनकारी अंग्रेजी सरकार के साथ ही अंग्रेजी सभ्यता से भी टकरा रहे थे। गांधी जी ने मैकाले के ज्ञान को अधम बताकर सत्याग्रही आक्रामकता का मार्ग चुना था। उन्होंने 'हिंद स्वराज' में लिखा था, "मैकाले हिन्दुस्तानियों को कमजोर मानता है। वह उसकी अज्ञान दशा है।" गाँधी जी ने कहा, "हिंदुस्तानी कभी कमजोर नहीं रहे। खेतों में हमारे किसान आज भी निर्भय होकर सोते हैं, जबकि अंग्रेज और आप वहां सोने के लिए आनाकानी करेंगे।"

भारतीय इतिहास का विरूपण किया गया। यूरोपीय विद्वानों ने इतिहास के साथ छल किया। आर्य भारत के मूल निवासी हैं। उन्हें योजनाबद्ध तरीके से विदेशी हमलावर बताया गया। कहा गया कि आर्य बाहर से आए और उन्होंने यहां की सभ्यता नष्ट कर दी। साम्राज्यवादी शक्तियों का तर्क था कि भारत में शक और हूण आए थे। सातवीं शताब्दी में इस्लाम आया। हमलावरों ने देश के भिन्न-भिन्न हिस्सों में लूटपाट की। उन्होंने देश पर कब्जा कर लिया, फिर यहां मुगलों का शासन हो गया। उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार जीवन यापन को कष्टप्रद बनाया। उसके बाद ईस्ट इंडिया कंपनी आई। कंपनी यहां व्यापार करने आई थी और सत्ताधीश हो गई। लगभग 200 साल तक ब्रिटिश सत्ता ने भारत की धन संपदा को लूटने का काम किया। उन्होंने स्कूली पाठ्यक्रम को भी विदेशी रंग में रंग दिया। साम्राज्यवादी शक्तियों का तर्क था कि वह भारत के लोगों को शिक्षित कर रहे हैं। अंग्रेजीराज का विरोध करने वाले लोगों का तर्क था कि भारत विदेशी सत्ता के अधीन ही रहता है। कभी इस्लामी शासकों के रूप में और कभी अंग्रेजों के रूप में। उनकी मानें तो भारत एक होटल जैसा है। यहां विदेशी आते हैं। लूटपाट करते हैं। आर्यों को हमलावर बताना भी इसी रणनीति का हिस्सा था।




हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश


अंग्रेजों द्वारा प्रचारित आर्य आक्रमण का कोई साक्ष्य इतिहास में नहीं मिलता। डॉक्टर अंबेडकर ने भी 'हू वेयर शूद्राज' में आर्यों के आक्रमण की बात को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि आर्यों का सबसे बड़ा ग्रंथ ऋग्वेद है। ऋग्वेद में कहीं भी आर्य आक्रमण नहीं मिलता। डॉ. अंबेडकर ने भारत में बहने वाली नदियों का उल्लेख किया है। ऋग्वेद के ऋषि यहां की नदियों के गीत गाते हैं। अगर आर्य दूसरे देश से आए थे, तो उनके साहित्य में वहां की नदियों के उल्लेख क्यों नहीं हैं? ऋग्वेद की सबसे प्रिय दो नदियां हैं। सरस्वती और सिंधु। सिंधु प्रत्यक्ष है और सरस्वती किसी प्राकृतिक घटना के कारण विलुप्त हो गई थी। सरस्वती पर शोध जारी है। वैदिक संस्कृति को इतिहास से बाहर करना, साम्राज्यवादी साजिश का ही हिस्सा है। इस मनोग्रंथि से शीघ्रातिशीघ्र छुटकारा पाने की आवश्यकता है।

लगभग 200 वर्ष के लंबे शासन में भारत पर अंग्रेजी सभ्यता के प्रभाव पड़ रहे थे। कुछ लोग अंग्रेजों को प्रशंसा की दृष्टि से देखते थे। कुछ लोग अंग्रेजों को भारतीय राष्ट्र निर्माण का श्रेय दे रहे थे। गांधी जी ने इस बात को गलत बताया और कहा कि भारत एक प्राचीन राष्ट्र है। पूरी अंग्रेजी सभ्यता मानवता विरोधी है। उन्होंने ब्रिटिश सभ्यता को भारत के लिए खतरनाक बताया। दरअसल अंग्रेजों का ज्ञान उधार का है। प्राचीन रोम और यूनान यूरोप के प्रेरणास्रोत रहे हैं। भारत का दर्शन जब धरती-आकाश नाप रहा था, तब तक अंग्रेजों की अपनी कोई दार्शनिक परंपरा विकसित नहीं हो पाई थी।

आखिरकार भारत के लोग कालवाह्य सभ्यताओं के चक्कर में क्यों फंसे हुए हैं? उन्होंने लिखा, "जो रोम और ग्रीस गिर चुके हैं, उनकी किताबों से यूरोप के लोग सीखते हैं।" उन्होंने लिखा, "सभ्यता वह आचरण है, जिससे व्यक्ति अपना फर्ज अदा करता है।" भारत आदिकाल से ही सामूहिक जीवन में है, इसीलिए मनुष्य को सामाजिक प्राणी कहा जाता है। पूर्वजों ने परस्पर मेल मिलाप का आचार शास्त्र विकसित किया था। सामाजिक संगठन की मजबूती के लिए अनेक स्तर पर प्रयास करने होते हैं। भारतीय ऋषियों ने, "सबके साथ-साथ चलने, परस्पर संवाद करने और सभा समितियों के माध्यम से कर्तव्य निर्धारित करने की व्यवस्था की है।"

ऋग्वेद के आखिरी सूक्त में ऋषि कहते हैं, "हम साथ-साथ चलें- संगच्छध्वं-संवदध्वं-हम साथ-साथ वार्तालाप करें। हमारी समितियां समान हों। मन समान हों।" पूर्वज भी ऐसी ही उपासना करते रहे हैं, लेकिन ब्रिटिश सत्ता अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करना चाहती थी। गांधी जी ने लिखा, "अंग्रेज हिंदुस्तानी बनकर रहे तो हम उनको यहां समावेश कर लेंगे।" भारत की सभ्यता की क्षति राष्ट्रवादियों के बर्दाश्त के बाहर थी। गांधी जी ने लिखा, "अंग्रेज अगर अपनी सभ्यता के साथ रहना चाहें, तो उनके लिए हिंदुस्तान में जगह नहीं है।" यह गांधी जी ने बहुत बड़ी बात कह दी है।" उन्हें अपना भारतीयकरण करना चाहिए। ईसाईकरण भारतीय सभ्यता पर खतरा है। ईसाई मिशनरियां राष्ट्रीय चरित्र बिगाड़ रही हैं। अन्य भी कई वर्ग भारत में ऐसा ही कर रहे हैं।

स्वाधीनता आंदोलन भारतीय संस्कृति, दर्शन और सभ्यता का ही प्रतिनिधि था। ब्रिटिश सत्ता व सभ्यता से सीधा संघर्ष करने के लिए गांधी जी ने अनेक विदेशी विद्वानों का उल्लेख किया। उन्होंने 'इंडियन एंपायर' पुस्तक से तमाम उद्धरण दिए। उन्होंने मैक्समूलर के लेखन से भारतीय दर्शन की श्रेष्ठता सिद्ध करने वाले अनेक उदाहरण दिए। उन्होंने एचएस मेन की पुस्तकों से पाणिनि के व्याकरण और भारतीय भाषा विज्ञान की प्राचीनता वाले हिस्से उद्धरत किए। यूरोप के पास विश्व मानवता को देने के लिए कुछ नहीं था। दर्शन यूनान की उधारी है। चिकित्सा विज्ञान भारत से अरब गया था और अरब से यूरोप।

एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार गणित के अंक भारत में खोजे गए। ऐसे अनेक उल्लेख संभव हैं। नाट्य शास्त्र का उद्भव भारत में हुआ। दुनिया का पहला अर्थशास्त्र कौटिल्य ने भारत में लिखा। प्राचीन भारत की बड़ी उपलब्धियां हैं। उन पर गर्व करना चाहिए, लेकिन साथ में यह भी देखना है कि जिस प्राचीन भारत की उपलब्धियां गौरवशाली हैं, यहां पिछले 500 वर्षों में वैज्ञानिक आविष्कार कम क्यों हुए हैं?

# एकाकी महिलाएं: विवादों से बचाएगी वसीयत

देश के सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों में क़ानूनी मामलों को कम करने के उद्देश्य से हाल ही में देश की उन समस्त एकल महिलाओं से, जिनके पति या बच्चे नहीं हैं, उन्हें अपनी संपत्ति और अधिकारों को लेकर जल्द से जल्द वसीयतनामा तैयार करने की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट की यह अपील कई मामलों में महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश में इस समय एकल महिलाओं के निधन के बाद उनकी संपत्ति को लेकर मायके और ससुराल वालों के बीच अदालती मामले काफी बढ़ने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट के दो सदस्यीय बेंच के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने माना है कि देश की अदालतों में एकल महिलाओं की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति को लेकर मायके और सुसराल पक्ष के बीच चलने वाले लम्बे क़ानूनी विवादों से एक और न्यायपालिका पर तो बोझ बढ़ता ही है, साथ ही मृतका के परिजनों का भी आर्थिक नुकसान होता है। इसका देश भर में रहने वाली एकल महिलाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा और वसीयतनामा बनाने के मामले में तेजी भी आएगी।




अरविंद रावल
लेखक


लाखों महिलाएं अलग-अलग कारणों से एकाकी जीवन यापन कर रही हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं या तो शासकीय सर्विस में हैं या फिर प्राइवेट सर्विस में। कुछ महिलाएं बिजनेस के क्षेत्र में भी कार्य कर अपना जीवन यापन करती हैं। पिछले कुछ वर्षों से एकल महिलाओं की तादाद तेजी से बढ़ी भी है। एकल महिलाओं कि मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति को लेकर उनके माता-पिता के साथ ही ससुराल पक्ष के लोग भी हक जताते हैं! देश भर की अदालतों में इस समय मृतक एकल महिलाओं की संपत्ति और अधिकारों को लेकर लाखों की तादाद में क़ानूनी मामले लंबित हैं, यह मुकदमे लंबे और खर्चीले होते जाते हैं, जिससे अदालतों का वक्त भी जाया होता है और मृतक एकल महिलाओं से संबंधित उसके वास्तविक हकदारों का समय और पैसा भी बर्बाद होता है।

> सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों में क़ानूनी मामलों को कम करने के उद्देश्य से हाल ही में एकल महिलाओं से, जिनके पति या बच्चे नहीं हैं, उन्हें अपनी संपत्ति और अधिकारों को लेकर जल्द से जल्द वसीयतनामा तैयार करने की अपील की है! यह अपील कई मामलों में महत्वपूर्ण है।

कई बार देखा गया है कि वसीयत न होने की बिना पर मामले काफी ज्यादा उलझ जाते हैं। कई दूसरे दावेदार भी आ जाते हैं, जो संपत्ति पर अपना हक जताते हैं। कई पक्षकार होने की वजह से अदालतों में यह मामले लंबे घसिटते रहते हैं। इन लंबित मुकदमों की वजह से सही दावेदारों का नुकसान होता है। अहम बात यह भी है कि वसीयत को रजिसटर्ड जरूर कराया जाना चाहिए। रजिस्टर्ड वसीयत न होने के बिना पर उसे फर्जी या गलत कहने का मामला भी बनता है और कई बार अदालत तक मामला पहुंच जाता है।

एकल महिलाओं की तरह ही देश का हर आदमी भी अपने जीते जी संपत्ति या अधिकारों की वसीयत क़ानूनी रूप से तैयार कर लेता है, तो निश्चित ही फिर कोई क़ानूनी विवाद की गुंजाईश नहीं के बराबर रहेगी और अदालतों पर भी अनावश्यक दबाव नहीं बढ़ेगा। उनका भी वक्त बचेगा तथा अन्य क़ानूनी मुकदमों के भी जल्द निराकरण होने की संभावनाएं बनेंगीं।

# शोर खत्म कर रहा है संवेदनशीलता

आधुनिक जीवन की गति इतनी तीव्र हो चुकी है कि व्यक्ति अपने ही भीतर सिमटने लगा है। हेडफोन आज हर उम्र के हाथ में दिखते हैं। सड़क पर चलते हुए, बस में बैठे या रात की नीरवता में मोबाइल स्क्रीन के सामने। संगीत, पॉडकास्ट, गेम या रील यह सब अब हमारे कानों की दुनिया में स्थायी रूप से बस चुके हैं। पर क्या हम यह समझ रहे हैं कि यह सुविधा धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य, व्यवहार और संवेदनशीलता को निगल रही है।

तकनीक ने मनुष्य के जीवन को अत्यंत सुविधाजनक बना दिया है। मोबाइल, लैपटॉप और इंटरनेट ने हमें आपस में जोड़ा है। दुनिया को हमारी हथेली पर ला खड़ा किया है, परंतु इस सुविधा के साथ एक अदृश्य खतरा भी धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को घेरे में ले रहा है और वह है हेडफोन का बढ़ता उपयोग। आज हेडफोन आधुनिक जीवन का प्रतीक बन चुके हैं। चाहे यात्रा हो या व्यायाम, ऑनलाइन क्लास हो या दफ्तर की मीटिंग, हर उम्र का व्यक्ति इनसे जुड़ा है। यह आवश्यकता धीरे-धीरे एक आदत में और फिर लत में बदलती जा रही है। भारत सहित पूरी दुनिया में हेडफोन का बाजार लगातार बढ़ रहा है।




संध्या राजपुरोहित
लेखिका


कभी गांवों में पत्तों की सरसराहट, पक्षियों की चहचहाहट और बहते पानी की ध्वनि मन को शांति देती थी। आज इन प्राकृतिक स्वरों की जगह इलेक्ट्रॉनिक बीट्स ने ले ली है। हमारी पीढ़ी वह संगीत सुन रही है, जो सुकून नहीं देता, बल्कि उत्तेजना पैदा करता है। यह एक ऐसी स्थिति है, जहां शोर अब मनोरंजन नहीं, बल्कि निर्भरता बन चुका है। आज जब हर जगह तेज़ आवाज़ों का साया फैला है, तब यह समझना जरूरी है कि यह 'मौन खतरा' हमारी पीढ़ी को भीतर से कमजोर कर रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की एक अन्यर रिपोर्ट के अनुसार, विश्व भर में लगभग एक अरब से अधिक युवा प्रतिदिन अत्यधिक आवाज़ में संगीत सुनने के कारण भविष्य में सुनने की क्षमता खोने के खतरे में हैं। भारत में भी यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। 2024 की एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, शहरी युवाओं में से लगभग 78 प्रतिशत प्रतिदिन चार घंटे से अधिक समय तक हेडफोन का उपयोग करते हैं। कई विद्यार्थी और किशोर तो दस-दस घंटे तक इनसे जुड़े रहते हैं। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि शहरी युवाओं में लगभग 15 फीसदी लोग आंशिक सुनने की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण हेडफोन का अत्यधिक उपयोग है।

दिनभर कानों में गूंजती आवाज़ें, न केवल श्रवण तंत्र को क्षतिग्रस्त करती हैं, बल्कि मस्तिष्क पर निरंतर दबाव भी डालती हैं। यही कारण है कि आजकल 'साइलेंस' का अर्थ ही बदल गया है। हम शोर के इतने अभ्यस्त हो चुके हैं कि बिना आवाज़ हमें बेचैनी घेर लेती है। डॉक्टरों का मानना है कि लंबे समय तक हेडफोन में तेज़ संगीत सुनने से श्रवण नाड़ी को स्थायी नुकसान पहुंचता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति को 'टिनिटस' जैसी समस्या हो सकती है।

# भावनात्मक एआई की उम्मीदें और खतरे

> फिलहाल एआई इंसानी भावनाओं को नहीं पढ़ सकता और न ही वह इन्हें शब्द दे सकता है। तकनीक का प्रयोग अच्छी बात है, लेकिन उस पर निर्भर होना ठीक नहीं है। तकनीक कितनी भी समुन्नत क्यों न हो जाए, आदमी के दिमाग को वह पीछे नहीं छोड़ सकती।

इन दिनों आए दिन एआई को लेकर कुछ न कुछ सामने आ रहा है। कभी वीडियो को लेकर तो कभी अनुवाद और लेखन के संदर्भ में पढ़ने और देखने को मिल जाता है। कहा जा रहा है कि एआई सब कुछ करने में समर्थ है। एक नया शब्द सामने आया है भावनात्मक एआई और उसका भविष्य। रिसर्च कहती है कि भावनात्मक एआई का भविष्य उज्ज्वल है। उनका मानना है कि जैसे-जैसे यह तकनीक बेहतर होती जाएगी, हम देखेंगे कि एआई हमारे साथ और अधिक सहज तरीकों से बातचीत करेगा। एआई न केवल बुनियादी भावनाओं को, बल्कि उन गहरी और जटिल भावनाओं को भी ग्रहण करेगा, जो हमारे अनुभवों को आकार देती हैं। यह प्रगति मशीनों के साथ हमारी बातचीत के तरीके को पूरी तरह से बदल सकती है।

एक्सपर्ट का मानना है कि एआई के विकास में जटिल भावनाओं को समझने की क्षमता भी विकसित हुई है। मशीन लर्निंग और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण में हुई प्रगति की बदौलत एआई अब साधारण भावनाओं की पहचान से आगे बढ़ गया है। यह निराशा, व्यंग्य और सहानुभूति जैसे सूक्ष्म संकेतों को पहचान सकता है। आज एआई मानवीय भावनाओं के सूक्ष्म विवरणों को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम होता जा रहा है। यह सिर्फ इस बात पर निर्भर नहीं करता कि क्या कहा जा रहा है, बल्कि यह भी कि कैसे कहा जा रहा है। एआई अब आवाज, चेहरे के भावों और यहां तक कि वाणी की लय में भावनात्मक बदलावों को भी पहचान सकता है। इससे उसे किसी व्यक्ति की भावनाओं को और गहराई से समझने में मदद मिलती है। बुनियादी भावना पहचान से लेकर संदर्भ और जागरूक व्याख्या तक की इस छलांग ने एआई के साथ हमारी बातचीत को किसी दूसरे व्यक्ति से बात करने जैसा बना दिया है।




अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार


भावनात्मक एआई तकनीक के साथ हमारी बातचीत के तरीके में क्रांति ला रहा है। जहां तक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र की बात है, तो इसमें भावनात्मक एआई मानसिक स्वास्थ्य सहायता के क्षेत्र में बदलाव ला रहा है। आभासी साथी रोगियों को अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और टेलीमेडिसिन सत्रों के दौरान स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के लिए बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। वहीं मनोरंजन और गेमिंग उद्योग भी इसका लाभ उठा रहे हैं। खेलों और फिल्मों में एआई चालित पात्र खिलाड़ियों या दर्शकों की भावनाओं के अनुकूल ढल सकते हैं, जिससे अधिक आकर्षक और यथार्थवादी अनुभव बनते हैं। इसके अलावा कार्यस्थल पर भावनात्मक एआई कर्मचारियों की भलाई पर नजर रखता है। बर्नआउट के लक्षणों का पता लगाता है और उत्पादकता बढ़ाने वाले सहायक वातावरण को बढ़ावा देता है।

जैसे-जैसे भावनात्मक एआई हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है, यह महत्वपूर्ण चुनौतियां और नैतिक प्रश्न भी उठा रहा है। एक बड़ी चिंता एआई द्वारा भावनाओं की गलत व्याख्या करने का जोखिम है। मानवीय भावनाएं जटिल होती हैं। जब एआई गलत व्याख्या करता है, तो इससे निराशाजनक या हानिकारक अनुभव भी हो सकते हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं को गलत समझे जाने का एहसास होता है। इसमें निजता भी चिंता का विषय है। भावनाओं और व्यक्तिगत डाटा पर नजर रखने की संवेदनशील प्रकृति का मतलब है कि मजबूत सुरक्षा के बिना इस जानकारी का दुरुपयोग हो सकता है। एक और चुनौती एआई प्रणालियों में पूर्वाग्रह की है। ये अक्सर विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और व्यक्तिगत अनुभवों में भावनाओं की सटीक व्याख्या नहीं कर पाते, जिसके परिणामस्वरूप गलत व्याख्या हो जाती है।

हमें इस बात को भी स्वीकार करना होगा कि एआई में भावनात्मक हेर-फेर का भी खतरा है। उदाहरण के लिए मार्केटिंग के क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल मुनाफे के लिए भावनाओं का शोषण करने के लिए किया जा सकता है। वहीं फैसलों को ऐसे तरीके से प्रभावित किया जा सकता है, जो उपयोगकर्ता के सर्वोत्तम हितों के अनुरूप न हों। इससे गंभीर नैतिक चिंताएं पैदा होती हैं। खासकर जब एआई का इस्तेमाल पारदर्शिता या निष्पक्षता के बिना व्यवहार को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। जैसे-जैसे हम भावनात्मक एआई को अपनाते हैं, इन चुनौतियों का सावधानीपूर्वक सामना करना महत्वपूर्ण हो जाता है। साथ ही यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक हो जाता है कि यह नैतिक सीमाओं को पार किए बिना हमारे जीवन को बेहतर बनाए।

# ज्ञानेंद्रियां और कर्मेंद्रियां होती हैं 10 और एक होता है मन

श्रीमद्भगवत गीता की व्याख्याओं का अंत नहीं है। इस ग्रंथ के 18 अध्यायों में वैचारिक-स्तर के विविध-योग पर सूक्ष्म दृष्टि डालने पर लगता है कि अर्जुन की जिज्ञासाओं के समाधान का यह ग्रंथ है। महाभारत के भीष्म पर्व के बीच श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद का प्रथम अध्याय अर्जुन विषाद योग है, तो अंतिम 18वां अध्याय मोक्ष संन्यास योग है। पहले अध्याय में नेत्र विहीन धृतराष्ट्र के युद्ध परिणाम जानने की जिज्ञासा का समाधान 18वें अध्याय में संजय द्वारा किया जाता है। धृतराष्ट्र की नेत्रविहीनता का आशय अंधकार और वह भी मन के भटकाव का सूचक है, तो अंतिम 18वें अध्याय के अंतिम श्लोक में संजय 'जहां कृष्ण और अर्जुन हैं, वहीं श्री, विजय, विभूति है' का उत्तर देते हुए समाधान प्रस्तुत करते हैं।




सलिल पांडेय
मिर्जापुर


कृष्ण योगेश्वर हैं, तो संजय का यह उत्तर सार्थक लगता है कि योग के जरिए यदि मूलाधार से लेकर सहस्रार तक के चक्रों को जागृत कर लिया जाए, तो यह शरीर रूपी पृथ्वी जो 'सुर-दुर्लभ सब ग्रंथन गावा' कहा गया है, वह शतप्रतिशत लागू हो जाएगा, क्योंकि अंतिम श्लोक में अर्जुन के लिए पार्थ शब्द का प्रयोग हुआ है। यानी पृथ्वीपुत्र अर्जुन पहले अध्याय में विषाद नहीं, बल्कि अपने जिज्ञासु स्वरूप को संपूर्ण पुरुष कृष्ण के समक्ष प्रकट करते हैं।

इसके अलावा इस ग्रंथ में अनेकानेक बार श्रीकृष्ण इंद्रिय, मन, शरीर की चर्चा अर्जुन से करते हैं कि इन्हें ही साध लेने वाला सच्चा साधक होता है। यदि श्रीकृष्ण के इन संकेतों पर ध्यान दिया जाए तो ज्ञानेंद्रियां और कर्मेंद्रियां दस होती हैं। एक मन होता है तथा योगशास्त्र के अनुसार सात चक्र होते हैं।

महाभारत ग्रंथ में भी कुल 18 पर्व आते हैं। युद्ध के मैदान में कौरवों के पास 11 तथा पांडवों के पास सात कुल 18 अक्षौहिणी सेना का संकेत भी उक्त अवधारणा को पुष्ट करता है। पांडवों के इन सात अक्षौहिणी सेना को साधने का मतलब मूलाधार से सहस्रार तक सातों चक्रों को जागृत करने से है। इस स्थिति में कोई भी पांडव जैसा श्रीकृष्ण का सखा हो सकता है तथा इस शरीर रूपी रथ की लगाम विवेक रूपी श्रीकृष्ण के हाथों में आ जाती है, वरना भौतिकता में अंधा डूबा मन धृतराष्ट्र बन जाता है और उससे निकलने वाले पुत्र रूपी भाव और कार्य दुर्योधन की सेना जैसे हो जाते हैं।

# बीजेपी की सियासत गलत तो मजलिस की सही कैसे!



मुसलमानों की अपनी पार्टी, हिंदुओं की अपनी पार्टी, सिखों की अपनी पार्टी, जंगे आज़ादी के दौरान यह सोच उभरी थी, लेकिन महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आज़ाद, सुभाष चंद्र बोस, यहां तक कि शुरूआती दिनों में जिन्ना तक इस विचार के घोर विरोधी थे, लेकिन अंग्रेजों की साज़िश ने ऐसा दांव खेला की जिन्ना न सिर्फ इस विचार के समर्थक बने, बल्कि देश के बंटवारे तक पर अड़ गए I यहां यह बात बताना ज़रूरी है कि जिन्ना और उनके चेले-चपाटों को छोड़ कर उस समय के सभी मुसलिम नेता और उलमा इस विचार के घोर विरोधी थेI मौलाना आज़ाद के अलावा मौलाना हुसैन अहमद मदनी, मौलाना अबुल अला मौदूदी, मौलन अनजर शाह कश्मीरी, खान अब्दुल गफ्फार खान आदि सभी उलमा और मुसलिम नेता धर्म की बुनियाद पर सियासी पार्टियों के गठन के विरोधी थे।

इन दूर दृष्ट वाले नेताओं ने बंटवारे का पूरी ताक़त से विरोध किया। सड़कों पर लीगी लंपटों की गालियां सुनीं, मौलाना आज़ाद को जूते का हार तक पहनाया गया, मगर उन्होंने उस खतरे का आखिरी दम तक विरोध किया जो मुस्लिम लीग के उन्मादियों ने बंटवारे की शक्ल में देश के सामने खड़ा कर दिया था। मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा ने साझा सरकारें तक बनाई थीं। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंगाल में मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा की साझा सरकार में उप मुख्यमंत्री थे, जिसके मुख्यमंत्री चौधरी फजल इलाही थे, जिन्होंने मुस्लिम लीग के ढाका इजलास में पाकिस्तान का प्रस्ताव पेश किया था। मुस्लिम लीग के जहरीले और 'पाकिस्तान का मतलब क्या ला इलाहा इल लल्ला' जैसे अधार्मिक गैर इस्लामी और घोर विभाजनकारी नारों ने देश के वातावरण को प्रदूषित कर रखा था।

लगभग एक सदी के बाद यह विभाजनकारी विचार फिर सर उठाने लगा है, 'नज़रियऐ पाकिस्तान' की तरह अब देश के मुसलमानों को 'अपनी कयादत' का जहर पिलाया जा रहा है और जिस तरह मुस्लिम लीग और जिन्ना को आरएसएस और हिंदू महासभा का मूक समर्थन हासिल था, ठीक उसी तरह आज बीजेपी का मूक समर्थन आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लमीन और बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को हासिल हैI बीजेपी की चाल है कि जिस तरह जिन्ना खुद को एक क्षत्र मुस्लिम नेता के तौर पर पेश करते थे, उसी तरह ओवैसी भी मुस्लिम नेता के तौर पर उभरें, ताकि कांग्रेस समेत अन्य सेक्युलर पार्टियों को जो 15% वोट बैंक है, उसमें और बिखराव हो और उसका रास्ता बिलकुल साफ हो जाएI यह हिंदू नेता मुस्लिम नेता और हिंदू पार्टी मुस्लिम पार्टी का जो खेल है, वह देश की 'भावनात्मक एकता और अखंडता' के लिए जहर हलाहल है।

अगर हम बीजेपी-आरएसएस की धर्म की बुनियाद वाली राजनीति के विरोधी हैं, तो हमें इसी पैमाने से मजलिस की राजनीति का भी विरोध करना होगाI धार्मिक उन्माद पर देश का बंटवारा हो जाने पर भारतीय मुसलमान पीढ़ी दर पीढ़ी इसका खामियाजा भुगतते रहेंगे। वह एक ऐसे जुर्म की सजा पाते रहेंगे, जो उन्होंने क्या उनके पुरखों ने भी नहीं किया था। दो राष्ट्रवाद के ज़हरीले विचार को लात मार कर उसी सरज़मीन पर ही बसे रहने का फैसला किया था, जहां वह सदियों से अपने हिंदू, सिख और अन्य धर्म के भाइयों के साथ मिलजुल कर रह रहे थेI उन्होंने मौलाना आजाद के फैसले को माना और गांधी नेहरू के आश्वासन और आंबेडकर के संविधान के साथ ही साथ अपने गैर मुस्लिम पड़ोसियों पर भी विश्वास किया था।

समाज का एक बड़ा वर्ग बंटवारे के इस जख्म को भरने में लगा हुआ है, लेकिन जितना मजलिस की राजनीति और उसकी स्वीकारता मुसलमानों में बढ़ती जाएगी, उतना ही यह वर्ग कमज़ोर होता जाएगा और जो बंटवारा अभी 60 फीसदी सेक्युलर वोटर्स का है, वह घटते-घटते 15-20 प्रतिशत ही रह जाएगा I मजलिस जैसी पार्टियां और उनके तंग दिल, तंग नज़र समर्थक रंग भर रहे हैंI भेड़ों की गड़रिये से नाराजगी पर भेड़िए से दोस्ती वाली कहावत यह लोग चरितार्थ कर रहे हैं।

-उबैद उल्लाह नासिर


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, दिए निर्देश

**अंबेडकरनगर :** जनपद के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिए। बता दें कि थाना जहांगीरगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जन सामान्य से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी आलापुर तथा संबंधित पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को एक-एक करके सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ किया जाए।

### छात्राओं को सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**अंबेडकरनगर :** मिशन शक्ति फेस 5 .0 के अंतर्गत जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों ने छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिलाएं एंबुलेंस सेवा, 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा, 112 आपातकालिन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी तथा छात्राओं को गुड टच बेड टच के बारे में बताया गया। शिक्षिकाओं के द्वारा छात्राओं को विशेष रूप से स्वास्थ्य और सुरक्षा की जानकारी प्रदान की गई। प्रमुख रूप से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगर पालिका परिषद टांडा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज इनामीपुर, राजकीय बालिका हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब टांडा, राजकीय हाईस्कूल डिहवा मोहिउद्दीनपुर, राजकीय बालिका हाईस्कूल बसिया और बड़ेपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# गंभीरता से पूरा करें पुनरीक्षण कार्यः डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश, चार लाख से ज्यादा गणना प्रपत्रों की हुई फीडिंग

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर गतिशील निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं और वर्तमान में इन प्रपत्रों को भरवाकर डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। जनपद में शनिवार को अपराह्न 04 बजे तक कुल 18 लाख 70 हजार 776 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने के साथ ही 4 लाख 01 हजार 181 गणना प्रपत्र बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइज किया गया है।

पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध, संवेदी और कुशलतापूर्वक संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षकों, ग्राम प्रधानों, कोटेदारों, प्रधानाचार्यों, पंचायत सहायकों, लेखपालों, रोजगार सेवकों, सफाई कर्मियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं सहित सभी ग्राम स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की विकास खंडवार बैठकों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम ने विकास खंड बसखारी, जयराम इंटर कॉलेज रामनगर, विकासखंड जहांगीरगंज और सया इंटर कॉलेज भीटी में बैठक कर संबंधित ग्राम स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग टीम भावना के साथ बीएलओ को मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कराने और उनके समयबद्ध डिजिटाइजेशन में पूरा सहयोग दें, जिससे त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, संबंधित उप जिलाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व साथ में मौजूद अन्य। अमृत विचार

**जिलाधिकारी ने बीएलओ को किया सम्मानित :** जिलाधिकारी ने जहांगीरगंज के कठमोरवा, केदरूपुर सहित अन्य बूथों के कर्मचारियों से बात कर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। तहसील में बूथ संख्या 366 की बीएलओ इंद्रावती, बूथ संख्या 325 की सुनीता देवी, 284 बूथ संख्या की उमा देवी, सुमन मौर्य और दिनेश पटेल को उनके शानदार प्रदर्शन करने पर जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण कार्य में शिथिलता बरतने वाले किसी भी कार्मिक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जलालपुर ब्लॉक में एसआईआर फॉर्म भरने की रफ्तार तेज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के सख्त निर्देशों के बाद विशेष पुनरीक्षण 2026 के तहत एसआईआर फॉर्म भरने का कार्य पूरे जनपद में तेज हो गया है। जिलाधिकारी ने बीते शुक्रवार को जलालपुर स्थित नरेंद्र इंटर कॉलेज में बीएलओ, सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट कहा था कि 30 नवंबर तक हर हाल में कार्य पूरा होना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में जलालपुर ब्लॉक के गौरा कमाल गांव में शनिवार को पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान दीपचंद यादव उर्फ लालू, बीएलओ सुमन देवी, पंचायत सहायक खुशबू यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री ममता कुमारी, सफाई कर्मी शीतला प्रसाद, कोटेदार राम पलट मौर्य समेत सभी कर्मी सुबह से ही बैठकर एसआईआर फॉर्म अपडेट करने में जुटे रहे। ग्राम प्रधान लालू यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के बाद टीम ने कार्य में और तेजी ला दी है।

# गणना प्रपत्रों के एकत्रित करने और फीडिंग कार्य में करें सहयोग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रहण कार्य संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विकास खंड अधिकारियों और सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों को बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गणना प्रपत्रों के एकत्रित करने और फीडिंग करने के कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक, उपजिलाधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए इस महत्वपूर्ण निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।






# 23 से 26 तक भारी वाहनों का रहेगा डायवर्जन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**सख्ती**

- **श्रीराम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के चलते यातायात व्यवस्था में बदलाव**

**अमृत विचार।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। यह व्यवस्था 23 नवंबर की मध्यरात्रि से लागू होगी और 26 नवंबर की रात 10 बजे तक जारी रहेगी।

यह विशेष यातायात प्रबंधन 25 नवंबर को होने वाले श्रीराम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए किया गया है। प्रारंभिक चरण में भारी वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा, हालांकि भीड़ बढने की स्थिति में हल्के वाहनों के लिए भी डायवर्जन लागू किया जा सकता है। इस अवधि में केवल आपातकालीन वाहनों को ही आवागमन की अनुमति होगी। गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती और कलवारी से अयोध्या की ओर जाने वाले भारी वाहनों को सम्हरिया चौराहा से डायवर्ट किया जाएगा। यह वाहन इनामीपुर पुल से नीचे अकबरपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। पुल बंद होने के कारण इस मार्ग पर सीधा आवागमन संभव नहीं है। इसी प्रकार घनघटा और बिड़हर घाट से अकबरपुर होते हुए अयोध्या जाने वाले वाहनों को रामनगर से मोड़ा जाएगा।

अलीगंज के सम्हरिया चौराहा से सेवागंज बैरियर होकर अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अहिरौली के यादवनगर तिराहा और भीटी के चनहा चौराहा से अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को सुल्तानपुर रोड की ओर मोड़ा जाएगा। यातायात उपनिरीक्षक जयबहादुर यादव ने बताया कि अकबरपुर शहर में भी विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी।

## परिजनों ने शव को मार्ग पर रखकर लगाया जाम, कार्रवाई की मांग

**अंबेडकरनगर।** जनपद में एक डंपर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने शनिवार को अकबरपुर-इल्तिफातगंज मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। वह हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। यह घटना अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के चंदैनी गांव के पास हुई। बता दें कि चंदैनी निवासी दिवाकर डंपर चलाने का काम करता था। उसकी बीते दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को अकबरपुर-इल्तिफातगंज मार्ग पर चंदैनी के पास ले आए और सड़क जाम कर दी। परिजनों ने अकबरपुर कोतवाली में डंपर मालिक साधु यादव के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए एक प्रार्थना पत्र दिया है और कार्रवाई की मांग की है। जाम की सूचना मिलने पर अकबरपुर और इब्राहिमपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ नीतीश तिवारी ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और शव के अंतिम संस्कार के लिए भेजवाया।

# मतदाता पुनरीक्षण में सहयोग करें कार्यकर्ताः विकास

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- **भाजपा जिला कार्यालय में जिला प्रवासी भाजपा क्षेत्रीय मंत्री ने पदाधिकारियों और अभियान संयोजकों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार।** प्रदेश में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में संगठन के बीएलए 2, बूथ अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्बन्ध में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जिला प्रवासी भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह की उपस्थिति और भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी, अभियान संयोजकों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह ने कहा कि एसआईआर के द्वारा स्वच्छ और सही मतदाता सूची बने, इसमें भाजपा के वरिष्ठ से लेकर कनिष्क पदों पर कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका संगठन द्वारा निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर नियुक्त बीएलए 2 और बूथ अध्यक्ष को बीएलओ का सहयोग करते हुए कोई योग्य व्यक्ति मतदाता बनने से छूटे नहीं, इसे ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण से लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी ढंग से सम्पन्न होगी। प्रत्येक दिन हमें अभियान में संगठन की अपेक्षा अनुरूप व्यावहारिक रूप से लग कर अपने बूथ पर कार्य करना है। उन्होंने बैठक में उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों का वृत्त लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि विधान सभाओं और मंडलों में संगठन द्वारा जो कार्य करने हैं उनको विशेष रुचि लेकर समय से पूरा करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव ने किया। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि जनपद के पांचों विधान सभाओं और मंडलों में संयोजक नियुक्त कर प्रत्येक दिन बूथों की मानीटरिंग टीम द्वारा करवाया जा रहा है। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह जनपद में प्रवास कर लगातार अभियान को गति देने में लगे हुए हैं।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला प्रवासी भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह व साथ में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय। अमृत विचार

बैठक में मुख्य रूप से अभियान संयोजक मनोज मिश्रएएमएलसी डॉ हरिओम पाण्डेयए विधायक धर्म राज निषादए पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादवए पूर्व विधायक त्रिवेणी रामए जय राम विमलए अनीता कमलए पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविंद सिंहए जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंहए रमेश चंद्र गुप्ताए विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनूए जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादवए सुरेश कन्नौजियाए आदित्य शुक्लाएवीरेंद्र वर्माएजिला मंत्री संजय सिंहए चंद्रिका प्रसादए दीपक तिवारीए विनय पाण्डेयए पंकज वर्माए शाश्वत मिश्रए अमर नाथ सिंहएडॉ पूनम रायए रमेश यादवए आनंद श्रीवास्तवए अभिषेक निषादए अमरजीत मौर्य आदि शामिल रहे।

## पराली जलाने पर होगी कार्रवाई

**अंबेडकरनगर।** डीएम अनुपम शुक्ला ने फसल अवशेष पराली जलाने से वातावरण एवं मृदा की उपजाऊ शक्ति पर पडने वाले दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक करने और फसल अवशेष पराली जलाने के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि अपशिष्ट या पराली को जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य, पशुओं एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और मृदा की उपजाऊ शक्ति भी घटती है जिससे फसल उत्पादन भी प्रभावित होता है। अतः कृषक पराली न जलाएं और पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय जैसे मल्चर, हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम आदि का उपयोग करें।










**एयर इंडिया व एयर कनाडा में फिर बहाल हुआ कोडशेयर**

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने कनाडा की एयरलाइंस एयर कनाडा के साथ कोडशेयर समझौता फिर बहाल किया है, जिससे यात्रियों को ज्यादा विकल्प मिल सकेंगे। एयर इंडिया ने शनिवार को बताया कि यह समझौता 2 दिसंबर से प्रभावी होगा। इससे उसके यात्री वैंकूवर और लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के जरिये कनाडा के छह शहरों तक एयर इंडिया की वेबसाइट से एआई कोड के साथ टिकट बुक करा सकेंगे।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 23 नवंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### 8,000 करोड़ रुपये जुटाएगी सागरमाला

**नई दिल्ली।** सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएमएफसीएल) देश की समुद्री ताकत को और मजबूत करने के लिए चालू वित्त वर्ष में बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बॉण्ड के जरिए 8,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। एसएमएफसीएल को पहले सागरमाला डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। यह भारत की पहली समुद्री क्षेत्र विशिष्ट गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। एसएमएफसीएल ने कहा कि हाल ही में आयोजित वार्षिक आम बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में 8,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। साथ ही उधारी सीमा 25,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने को भी स्वीकृति दी गई।

### रवींद्रन को एक अरब डॉलर चुकाने का आदेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका की अदालत ने बायजू अल्फा और अमेरिका स्थित ऋणदाता जीएलएएस ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की याचिका पर बायजू रवींद्रन के खिलाफ डिफॉल्ट निर्णय सुनाया है। आदेश के तहत रवींद्रन को एक अरब डॉलर से अधिक की राशि चुकानी होगी। यह फैसला 20 नवंबर को आया। सुनवाई के दौरान डेलावेयर दिवाला अदालत ने पाया कि रवींद्रन ने उसके दस्तावेजी जानकारी आदेश का पालन नहीं किया और कई मौकों पर टालमटोल करते रहे। अदालत ने प्रतिवादी रवींद्रन के खिलाफ डिफॉल्ट निर्णय सुना दिया है। इसमें 533,000,000 डॉलर भुगतान के लिए तय की गई है, और खंड 2, 5 और 6 से संबंधित मामले में 540,647,109 .29 डॉलर की राशि चुकाने का आदेश दिया गया है।

### इंडिगो की मूल कंपनी सेंसेक्स में होगी शामिल

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाले इंटरग्लोब एविएशन 22 दिसंबर से बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने बताया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड को इस सूचकांक से बाहर कर दिया जाएगा। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सूचकांकों के पुनर्गठन के तहत इन बदलावों की घोषणा की है, जो 22 दिसंबर को बाजार खुलते ही प्रभावी हो जाएंगे। बीएसई 100 सूचकांक में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को शामिल किया जाएगा, जो अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की जगह लेगा।

# श्रम संहिता से मजबूत होगा देश का निर्यात तंत्र

## अस्थिर वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा और अनुपालन मानकों को पूरा करने के लिए सुधार की थी जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि श्रम संहिताओं के लागू होने से देश का निर्यात तंत्र मजबूत होगा। यह सुधार अस्थिर वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा और अंतर्राष्ट्रीय अनुपालन के मानकों को पूरा करने के लिए बहुत जरूरी थे।

अधिकारी ने कहा कि श्रमिकों के लिए ये प्रावधान निष्पक्ष मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, समानता, कौशल उन्नयन के अवसर और श्रम की गरिमा सुनिश्चित करते हैं। एक ऐतिहासिक कदम में सरकार ने शुक्रवार को 2020 से लंबित चारों श्रम संहिताओं को लागू कर दिया। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि संहिताओं के हर प्रावधान अलग-अलग तरीके से भारत के निर्यात तंत्र को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात करने वाले उद्योगों के लिए ये संहिताएं लचीलापन, सरलीकरण और पूर्वानुमान उपलब्ध कराती हैं, जो वैश्विक बाजारों की अस्थिरता में प्रतिस्पर्धा करने और विदेशी अनुपालन मानकों को पूरा करने के लिए जरूरी है। नियुक्ति और मजदूरी में लिंग के आधार पर भेदभाव पर रोक से समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित होगा। निर्यात उद्योगों के लिए इससे घरेलू प्रथाएं अंतर्राष्ट्रीय श्रम और मानवाधिकार मानकों के अनुरूप होंगी। महिलाओं को उनकी सहमति और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ रात की पाली में काम करने की अनुमति देने का प्रावधान उन निर्यात उद्योगों के लिए बहुत फायदेमंद है, जो 24 घंटे लगातार उत्पादन करते हैं, ताकि अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डर समय से जा सकें। अब परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सेवाओं जैसे क्षेत्र की कंपनियां उचित परिवहन, सुरक्षा और कल्याण व्यवस्था के साथ कानूनी रूप से महिलाओं को देर रात काम पर रख सकती हैं।

### सरकार, नियोक्ता और कर्मचारियों के बीच संवाद जरूरी : आईएलओ

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ हौंग्बो ने कहा कि भारत में श्रम संहिताएं लागू होने के बीच सरकार, नियोक्ता और कर्मचारियों के बीच सामाजिक संवाद बहुत जरूरी है, तभी ये संहिताएं कर्मचारियों और कारोबार, दोनों के लिए फायदेमंद होंगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भारत में श्रम संहिताओं को लागू किए जाने को मैं बड़ी दिलचस्पी से देख रहा हूं। खासकर सामाजिक सुरक्षा और न्यूनतम मजदूरी से जुड़े हिस्सों को। इस बीच श्रम संहिताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस के निदेशक सज्जा प्रवीण चौधरी ने कहा कि 40 साल से ऊपर के कर्मचारियों के लिए सालाना स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करना यह दिखाता है कि अब संगठन अपने कर्मचारियों की सेहत को कितनी गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय में यह नीति और सक्रिय स्वास्थ्य प्रबंधन का मेल नियोक्ता और कर्मचारी दोनों को फायदा देगा। फाउंडेशन फॉर इकॉनॉमिक डेवलपमेंट के संस्थापक और निदेशक राहुल अहलूवालिया ने कहा कि नई श्रम संहिताएं विनिर्माताओं के लिए अनुपालन बोझ कम करती हैं और छंटनी की सीमा, तिमाही कार्य घंटे जैसे कई मामलों में राज्यों को अच्छा लचीलापन देती हैं।

### गिग श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देगी श्रम संहिता

जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटरनल लिमिटेड ने शनिवार को चारों श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया। इससे गिग श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच मजबूत होगी, जिसमें उसके जोमैटो और ब्लिंकिट कारोबार से जुड़े डिलीवरी साझेदार भी शामिल हैं। इटरनल ने शेयर बाजार को बताया कि लंबी अवधि में इन नए नियमों का उसके कारोबार की सेहत और स्थिरता पर कोई नकारात्मक वित्तीय असर नहीं पड़ेगा। सरकार ने शुक्रवार को चारों श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया, जिनके जरिए मौजूदा 29 श्रम कानूनों को एकीकृत किया गया है। ये संहिताएं – वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 हैं।

# चावल-गेहूं नरम, दालों व खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- चावल 40 और गेहूं 15 रुपये प्रति क्विंटल हुआ सस्ता

दिल्ली थोक जिंस बाजार में आवक बढ़ने से शनिवार को चावल के भाव उतर गए। गेहूं में भी नरमी रही जबकि चीनी के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही स्थिर रहे। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 40 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। गेहूं भी 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। आटे की कीमत में पांच रुपये कमी आई। उड़द दाल की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी जबकि अन्य दालें सस्ती हुईं। मसूर दाल 43 रुपये और तुअर दाल 38 रुपये प्रति क्विंटल गयी। मूंग दाल की कीमत 11 रुपये और चना दाल की 13 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।

सोया तेल के भाव 36 रुपये और पाम ऑयल के 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। सूरजमुखी तेल की कीमत कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रही। मूंगफली तेल 157 रुपये और वनस्पति आठ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आवक अधिक रहने से आज गुड़ 17 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। चीनी के भाव लगभग पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहे।

# रेलवे ने एक अरब टन माल ढुलाई का आंकड़ा किया पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रेल मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि प्रमुख क्षेत्रों से व्यापक समर्थन से हुआ प्राप्त

रेलवे का माल ढुलाई प्रदर्शन भारत की आर्थिक रीढ़ को लगातार मजबूत कर रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 19 नवंबर तक कुल माल ढुलाई ने एक अरब टन का आंकड़ा पार कर लिया है। रेल मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इस दौरान कुल माल ढुलाई 102 करोड़ टन से अधिक रही।

मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि प्रमुख क्षेत्रों से व्यापक समर्थन को दर्शाती है। कोयला सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा, जिसकी मात्रा 50.5 करोड़ टन है। लौह अयस्क 11.5 करोड़ टन, सीमेंट 9.2 करोड़ टन, कंटेनर व्यापार 5.9 करोड़ टन, कच्चा लोहा और तैयार इस्पात 4.7 करोड़ टन, उर्वरक 4.2 करोड़ टन, खनिज तेल 3.2 करोड़ टन, खाद्यान्न तीन करोड़ टन, इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल लगभग दो करोड़ टन और अन्य माल 7.4 करोड़ टन रहा। दैनिक माल ढुलाई लगभग 44 लाख टन पर मजबूत बनी हुई है, जो पिछले वर्ष के 42 लाख टन से अधिक है, और यह बेहतर संचालन दक्षता और लगातार मांग को दर्शाता है।

## इस्पात उद्योग को राहत 55 आईएस मानकों का प्रवर्तन टला

**नई दिल्ली।** इस्पात उद्योग को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने 55 आईएस (इंडियन स्टैंडर्ड) मानकों का प्रवर्तन एक से तीन साल के लिए टाल दिया है। इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि संभावित डाउनस्ट्रीम मूल्य निर्धारण प्रभावों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा उपभोक्ता उद्योगों के लिए इस्पात की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की जरुरत और कुछ विशेष ग्रेड के लिए आयात पर निरंतर निर्भरता को ध्यान में रखते हुए गैर-वित्तीय नियामक सुधारों पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर यह फैसला किया है। समिति ने अनुचित व्यापार प्रथाओं की रोक, छोटे इस्पात उत्पादकों को समर्थन और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन देने के विचारों का आकलन किया।

# भारत इजराइल कृषि सहयोग बढ़ाने पर सहमत

- इजराइल के कृषि मंत्री से मिले केंद्रीय उद्योग गोयल, द्विपक्षीय सहयोग पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने इजरायल दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को यहूदी राष्ट्र के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचर से मुलाकात की, जिसमें दोनों देश खेती-बाड़ी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। गोयल और डिचर की बैठक के दौरान कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग की स्थित और उसके भविष्य पर विस्तार से चर्चा की गयी।

डिचर ने इज़राइल के 25 साल के खाद्य सुरक्षा रोडमैप, आधुनिक बीज-वर्धन रणनीति और कृषि के लिए पानी के पुनः उपयोग की प्रौद्योगिकी में देश की अग्रणी स्थिति के बारे में जानकारी दी। गोयल पेरेस सेंटर फ़ॉर पीस एंड इनोवेशन भी गये जहां उन्हें इजराइल के अग्रणी प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी के बारे में बताया गया। उन्होंने वहां ड्रिप सिंचाई प्रणाली, स्टेंट प्रौद्योगिकी और आयरन डोम प्रणाली सहित कई महत्वपूर्ण नवाचार देखे। साथ ही, भविष्य की प्रौद्योगिकी और इमर्सिव वर्चुअल-रियलिटी समाधानों से भी रूबरू हुए। उन्होंने पेरेस सेंटर को एक प्रेरणा देने वाला संस्थान बताया जो इजराइल की रचनात्मकता, नवाचार और सामाजिक प्रभाव की यात्रा को दिखाता है।

केंद्रीय मंत्री किबुत्ज़ रमत राचेल भी गए जहां उन्होंने को-ऑपरेटिव लिविंग, टिकाऊ कृषि पद्धति और समुदाय आधारित नवाचार के मॉडल को देखा। इन सबके जरिये गोयल ने इजराइल की प्रौद्योगिकी ताकत और ग्रामीण एवं सतत विकास के प्रति उनकी सोच के बारे में जानकारी मिली। अपनी यात्रा के पहले दिन 20 नवंबर को गोयल ने इजरायल के आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत से मुलाकात की थी।

दोनों नेता मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता द्विपक्षीय वार्ता शुरू करने पर सहमत हुए और वार्ता प्रक्रिया के निर्देशन के लिए टर्म्स ऑफ रिफ्रेंस समझौते पर हस्ताक्षर किये। उसी दिन उन्होंने विभिन्न इजराइली कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने हीरा व्यापारियों से मुलाकात की। दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में हीरे का व्यापार काफी महत्व रखता है। वाणिज्य एवं व्यापार मंत्रालय की विज्ञप्ति में बताया गया है कि गोयल ने इस यात्रा के दौरान कृषि, प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार में दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए कई बैठकें कीं।



# शीतकालीन सत्र के लिए 10 विधेयक सूचीबद्ध

## निजी कंपनियों के लिए असैन्य परमाणु क्षेत्र को खोलने के प्रावधान वाला विधेयक भी सूची में सरकार ने किया शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश करने के लिए कुल 10 विधेयकों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें निजी कंपनियों के लिए असैन्य परमाणु क्षेत्र को खोलने के प्रावधान वाला एक विधेयक भी शामिल है। 'परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025' भारत में परमाणु ऊर्जा के उपयोग और विनियमन को नियंत्रित करने के उद्देश्य लाया जा रहा है। इस सत्र के लिए उच्च शिक्षा आयोग विधेयक भी सरकार के एजेंडे में है।

लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, प्रस्तावित कानून विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र और स्वशासी संस्थान बनने और मान्यता व स्वायत्तता की एक मजबूत और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए भारत के उच्च शिक्षा आयोग की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक भी परिचय के लिए सूचीबद्ध है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए तेज़ और पारदर्शी भूमि अधिग्रहण करना है।

कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक भी एजेंडे में है, जिसका उद्देश्य व्यवसाय करने में आसानी की सुविधा के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और एलएलपी (सीमित देयता भागीदारी) अधिनियम, 2008 में संशोधन करना है। सरकार के एजेंडे में प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक (एसएमसी), 2025 है, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992, डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 के प्रावधानों को एक तर्कसंगत एकल प्रतिभूति बाजार संहिता में समेकित करने का प्रस्ताव करता है। सरकार मध्यस्थता और सुलह अधिनियम में संशोधन की भी योजना बना रही है।

विधि मंत्रालय ने कहा कि कानून की धारा 34 में प्रस्तावित संशोधन और कंपनी निदेशकों पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी पर सरकार को इस मुद्दे को समिति के पास भेजना पड़ा है। प्रस्तावित संशोधन इसी का परिणाम है। पिछले सत्र के दो विधेयक भी विचार और पारित करने को सूचीबद्ध हैं। वर्ष का पहला अनुपूरक बजट भी एजेंडे में है। शीतकालीन सत्र आगामी एक दिसंबर को शुरू होगा। कुल 15 कार्य दिवस वाला यह सत्र 19 दिसंबर को समाप्त होगा।

### यूजीसी का स्थान लेगा शिक्षा विनियामक

उच्च शिक्षा के एकीकृत विनियामक के लिए संसद सत्र में विधेयक पेश होगा जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का स्थान लेगा। प्रस्तावित विधेयक का नाम भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक रखा गया है। नई नीति के तहत प्रस्तावित भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई), यूजीसी, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) का स्थान लेगा। यूजीसी गैर तकनीकी उच्च शिक्षा का विनियामक है जबकि एआईसीटीई तकनीकी शिक्षा का विनियमन करता है और एनसीटीई शिक्षक शिक्षा का नियामक निकाय है।

### बाजार कानून से कारोबार होगा आसान

लोकसभा सचिवालय ने बताया कि शीतकालीन सत्र के लिए प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक को सूचीबद्ध किया गया है। यह एकीकृत बाजार संहिता कारोबार को आसान बनाएगा। विधेयक का मकसद सेबी कानून 1992, डिपॉजिटरीज कानून 1996 और प्रतिभूति लेनदेन (नियमन) कानून 1956 के प्रावधानों को संहिता में मिलाना है। बाजार संहिता का प्रस्ताव 2021-22 के आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी। बाजार संहिता से अनुपालन की लागत कम होगी और पूंजी बाजार नियामक सेबी, डिपॉजिटरी तथा सरकार द्वारा बनाए नियमों के बीच टकराव कम होगा।

# मप्र : काम के दबाव से दो बीएलओ की मौत

**रायसेन/दमोह (मप्र), एजेंसी**

मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए सर्वे करने वाले दो शिक्षक-सह-बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की रायसेन और दमोह ज़िलों में बीमारी से मौत हो गई। शिक्षकों के परिजनों ने ज्यादा काम के दबाव को मौत का कारण बताया है।

सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि रायसेन ज़िले में बीएलओ छह दिनों से लापता है, उसकी तलाश जारी है। मृतकों में बीएलओ रमाकांत पांडे और सीताराम गोंड है। दोनों रायसेन और दमोह ज़िलों में पदस्थ थे। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) और इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया, सतलापुर के शिक्षक रमाकांत पांडे मंडीदीप में एसआईआर पर काम कर रहे थे। पांडे की मौत की सही वजह पर उन्होंने कहा, हम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतज़ार कर रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि लापता बीएलओ भव्य सिटी निवासी शिक्षक नारायण दास सोनी है। वह छह दिनों से लापता हैं। पांडे की पत्नी रेखा ने दावा किया कि वह बहुत ज्यादा काम के बोझ से जूझ रहे थे।

जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने बताया कि दमोह जिले में, रंजरा गांव में नियुक्त बीएलओ शिक्षक गोंड गिनती के फॉर्म भरते समय बीमार पड़ गए। उन्हें दमोह के जिला अस्पताल ले जाया गया और गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। गोंड के दोस्तों ने दावा किया कि उन पर काम दबाव था क्योंकि वह केवल 13 प्रतिशत काम कर पाए थे। वहीं, दमोह ज़िले में सड़क हादसे में बीएलओ श्याम सुंदर शर्मा की मौत हो गई थी। उनके परिजनों ने बताया कि वह काम की वजह से दबाव में थे।

### प. बंगाल: नदिया में मिला बीएलओ का शव मिला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में महिला बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) शनिवार सुबह अपने घर में मृत मिली। पुलिस के अनुसार, उसके परिजनों ने आरोप लगाया है कि वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी काम से तनाव में थी और उसने आत्महत्या की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीएलओ की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह अब वास्तव में चिंताजनक है। बनर्जी ने 'एक्स' पर कहा, एक और बीएलओ, एक महिला पैरा-शिक्षक की मौत की खबर सुनकर सदमा लगा है, जिसने आज कृष्णानगर में आत्महत्या कर ली। एसी 82 छपरा के भाग संख्या 201 की बीएलओ श्रीमती रिंकू तरफदार ने अपने आवास पर आत्महत्या करने से पहले अपने सुसाइड नोट में भारत निर्वाचन आयोग को दोषी ठहराया है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि रिंकू तरफदार (52) नाम की बीएलओ का शव छपरा के कृष्णानगर स्थित बंगालझी इलाके में उनके घर के कमरे में छत से लटका मिला है।

# अल-फलाह के कुलाधिपति के मकान पर कार्रवाई से रोक




**दिल्ली कार विस्फोट**

**इंदौर, एजेंसी**

फरीदाबाद के अल-फलाह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जवाद अहमद सिद्दीकी के महू स्थित पैतृक मकान का अनधिकृत निर्माण हटाने को लेकर छावनी परिषद के नोटिस के अमल पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने अंतरिम रोक लगा दी है। हिबानामा (इस्लामी परंपरा के मुताबिक भेंट स्वरूप किसी व्यक्ति के नाम जायदाद कर देना) के जरिये इस मकान पर मालिकाना हक का दावा करने वाले व्यक्ति की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया।

दिल्ली में लाल किला के निकट धीमी गति से चलती कार में हुए विस्फोट की घटना के बाद, अल-फलाह विवि कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जांच के घेरे में है। दस नवंबर को हुए इस विस्फोट में 15 लोगों की जान चली गई थी। विवि के कुलाधिपति सिद्दीकी महू के हैं और उनके पिता हम्माद अहमद महू के शहर काजी रहे थे जिनका वर्षों पहले निधन हो चुका है। इंदौर से 30 किमी दूर महू की छावनी परिषद के रिकॉर्ड में मुकेरी मोहल्ले का मकान जवाद के दिवंगत पिता के नाम पर दर्ज है।

### जम्मू एसआईए ने सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल मामले में एक को पकड़ा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) ने शनिवार को सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल मामले में एक व्यक्ति को पकड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान बटमालू इलाके के निवासी तुफैल नियाज भट के रूप में हुई है। उसे सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अक्टूबर के मध्य में नौगाम के बनपोरा में दीवारों पर पुलिस और सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले पोस्टर चिपकाने के मामले में श्रीनगर पुलिस द्वारा जांच शुरू करने के बाद पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. जीवी संदीप चक्रवर्ती ने व्यक्तिगत रूप से जांच का नेतृत्व किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहले तीन संदिग्धों (आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद) को गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ के बाद मौलवी इरफान अहमद को गिरफ्तार किया गया। वह पूर्व पैरा-मेडिक था और अब इमाम है। उसने कथित तौर पर पोस्टर मुहैया कराए थे और चिकित्सकों को कट्टरपंथी बनाया था। जांचकर्ता फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय पहुंचे। वहां डॉ. मुजफ्फर गनई और डॉ. शाहीन सईद को गिरफ्तार किया गया और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की गई।

### आरोपी की एनआईए मुख्यालय में वकील से मुलाकात की याचिका मंजूर

नई दिल्ली। अदालत ने लाल किला के पास चलती कार में हुए विस्फोट मामले के आरोपी जसीर बिलाल वानी की एनआईए मुख्यालय में अपने वकील से मुलाकात की अनुमति देने वाली याचिका को स्वीकार कर लिया। अदालत के सूत्रों ने बताया कि यह अनुमति पटियाला हाउस अदालत की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने दी। शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने आरोपी की इस याचिका पर कोई आदेश देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि वानी यह दर्शाने में विफल रहा कि निचली अदालत ने उसके अनुरोध को खारिज कर दिया है।

## श्रम संबंधी 29 मौजूदा कानून चार संहिताओं में किए गए पेश: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस में शनिवार को दावा किया कि श्रम संबंधी 29 मौजूदा कानूनों को चार संहिताओं में समाहित करके नए रूप में पेश किया गया और इसे एक क्रांतिकारी सुधार के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र सरकार को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और राजस्थान की पूर्व कांग्रेस सरकार से सामाजिक सुरक्षा उपायों के संबंध में सीख लेनी चाहिए।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 29 कानूनों को चार संहिताओं में समाहित करके नए रूप में पेश कर दिया गया है। इसे क्रांतिकारी सुधार के रूप में प्रचारित किया जा रहा है जबकि नियमों को अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया है। क्या ये संहिताएं श्रमिक न्याय के लिए भारत के श्रमिकों की पांच आवश्यक मांगों को वास्तविकता बना देंगे? इन मांगों में राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रति दिन करने की बात भी है और इसमें मनरेगा भी है। रमेश के अनुसार, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी अधिनियम हो, जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित सभी असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने और सरकारी कार्यों में रोजगार की ठेकेदारी को रोकने की प्रतिबद्धता होनी चाहिए।

# सीजेआई गवई के कार्यकाल में हुए 11 ओबीसी, 10 एससी जज नियुक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हाईकोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए सरकार को 129 नामों में से 93 नामों को गवई ने दी है मंजूरी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति बीआर गवई के छह महीने के कार्यकाल में देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के 10, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और पिछड़ा वर्ग (बीसी) के 11 जजों की नियुक्ति हुई। न्यायमूर्ति गवई देश के पहले बौद्ध और दूसरे दलित प्रधान न्यायाधीश हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का नेतृत्व किया, जिसने विभिन्न हाईकोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए सरकार को 129 नामों की सिफारिश की, जिनमें से 93 नामों को मंजूरी दी गई। न्यायमूर्ति गवई के कार्यकाल के दौरान पांच न्यायाधीशों-न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली की भी शीर्ष अदालत में नियुक्ति हुई। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 14 मई से लेकर अब तक अपलोड किए गए न्यायाधीशों की नियुक्ति संबंधी विवरण के मुताबिक, जब न्यायमूर्ति गवई भारत के प्रधान न्यायाधीश बने, उसके बाद सरकार की ओर से उच्च न्यायालयों में नियुक्ति के लिए मंजूर किए गए 93 नामों में अल्पसंख्यक समुदायों के 13 न्यायाधीशों और 15 महिला न्यायाधीशों के नाम शामिल थे। विवरण के अनुसार, न्यायमूर्ति गवई के कार्यकाल में जिन न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई, उनमें से पांच पूर्व या सेवारत न्यायाधीशों से संबंधित हैं, जबकि 49 न्यायाधीश बार से नियुक्त किए गए और बाकी सेवा संवर्ग से हैं। न्यायमूर्ति गवई रविवार (23 नवंबर) को पदमुक्त हो जाएंगे। उनके उत्तराधिकारी न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को शपथ लेंगे। भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश गवई ने अपने छह महीने के कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं।

# नौटंकी शैली में रामायण लिखने वाले राधेश्याम कथावाचक



6th वार्षिकोत्सव विशेष फीचर

मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

नौटंकी की शैली में लिखी गई रामायण ऐसी अनोखी कृति थी जिसने राधेश्याम कथावाचक को प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचा दिया, इस कृति का नाम भी उनके नाम पर राधेश्याम रामायण पड़ा। अपने जीवनकाल में राधेश्याम कथावाचक ने न सिर्फ तमाम नाटक लिखे, बल्कि कई फिल्मों की पटकथा लिखने के साथ गीतों की रचना की। हालांकि सबसे ज्यादा ख्याति उन्हें राधेश्याम रामायण से ही मिली। रामलीला के मंचों पर आज भी उनकी गायन शैली का प्रयोग किया जाता है। इस रामायण की विशेषता यह है कि राधेश्याम कथावाचक ने इसमें संवाद और अभिनय पक्ष को भी जोड़ा। इस कारण इसके संवाद मंचों पर की जाने वाली रामलीला में अपनाए गए। इस रामायण के मंचनीय होने के साथ संवाद और गायन गुण भी है। आज घर–घर में राधेश्याम रामायण है।

राधेश्याम कथावाचक का जन्म 25 नवंबर 1890 में शहर के मोहल्ला बिहारीपुर में हुआ था। राधेश्याम कथावाचक पर शोध कर कई किताबें लिखने वाले कृष्णायन कॉलोनी डेलापीर निवासी हरिशंकर शर्मा बताते हैं कि नौटंकी शैली राधेश्याम रामायण की सबसे बड़ी विशेषता है। उदाहरण के तौर पर पंचवटी के प्रसंग में उन्होंने लिखा है– 'मेरी नाक गई सो गई, अब अपनी नाक संभालो तुम, यदि जग में ऊंची नाक नहीं तो नकटा नाम धरा लो तुम', उन्होंने इसी लोक छंद के आधार पर अपनी रामायण की रचना की है, जो आगे चलकर तर्ज राधेश्याम या राधेश्यामी छंद के नाम से प्रसिद्ध हुई। इन छंदों को उनके नाम से जाना गया, जो उनकी बड़ी उपलब्धि थी। हरिशंकर शर्मा कहते हैं, पंडित जी लोक व्यक्ति थे, उस वक्त नौटंकी ( स्वांग), रामलीला, रास, आला गायकी, लोक गीत का चलन था। सबसे ज्यादा उत्तर भारत में आल्हा गाई जाती थी, राधेश्याम रामायण इतनी प्रसिद्ध हुई कि वह सावन के दिनों में गांवों की चौपाल और शहरी इलाकों में गाकर सुनाई जाती थी। हरिशंकर बताते हैं कि पांच साल पहले उनकी मुलाकात जैसलमेर के एक बुजुर्ग सज्जन से हुई थी, वह उन्हें जयपुर में मीरा महोत्सव में मिले थे। उन्होंने पंडित जी से जुड़ा एक वाकया सुनाया। बताया कि पंडित जी यहां कथा सुनाते थे, उनका खेतों में बड़ा सा मंच के रूप में मचान बनता था। पंडितजी ने पूर्व दिशा से रामायण की शुरुआत की थी, उनके चारों ओर श्रोता बैठे थे, उन्होंने रामायण के विभिन्न प्रसंग पूर्व, पश्चिमी और दक्षिण दिशा की ओर अपना आसन करके सुनाए, वहां पर 50 से हजार से ज्यादा श्रोता थे। वहां कोई माइक नहीं था, उन्होंने अपने कंठ से रामायण सुनाई, उनकी आवाज आखिर में बैठे व्यक्ति तक पहुंचती थी। वर्ष 1930 में बरेली के साहूकारा स्थित दाऊ जी मंदिर में वहां के एक संगीतज्ञ नारायण गोस्वामी थे, जिन्होंने राधेश्याम कथावाचक की रामायण को संगीतमय गायन ग्रामोफोन रिकार्ड के लिया किया था। जिसके रिकार्ड एचएमबी व अन्य कंपनियों ने रिकार्ड जारी किए थे।






## नाटकों को राष्ट्रीय भावनाओं से जोड़ा

राधेश्याम का पेशा कथावाचन का था, नाटक उनका शौक था। लोगों के बीच उनके नाटक बेहद लोकप्रिय थे। उनके वीर अभिमन्यु नाटक को सबसे ज्यादा प्रसिद्ध मिली, जिसका देशभर के स्कूल- कॉलेजों, थिएटर, मंचों पर डेढ़ हजार से अधिक बार मंचन किया जा चुका है। आज भी इस नाटक का मंचन होता है। राधेश्याम ने अपने नाटकों को राष्ट्रीय भावनाओं से भी जोड़ा, जिसमें अछूत उद्धार और समाज सुधार की प्रमुखता थी। उन्होंने करीब 14 नाटक लिखे। जिसमें श्रवणकुमार, परिवर्तन, मशरिकी हूर, नारद मोह, महर्षि वाल्मीकि आदि सम्मिलित हैं। जिस समय राधेश्याम ने इस क्षेत्र में कदम रखा, उस समय पारसी रंगमंच का प्रभाव था। उन्होंने भारतीय पौराणिक आख्यानों को लेकर नाटकों की रचना की। नाटकों को नई दिशा दी।




## 25 कथा खंड और आठ भाग में है राधेश्याम रामायण

राधेश्याम रामायण 25 कथा कांड और आठ भाग में है। मोहल्ला बिहारीपुर में वर्ष 1920 में राधेश्याम प्रेस की स्थापना हुई थी। इससे पहले उनकी रामायण आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ और मथुरा से प्रकाशित होती थी। छोटे कथा खंड यहीं से प्रकाशित होते थे। उनका गायन, ढोलक और हारमोनियम पर होता था। वह खुद हारमोनियम बजाते थे। राधेश्याम रामायण संस्कृत और उर्दू मिश्रित खड़ी बोली में है। जिसमें मुहावरे, लोकयुक्तियों का प्रयोग किया गया, जो बहुत सरल है, जिसे लोग आसानी से समझ जाते हैं, जिन्हें उन्हें छंद का अर्थ बताने की जरूरत नहीं पड़ती है। यही वजह है कि यह बहुत जल्दी घर-घर तक पहुंच गई। राधेश्याम के पिता बांकेलाल शर्मा कथावाचक थे, वह भी चाहते थे कि बेटा उन्हीं की तरह कथावाचक बने। राधेश्याम ने 17-18 वर्ष की अवस्था में ही रामायण के कथा खंडों को लिख डाला था।



## राधेश्याम कथावाचक का फिल्मी सफर

राधेश्याम कथावाचक ने 1931 में फिल्म शकुंतला के संवाद और कहानी लिखी थी। श्री सत्यनारायण फिल्म की कहानी के साथ गीतों को भी लिखा। फिल्म झांसी की रानी लक्ष्मीबाई में लिखे उनके गीत को मोहम्मद रफी ने गाया था। उनकी फिल्में काफी सफल रहीं। 26 अगस्त 1963 में उनका देहांत हो गया।

## राधेश्याम पर लिखी किताबें



'सनातन के प्रहरी पं. राधेश्याम कथावाचक' किताब के लेखक हरिशंकर शर्मा कहते हैं कि पंडितजी ने राधेश्याम रामायण को सरल रूप में प्रस्तुत किया। उनके द्वारा संपादित पुस्तक राधेश्याम कथावाचक की डायरी 'अपने समय का सच' महाराष्ट्र विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल है। गुरुकुल कांगड़ी विवि के आर्काइव में उनकी दो किताबें 'रंगायन' और 'राधेश्याम कथा वाचक : सफर एक सदी' है।

### कथावाचक राधेश्याम का हारमोनियम



संगीत और रंगमंच के क्षेत्र में बरेली की एक गहरी और बहुआयामी विरासत है। बरेली की यह कलात्मक पहचान पारंपरिक कला विधाओं और आधुनिक अभिव्यक्तियों के एक अनूठे संगम का प्रमाण है, जो शहर के सांस्कृतिक ताने-बाने को निरंतर समृद्ध कर रही है। इतिहास की गूंज वर्तमान की आवाज़ के साथ मिलकर यहां का संगीत और रंगमंच एक अनूठी और जीवंत सांस्कृतिक पहचान बना रहा है। यह शहर इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे पारंपरिक कला विधाएं आधुनिक अभिव्यक्तियों के साथ मिलकर किसी क्षेत्र की कलात्मक पहचान को न केवल जीवित रखती हैं, बल्कि उसे निरंतर समृद्ध भी करती हैं।

## विंडरमेयर : रंगमंच की सिखा रहा बारीकियां

**शहर** के सिविल लाइंस में स्थापित विंडरमेयर रंगमंच की दिशा में लगातार कुछ न कुछ नया कर रहा है। न सिर्फ लोगों को रंगमंच के करीब ला रहा है बल्कि बरेली की छिपी प्रतिभाओं को निकालने और उन्हें मंच देने का भी काम कर रहा है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रंगमंच के मझे हुए कलाकारों के जरिये नई पौध को अभिनय की बारीकियों से सींचने काम कर रहा है।

विंडरमेयर नाम के ब्लैक बॉक्स थिएटर की स्थापना शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ. बृजेश्वर सिंह ने वर्ष 2013 में की थी। रंग विनायक रंगमंडल समूह का गठन वर्ष 2007 में हुआ था। करीब 12 सालों से बरेली के लोगों को यह थिएटर रंगमंचीय दुनिया से रूबरू करा रहा है। यहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तमाम नाटकों का मंचन हो चुका है और यह क्रम लगातार जारी है। रंगमंच के दिग्गज कलाकार, लेखक, नाटककार मानव कौल, रोहिणी हट्टंगड़ी, कुमुद मिश्रा, अश्वथ भट्ट, मकरंद देशपांडे, कुलभूषण खरबंदा, सुमित व्यास यहां मंचन कर चुके हैं। इस वक्त यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वर्कशॉप चल रही है, जिसमें जर्मन रंगमंच के कलाकार माटेन युवा कलाकारों को रंगमंचीय कौशल सीखाने के साथ उसकी बारीकियां बता रहे हैं। साथ ही मॉर्डन, पोस्ट मॉर्डन और एक्सिस थिएटर के बारे में भी अहम जानकारी दे रहे हैं। एक्सिस थिएटर में कई चीजों के माध्यम से दर्शकों से संवाद किया जाता है।

रंग विनायक रंग मंडल टीम के सदस्य एवं रंगमंच के कलाकार पुराना शहर के सैलानी निवासी दानिश खान बताते हैं कि रंग विनायक रंग मंडल की टीम रामलीला का मंचन करती है। अभी हाल में इस टीम ने अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मंचन किया था। रामलीला में श्रीराम का किरदार निभाने वाले दानिश बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने उनकी टीम के रामलीला मंचन के कुछ अंश पोर्टल पर भी जारी किए थे। वह बताते हैं कि जो कलाकार नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में नहीं जा पाते हैं। विंडरमेयर की कोशिश रहती है, वहां के शिक्षकों के जरिये यहां के युवा कलाकारों को प्रशिक्षित किया जाए। यहां से जुड़े कई लोग टीवी, फिल्म और डायरेक्शन में अपना हुनर दिखा रहे हैं, इनमें कौशल मिश्रा, शिवा, सृष्टि माहेश्वरी, सविता, वर्षा जैसे तमाम नाम हैं। टीम में करीब 18 कलाकार हैं। बताया कि नवरात्र के समय विंडरमेयर में रामलीला का मंचन होता है।





विंडरमेयर को स्थापित करने वाले और दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह को रंगमंच से गहरा लगाव है। यही वजह कि वह डॉक्टरी पेशा के साथ इस विधा सी भी जुड़े हैं। लोगों को भी इससे जोड़कर रखना चाहते हैं। उन्हें रंगमंच–कला–संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। वर्ष 2020 के रंगमंच प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रतिष्ठित यूपीएसएनए (उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऐसे कई प्रदेशों से उन्हें सम्मान मिल चुके हैं।

### मील के पत्थर

## बरेली नाट्य महोत्सव में जुटे थे रंगमंच के दिग्गज



बरेली शहर में रंगमंच को आगे बढ़ाने के लिए अस्तिता फाउंडेशन की ड्रामा ड्रॉप आउट्स विंग भी काम कर रही है। इसके चेयरमैन एवं रंगमंच कलाकार कैंट स्टेशन रोड निवासी राजू सिंह चौहान बताते हैं कि दो जनवरी वर्ष 2025 में इस संगठन का गठन किया गया। जो किसी कारण कलाकार रंगमंच से छूट गए हैं, उन्हें जोड़ने का भी काम ड्रामा ड्रॉप आउट्स विंग कर रहा है। हम सभी कलाकारों का काम थियेटर को आगे बढ़ाना है। वर्तमान में इस संगठन से 35 कलाकार जुड़े हैं। संस्था की ओर से अर्बन हॉट स्थित प्रभावे में एक से सात सितंबर तक बरेली नाट्सय महोत्सव का आयोजन हुआ था। जिसमें रंगमंच के दिग्गज कलाकार जुटे थे। इसमें मेटा-पंचलाट समेत कई नाटकों का मंचन हुआ था। बड़ी संख्या में दर्शकों ने पहुंचकर कलाकारों के अभिनय को सराहा था। गोरखपुर, दिल्ली के श्रीराम सेंटर आदि स्थानों से रंगमंच के कलाकारों की टीमें आई थीं। इससे पहले मोहन राकेश के नाटक आषढ़ का एक दिन का मंचन हुआ था। अभिनेता सौरभ शुक्ला ने नाटक बर्फ का मंचन किया था। राजू बताते हैं कि दिसंबर में भी पांच नाटकों का मंचन किया जाएगा। बरेली नाट्य महोत्सव भी हर साल होगा।



चेयरमैन एवं रंगमंच कलाकार राजू सिंह चौहान

## कला-संस्कृति की विरासत को संजो रहा रिद्धिमा



एसआरएमएस ट्रस्ट ने 8 फरवरी 2021 को अपने प्रेरणा स्रोत स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय राम मूर्ति के 111वें जन्मदिन पर रिद्धिमा ए सेंटर आफ परफार्मिंग एंड फाइन आटर्स को म्यूजिक संस्थान के रूप में स्थापित किया था। कथक गुरु जितेंद्र महाराज, शायर वसीम बरेलवी और शब्बू मियां की मौजूदगी में इसका लोकार्पण हुआ था। हाजियापुर स्थित रिद्धिमा में गायन, वादन, फाइन आर्ट्स, कथक, भरतनाट्यम और अभिनय की शिक्षा दी जा रही है। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने सांस्कृतिक धरोहर और कला को संरक्षण देने का जो संकल्प लिया। इसी का नतीजा रहा कि स्थापना से ही रिद्धिमा ने संगीत और थिएटर प्रेमियों पर अपना जादू बिखेरना शुरू कर दिया था। रिद्धिमा ने कला को सहेजने का काम तो किया ही कलाकारों को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच भी समर्पित किया। यही वजह रही कि यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन अनवरत रूप से जारी है। प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। यहां पर थिएटर प्रेमियों के लिए वर्ष 2021 में मार्च में जिंदगी डॉट काम से नाटक के मंचन का आगाज हुआ। इसके बाद नाटकों के मंचन का सिलसिला प्रति सप्ताह पहुंच गया। यहां पर पं.राधेश्याम कथावाचक के चर्चित नाटक वीर अभिमन्यु, अंधायुग, पोस्टर, प्रमोशन, अकबर द ग्रेट ने गुदगुदाया, दयाशंकर की डायरी, गालिब इन न्यू दिल्ली, अर्जुन प्रतिज्ञा, अंधायुग, पैगाम ए खुसरो, त्रिशंकु, टुकड़े टुकड़े धूप, वरदान, मैं पापिन क्यों, चाचा छक्कन इन एक्शन जैसे 150 से ज्यादा नाटकों का मंचन किया जा चुका है। स्थापना वर्ष से ही रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सप्ताह में सात प्रसिद्ध नाटकों का मंचन होता है। इसके साथ ही फाग महोत्सव, सूफियाना कव्वाली, बज्म ए सुखन और साहित्य सरिता कार्यक्रम से रिद्धिमा के श्रोताओं को बरेली और आसपास के नवोदित शायरों और कवियों से रूबरू होने का मौका दिया जा रहा है। चित्रकला के प्रति विद्यार्थियों का रुझान बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए रिद्धिमा में वार्षिक राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित होती हैं। इसके साथ ही नृत्य कला, फोटोग्राफी और थिएटर टेक्निक्स के लिए भी वर्कशाप का आयोजन अनवरत किया जाता है।

## दुर्लभ वाद्य यंत्रों की विरासत



श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम स्थापित किया गया है, जिसमें दुर्लभ वाद्ययंत्रों को संरक्षित करने की पहल की गई है। इसमें दो सौ से ज्यादा दुर्लभ वाद्य यंत्रों को देश के कोने कोने से लाकर यहां रखा गया। यह देश का ऐसा अनोखा इकलौता इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम है, जहां पर इतनी बड़ी संख्या में वाद्ययंत्रों एक साथ संरक्षित किया गया है। संगीत प्रेमियों और युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली संगीत इतिहास के इन दुर्लभ वाद्य यंत्रों से परिचित कराने और सहेजने के लिए ही यहां संग्रहालय बनाया गया। वर्ष 2021 में तीन सितंबर को एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने वाद्य यंत्र संग्रहालय का शुभारंभ किया था। आदित्य मूर्ति के अनुसार हमारे हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की विश्व भर में धूम है। सभी देशों में हमारे वाद्य यंत्रों को सराहा जाता है। ट्रस्ट के चेयरमैन एवं पिता देव मूर्ति ने इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया और रिद्धिमा में इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम स्थापित किया। यहां जोगी सारंगी, रावण हत्था, गुलगुबा, अलगोजा, एकतारा जैसे फोक वाद्ययंत्र के साथ ही विचित्र वीणा, रुद्र वीणा, सरस्वती वीणा, मयूरी वीणा, सुरबहार, दिलरुबा, पखावज, मृदंग, गोपीचंद, कश्मीरी सारंगी, संतूर, सारिंदा जैसे शास्त्रीय वाद्ययंत्र भी रखे गए हैं।

प्रस्तुति : रामराज मिश्रा



यह टेस्ट क्रिकेट का एक अच्छा दिन था, जिसमें बल्लेबाज को फोकस करके रन बनाने थे, जबकि गेंदबाज को विकेट के लिए उतनी ही मेहनत करनी पड़ी। इंडिया और साउथ अफ्रीका दोनों ने बहुत अच्छा अनुशासन दिखाया। भारत थोड़ा खुश हो सकता है, क्योंकि उसने वापसी की।

-अनिल कुंबले

स्टेडियम

अयोध्या, रविवार 23 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

# कुलदीप ने कराई भारत की वापसी

## दूसरा टेस्ट मैच : अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज

**गुवाहाटी, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए और भारत ने कुलदीप यादव की अगुवाई में आखिरी सत्र में चार विकेट लेकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शनिवार को यहां अच्छी वापसी की। भारत ने पहले दो सत्र में एक-एक विकेट लिया लेकिन तीसरे सत्र में वापसी करके उसने पहले दिन दोनों टीम का पलड़ा बराबरी पर रखा।

खराब रोशनी के कारण जब 81.5 ओवर में दिन का खेल समाप्त किया गया तब दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 247 रन बनाए थे। पिच से अभी बहुत अधिक टर्न नहीं मिल रहा है, लेकिन भारत ने दिन में जो छह विकेट हासिल किए उनमें से चार विकेट स्पिनर ने लिए। कोलकाता में पहले टेस्ट मैच में स्पिनरों के सामने नतमस्तक होने वाले भारतीय बल्लेबाजों के लिए इसे अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। इस पर भी गौर करना होगा कि दक्षिण अफ्रीका इस मैच में तीन विशेषज्ञ स्पिनरों के साथ उतरा है। भारत की तरफ से बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप ने 48 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा को एक-एक विकेट मिला है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के दोनों सलामी बल्लेबाजों को तीन गेंद के अंदर पवेलियन की राह दिखा दी थी। बुमराह ने सुबह के सत्र के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर एडेन मार्करम (38) को बोल्ड किया। कुलदीप ने दूसरे सत्र के शुरू में ही दूसरे सलामी बल्लेबाज रियान रेकेलटन (35) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका के खेमे में खलबली मचा दी थी। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी करके अपने कप्तान के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले को सही साबित किया था।



**03 विकेट**

वियान मुल्डर का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कुलदीप यादव हुए। एजेंसी

इसके बाद तेम्बा बावुमा (41) और ट्रिस्टन स्टब्स (49) भी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। बुमराह को मार्करम का विकेट पहले ही मिल जाता लेकिन केएल राहुल ने स्लिप में उनका आसान कैच छोड़ दिया था। मार्करम तब छह रन पर खेल रहे थे। बुमराह ने हालांकि उन्हें इसका ज्यादा फायदा नहीं उठाने दिया। उनकी फुल लेंथ गेंद पर मार्करम ने ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद ने उनकी गिल्लियां बिखेर दी। रिकेलटन ने विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच दिया। बावुमा और स्टब्स ने धैर्य से काम लिया और दूसरे सत्र में अपनी टीम को कोई और झटका नहीं लगने दिया। स्टब्स को लय हासिल करने में कुछ समय लगा लेकिन इसके बाद उन्होंने आत्मविश्वास से भरे शॉट खेले। उन्होंने कुलदीप और जडेजा पर छक्के भी लगाए। भारतीय गेंदबाज हालांकि तीसरे सत्र के शुरू में ही इन दोनों की एकाग्रता भंग करने में सफल रहे। बावुमा ने जडेजा की गेंद मिड ऑफ के ऊपर से खेलने का प्रयास किया लेकिन यशस्वी जायसवाल ने डाइव लगाकर उसे खूबसूरत कैच में बदल दिया। कुलदीप ने स्टब्स को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया जिन्होंने फ्लाइट लेकर गेंद पर स्लिप में राहुल को कैच थमाया। वियान मुल्डर (13) ने कुलदीप की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर जायसवाल को कैच देकर अपना विकेट इनाम में दिया। पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी कर रहे एसीए स्टेडियम में भारत ने 81 ओवर के बाद नई गेंद ली। सिराज की पहली गेंद ही टोनी डि जॉर्जी (28) के बल्ले को चूमती हुई विकेट के पीछे चली गई जहां पंत ने बड़ी खूबसूरती से उसे कैच में बदल दिया। इस ओवर की पांचवीं गेंद के बाद अंपायरों ने दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया। उस समय सेनुरन मुथुसामी 25 और काइल वेरिन एक रन पर खेल रहे थे। भारत के नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन में चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल पा रहे हैं और इसलिए पंत को कप्तानी सौंपी गई है। वह भारत के 38वें टेस्ट कप्तान हैं। भारत ने अपनी अंतिम एकादश में दो बदलाव किए। गिल के स्थान पर साई सुदर्शन और अक्षर पटेल की जगह नीतीश कुमार रेड्डी को टीम में लिया गया है।

### दक्षिण अफ्रीका

**247/6** (पहली पारी) (81.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो बुमराह | 38 |
| रेयान रिकलटन का पंत बो कुलदीप | 35 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का राहुल बो कुलदीप | 49 |
| बावुमा का जायसवाल बो जडेजा | 41 |
| टोनी डि जॉर्जी का पंत बो सिराज | 28 |
| मुल्डर का जायसवाल बो कुलदीप | 13 |
| सेनुरन मुथुसामी नाबाद | 25 |
| काइल वेरेने नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी** : बुमराह 17-6-38-1, सिराज 17.5-3-59-1, रेड्डी 4-0-21-0, सुंदर 14-3-36-0, कुलदीप 17-3-48-3, जडेजा 12-1-30-1



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड। एजेंसी

## पर्थ टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे ही दिन इंग्लैंड को दी शिकस्त

**पर्थ, (एपी), एजेंसी** । ट्रेविस हेड (123) के शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में दूसरे दिन इंग्लैंड को आठ विकेट से शिकस्त दी। जीत के लिए 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हेड ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 83 गेंद में 16 चौके और चार छक्के की मदद से 123 रन बनाए। उनके अलावा मार्नस लाबुशेन ने 51 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। इंग्लैंड की दूसरी पारी सुबह 164 रन पर सिमट गई जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 205 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे जिन्होंने मैच में कुल 10 विकेट झटके। इंग्लैंड ने पहली पारी में 172 और ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 132 रन बनाए थे।

| संक्षिप्त स्कोर बोर्ड | |
|---|---|
| इंग्लैंड (पहली पारी) | 172/10 |
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 132/10 |
| इंग्लैंड (दूसरी पारी) | 164/10 |
| ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी) | 205/2 |

## दिन की सबसे अच्छी गेंद पर आउट हुआ : स्टब्स

**गुवाहाटी :** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को जरा भी अंदाजा नहीं था कि भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव के नए स्पैल की पहली गेंद ही दिन की उनकी सबसे अच्छी गेंद होगी जिस पर वह अपना विकेट गंवा देंगे। दक्षिण अफ्रीका के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि दिल्ली कैपिटल्स टीम के अपने साथी कुलदीप का नेट पर कई बार सामना करने के बावजूद वह उनकी गेंदों के खिलाफ असहज रहे। स्टब्स ने कुलदीप की गेंदों पर दो छक्के लगाए और अर्धशतक से महज एक रन दूर थे जब इस स्पिनर की गेंद ने उनकी पारी खत्म कर दी। दिन का खेल खत्म होने पर 113 गेंद में 49 रन की पारी खेलने वाले स्टब्स ने कहा मैंने कई बार उनका सामना किया है। यह उनके नए स्पैल की पहली गेंद थी और मुझे लगता है कि यह उनकी अब तक की सबसे अच्छी गेंद है।

## गर्व महसूस हो रहा है : हिमंत

**गुवाहाटी** : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी के भारत के 30वें टेस्ट स्थल बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैच की श्रृंखला का दूसरा एवं अंतिम टेस्ट मैच यहां खेला जा रहा है। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा गुवाहाटी ने इतिहास रच दिया है! एसीए स्टेडियम को भारत का 30वां टेस्ट स्थल बनते देख गर्व हो रहा है।

## भारत को अपने प्रदर्शन से खुश होना चाहिए : कुंबले

**गुवाहाटी।** पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन अपने प्रदर्शन से खुश होना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट के पहले दिन 247/6 पर खत्म किया, जिसमें भारत ने शानदार बॉलिंग की। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने कहा मुझे खुशी है कि लंच के बाद भारतीय बॉलर्स ने लगातार दबाव बनाया, जिससे जल्दी विकेट गिरे, जिससे सेशन में छह विकेट लेना एक असली लक्ष्य बन गया। इस तरह की चैलेंजिंग पिच पर रन बनाना आसान नहीं रहा है, और भारत ने कोई भी ढीली गेंद नहीं फेंकी। इस डिसिप्लिन्ड बॉलिंग ने भारत को वे विकेट लेने का असली मौका दिया। कुल मिलाकर, भारत आज अपने परफॉर्मेंस से काफी खुश होना चाहिए।

## माहित संधू ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली** । भारत की माहित संधू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता जो उनका चौथा पदक है। माहित ने 45 शॉट के बाद कुल 456.0 अंक हासिल कर बधिर ओलंपिक खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की डैन जियोंग ने 453.5 अंक के साथ रजत और हंगरी की मीरा ज़ुज़ाना बियातोव्स्की ने 438.6 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। माहित ने फाइनल तक पहुंचने के दौरान बधिर खेलों का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाए और शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

## गर्दन की चोट के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं गिल

**गुवाहाटी, एजेंसी**

शुभमन गिल गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की आगामी वनडे श्रृंखला से भी बाहर रहेंगे।

बीसीसीआई के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल के नाम पर कप्तानी के लिए विचार किया जा सकता है जबकि सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा भी टीम में हैं। बीसीसीआई के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार गिल की चोट सिर्फ गर्दन की ऐंठन नहीं है। उन्हें आराम की जरूरत होगी और भारतीय टीम प्रबंधन उनकी वापसी के लिये हड़बड़ी नहीं करेगा। गिल को कोलकाता में पहले टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान गर्दन में ऐंठन का सामना करना पड़ा था। वह चोट के कारण गुवाहाटी टेस्ट नहीं खेल सके हैं। वह इस समय मुंबई में हैं जहां उनके एमआरआई समेत बाकी टेस्ट हो रहे हैं। सूत्र ने कहा यह देखने के लिये टेस्ट किए जा रहे हैं कि मांसपेशी में चोट है या टिश्यू में चोट लगी है। अभी तक तो चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 खेल सकेंगे।

कप्तानी के लिए पंत प्रबल दावेदार हैं जो दूसरे टेस्ट में भी कप्तानी कर रहे हैं। पिछले एक साल में हालांकि उन्होंने एक ही वनडे खेला है। रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी का आगाज कर सकते हैं। अभिषेक शर्मा रिजर्व सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं । हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। वहीं चोट से जूझ रहे हार्दिक पंड्या अगले साल विश्व कप तक सिर्फ टी20 खेलेंगे। कुलदीप यादव निजी कारणों से ब्रेक ले सकते हैं।

